CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम: 08°C

मुरादाबाद, शुक्रवार 12 दिसम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 118 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com पौष कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 20 जमादिउल उखरा1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



लोकतंत्र के मंदिर संसद में धुम्रपान करना संविधान का अपमानः शहजाद पूनावाला पेज 2



रोहित-कोहली का ए+ ग्रेड खतरे में, गिल का प्रमोशन संभव खेल टाइम्स



कोशिकाओं की सुरक्षा प्रणाली के लिए घातक है जीका वायरस सम्पादकीय



नौ करोड़ में मिलेगी अमेरिकी नागरिकता, ट्रम्प गोल्ड कार्ड आज से लागू पेज 12

# बहराइच हिंसा के दोषी सरफराज को फांसी की सजा



दोषियों को अदालत ले जाती पुलिस।

- नौ को उम्रकैद, मूर्ति विसर्जन के दौरान भड़की सांप्रदायिक हिंसा में राम गोपाल मिश्रा की हुई थी हत्या

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में 13 अक्टूबर 2024 को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान भड़की सांप्रदायिक हिंसा में मारे गए 22 वर्षीय राम गोपाल मिश्रा की हत्या मामले में अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने गुरुवार को दोषियों को सजा सुनाई।

बहराइच कोर्ट ने राम गोपाल की हत्या के आरोपी सरफराज को फांसी की सजा सुनाई है। वहीं 9 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। बता दें कि कोर्ट ने 9 दिसम्बर को 13 आरोपियों में से 10 को दोषी ठहराया था, जबकि तीन को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया था। दोषी ठहराए गए आरोपी अब्दुल हमीद, उसके बेटे फहीम, सरफराज, तालिब, सैफ, जावेद, जीशान, ननकऊ, शोएब और मारुफ हैं। इनमें से सरफराज को फांसी की सजा मिली है। शासकीय अधिवक्ता प्रमोद सिंह ने बताया कि महज 13 महीने 26 दिन में ट्रायल पूरा होकर फैसला आया, जो तेज न्याय का उदाहरण है। घटना महसी थाना क्षेत्र के महराजगंज में हुई थी, जहां डीजे पर बजते गाने को लेकर विवाद शुरू हुआ। पथराव और फायरिंग में राम गोपाल मिश्रा को गोली लगी और उनकी मौत हो गई। पुलिस ने 11 जनवरी 2025 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की, 18 फरवरी को दोषियों पर आरोप तय हुए। 12 गवाहों की गवाही के बाद 21 नवम्बर को फैसला सुरक्षित रखा लिया गया। आरोपियों पर बीएनएस की धारा 103(2) (मॉब लिंचिंग में हत्या) लगी है, जिसमें फांसी या आजीवन कारावास का प्रावधान है। अन्य धाराएं 191(2), 191(3), 190, 109(2), 249, 61(2) और आर्म्स एक्ट की धारा 30 हैं, जिनमें 2 से 5 वर्ष तक की सजा या मौत की सजा तक हो सकती है। 9 दिसम्बर को जब कोर्ट ने तीन आरोपियों को बरी कर दिया था, तब राम गोपाल मिश्रा की पत्नी रोली मिश्रा ने कहा था कि मेरे पति के हत्यारों को फांसी दो, तभी न्याय मिलेगा। बरी किए गए तीन भी दोषी हैं, उन्हें भी सजा मिलनी चाहिए। परिवार ने सभी दोषियों को मौत की सजा की मांग की है। बरी हुए खुर्शीद, शकील और अफजल हैं। मामले में रासुका भी लगाई गई थी। प्रशासन ने इलाके में भारी फोर्स तैनात की है, ताकि सांप्रदायिक सद्भाव बना रहे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पहले ही सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया था।

# दिल्ली दंगा: उमर खालिद को बड़ी राहत

## बहन की शादी के लिए मिली अंतरिम जमानत

शाह टाइम्स ब्यूरो



- कोर्ट ने जमानत देते हुए कुछ शर्तें भी तय की

**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगा केस में आरोपी और जेएनयू के छात्र रहे उमर खालिद को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने उमर को बहन की शादी में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत दी है। ये जमानत 16 से 29 दिसम्बर तक के लिए मिली है। कोर्ट ने जमानत देते हुए कुछ शर्तें भी तय की हैं।

कोर्ट ने कहा कि इस दौरान उमर सोशल मीडिया का इस्तेमाल नहीं करेंगे। सिर्फ अपने परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और दोस्तों से मिलेंगे। जमानत देते हुए अदालत ने कहा कि इस बात को ध्यान में रखते हुए कि शादी याचिकाकर्ता की सगी बहन की है, इसलिए याचिका मंजूर की जाती है। याचिकाकर्ता को 16 दिसम्बर से 29 दिसम्बर तक 20 हजार रुपये के पर्सनल बॉन्ड और इतनी ही रकम के दो जमानतदारों के साथ कुछ शर्तों पर अंतरिम जमानत दी जाती है। कोर्ट ने कहा कि जमानत के दौरान उमर अपने घर पर या उन जगहों पर रहेगा, जहां शादी की रस्में होंगी। बता दें कि उमर खालिद ने 14 दिसम्बर से 29 दिसम्बर तक जमानत मांगी थी। उसकी बहन की शादी 27 दिसम्बर को है। उमर को सितम्बर 2020 में अरेस्ट किया गया था। उस पर आपराधिक साजिश, दंगा, गैरकानूनी सभा साथ ही गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत कई अन्य अपराधों का आरोप लगाया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### लखीमपुर हिंसा केस में आशीष मिश्रा को राहत

**नई दिल्ली।** लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को मुख्य आरोपी और पूर्व केंद्रीय मंत्री के बेटे आशीष मिश्रा को 25 से 31 दिसम्बर तक अपने पैतृक आवास लखीमपुर जाने की अनुमति दे दी। कोर्ट ने उनकी जमानत की शर्तों में सीमित राहत देते हुए यह आदेश जारी किया। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से दाखिल अद्यतन स्थिति रिपोर्ट का उल्लेख किया, जिसके अनुसार मुख्य ट्रायल में 36 गवाहों के बयान दर्ज हो चुके हैं, जबकि 85 गवाह अभी बाकी हैं। इसमें बताया गया कि 10 गवाहों को छूट भी दी गई है।

### भारत की समुद्री सीमा में घुसी पाकिस्तानी नाव

**अहमदाबाद।** भारत की जल सीमा के अंदर घुसने वाली एक पाकिस्तानी नाव को तटरक्षक बल ने गुरुवार को जब्त कर लिया। इस नाव में सवार 11 सदस्यों को भी गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने भारतीय जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में एक पाकिस्तानी नाव को जब्त कर लिया है और उसके चालक दल के 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों को आगे की जांच के लिए गुजरात की जाखौ मरीन पुलिस को सौंप दिया गया है।

### उत्तराखंड में झरने जमे, केदारनाथ व बद्रीनाथ का तापमान -13 डिग्री से नीचे

**नई दिल्ली।** पहाड़ी राज्यों की बर्फबारी और हिमालयी क्षेत्र में वेस्टर्न डिस्टरबेंस बनने से मैदानी इलाकों में सर्दी बढ़ी है। पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में झरने जमने लगे हैं। चमोली-पिथौरागढ़ में पाइपलाइन में पानी जम गया। केदारनाथ में तापमान -15 डिग्री सेल्सियस, बद्रीनाथ में -13 डिग्री सेल्सियस चला गया। मध्य प्रदेश में पारा 3डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा है। मौसम विभाग के मुताबिक वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर 13 दिसम्बर से दिखना शुरू होगा इससे और तेजी से तापमान गिरेगा। राजस्थान में भी पारा गिरने लगा है। राज्य के 20 से ज्यादा जिलों में मिनिमम टेम्परेचर 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया गया।

# यूपी सहित छह राज्यों में बढ़ाई गई एसआईआर की समयसीमा

## मप्र-छत्तीसगढ़ में 18, उप्र में 26 दिसम्बर तक फार्म भर सकेंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो



- पहले 11 दिसम्बर थी लास्ट डेट
- यूपी संशोधित मतदाता सूची का मसौदा 31 दिसम्बर को किया जाएगा प्रकाशित

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने उप्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात और तमिलनाडु तथा केंद्र शासित प्रदेश अंडमान निकोबार की मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्यक्रम में गुरुवार को संशोधन की घोषणा की। आयोग ने इन पांच राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश अंडमान निकोबार के मुख्य चुनाव अधिकारियों के अनुरोध पर वहां मतगणना प्रपत्र जमा कराने और संशोधित मतदाता सूची के मसौदों के प्रकाशन की तिथियां बढ़ा दी हैं।

आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार, उत्तर प्रदेश में मतगणना प्रपत्र जमा करने की तिथि 11 दिसम्बर से बढ़ाकर 26 दिसम्बर कर दी गई है और राज्य की संशोधित मतदाता सूची का मसौदा 31 दिसम्बर को प्रकाशित किया जाएगा। इसी तरह मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ और केंद्र शासित प्रदेश अंडमान में मतगणना प्रपत्र जमा कराने की तिथि 18 दिसम्बर और संशोधित मतदाता सूची के मसौदे के प्रकाशन की तिथि 23 दिसम्बर कर दी गई है। गुजरात और तमिलनाडु में मतगणना प्रपत्र को जमा करने की अंतिम तारीख 14 दिसम्बर कर दी गई है और इन दोनों राज्यों की संशोधित सूची का मसौदा 19 दिसम्बर को जारी किया जाएगा। इससे पहले के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, इन सभी जगहों पर मतगणना प्रपत्र जमा करने की तिथि गुरुवार को ही समाप्त हो रही थी, जबकि इनमें संशोधित सूची का मसौदा 16 दिसम्बर को प्रकाशित किया जाना था। आयोग ने इससे पहले केरल में मतगणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि संशोधित कर 18 दिसम्बर कर दी थी और वहां संशोधित सूची का मसौदा 23 दिसम्बर को आयोग ने कहा है कि यह फैसला यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया है कि नई सूची में किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम नहीं छुटे।

### संजीव भट्ट की 20 साल की सजा को निलंबित करने से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट को 1996 के मादक पदार्थ प्लांट करने के मामले में दी गई 20 साल की सजा को निलंबित करने से इन्कार कर दिया। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने गुरुवार को भट्ट की याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया, जिससे 2024 में गुजरात की एक अदालत द्वारा एनडीपीएस अधिनियम एवं भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के विभिन्न प्रावधानों के अंतर्गत दी गई सजा बरकरार रही। सुनवाई के दौरान, भट्ट की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि पूर्व आईपीएस अधिकारी पहले ही सात वर्षों से अधिक समय जेल में गुजार चुके हैं और वह गैर-व्यावसायिक मात्रा में मादक पदार्थों का दोषी ठहराए गए थे। याचिका का विरोध करते हुए, राज्य की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने कहा कि यह स्पष्ट रूप से साजिश का मामला है और कहा कि एक साजिश रची गई थी।

# सुप्रीम कोर्ट ने प्रज्वल रेवन्ना की याचिका ठुकराई

शाह टाइम्स ब्यूरो

- बलात्कार मामलों की सुनवाई, याचिका किसी अन्य अदालत में भेजने से इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पूर्व जेडी(एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने दो लंबित बलात्कार मामलों की सुनवाई बेंगलुरु की 81वीं अतिरिक्त सिटी सिविल एवं सेशंस कोर्ट से किसी अन्य अदालत में स्थानांतरित करने की मांग की थी।

रेवन्ना ने दलील दी थी कि मौजूदा ट्रायल जज पहले ही उन्हें एक अन्य बलात्कार मामले में दोषी ठहरा चुके हैं, इसलिए उनके निष्पक्ष ट्रायल की संभावना कम है। हालांकि, सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि जज की टिप्पणियां रिकॉर्ड और कर्नाटक हाईकोर्ट के अवलोकनों के आधार पर थीं और इन्हें पक्षपात का आधार नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि ट्रायल जज पुराने फैसले से प्रभावित हुए बिना वर्तमान मामलों का निर्णय सबूतों के आधार पर करेंगे। मामला रेवन्ना के खिलाफ दायर गंभीर आरोपों से जुड़ा है, जिनमें दोहराया गया बलात्कार, छेड़छाड़, धमकी, सबूत नष्ट करना और आईटी एक्ट के तहत गोपनीयता उल्लंघन शामिल हैं। आरोप तब सामने आए जब करीब 2,900 कथित आपत्तिजनक वीडियो ऑनलाइन प्रसारित हुए थे। रेवन्ना को इसी साल अगस्त में एक मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी और वे वर्तमान में बेंगलुरु की केंद्रीय जेल में बंद हैं। सुनवाई के दौरान उनके वकीलों ने ट्रायल जज की टिप्पणियों को हटाने की मांग की, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसे भी ठुकरा दिया और कहा कि इस तरह के आरोप न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने जैसे हैं।

# फरार लूथरा भाई हिरासत में

### गोवा आग त्रासदी

- रोहिणी कोर्ट ने खारिज की अग्रिम जमानत की याचिका

**नई दिल्ली।** गोवा नाइट क्लब आग हादसे के कुछ ही घंटों बाद भारत से फरार हुए नाइट क्लब के मालिक गौरव और सौरभ लूथरा को थाईलैंड के फुकेट में हिरासत में ले लिया गया है, जिन्हें दिल्ली की रोहिणी कोर्ट ने गोवा के 'बिर्च बाय रोमियो लेन' अग्निकांड मामले में आरोपी गौरव और सौरभ लूथरा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी कर फैसला सुना दिया है। अदालत ने अग्रिम जमानत की याचिका खारिज कर दी है। यह मामला गोवा के एक रेस्तरां में आग लगने के बाद दर्ज एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें लूथरा भाइयों पर लापरवाही के आरोप हैं।

अदालत में दोनों पक्षों ने अपनी दलीलें रखीं। पुलिस का कहना है कि लूथरा भाइयों ने जांच में सहयोग नहीं किया, जबकि बचाव पक्ष ने गिरफ्तारी पर रोक की मांग करते हुए कहा कि मामला गैर-हत्यात्मक बताया, बचाव पक्ष की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने जमानत की याचिका खारिज कर दी। लूथरा भाइयों के वकील तनवीर अहमद मीर ने कहा था कि एफआईआर के अनुसार घटना लापरवाही का मामला है, कोई हत्या नहीं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाहों के कारण परिवार को खतरा है और बिना नोटिस दो रेस्तरां तोड़े गए।

### सेना पर टिप्पणी मामले में आजम खां बरी

**रामपुर- शाह टाइम्स ब्यूरो।** पूर्व मंत्री आजम खां को कोर्ट से गुरुवार को बड़ी राहत मिली है। उनके सेना के जवानों पर दिए गए बयान मामले रामपुर कोर्ट ने बरी कर दिया है। फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने कहा कि मामले में पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए जा सके हैं। यह मामला साल 2017 के चुनाव के दौरान का है। कोर्ट में उनकी पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कराई गई। आजम खां पर यह मुकदमा बीजेपी विधायक आकाश सक्सेना द्वारा 30 जून 2017 को सिविल लाइंस कोतवाली में दर्ज कराया गया था। आरोप था कि आजम खां ने सेना के खिलाफ विवादित बयान दिया था, जिससे उनकी छवि और मनोबल को ठेस पहुंचती है। लगभग 8 वर्ष तक चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने साक्ष्यों, गवाहों और तथ्यों पर विचार करने के बाद आजम खां को आरोपों से मुक्त कर दिया।

# अरुणाचल में ट्रक खाई में गिरा, 21 की मौत



- जिंदा बचा एक मजदूर दो दिनों तक पैदल चलकर आर्मी कैंप पहुंचा, तब हादसे की जानकारी मिली

**हयुलियांग (अरुणाचल प्रदेश)।** अरुणाचल प्रदेश के अनजा जिले के हयुलियांग इलाके में एक ट्रक 1000 फीट गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में ड्राइवर और क्लीनर समेत 21 की मौत हो गई। बचाव दल को 18 शव मिल चुके हैं। यह हादसा 8 दिसम्बर का है। जानकारी गुरुवार को सामने आई।

दरअसल हादसे में एक व्यक्ति जीवित बचा था, जो दो दिन तक पैदल चलकर किसी तरह आर्मी कैंप तक पहुंचा। इसके बाद गुरुवार सुबह आर्मी के बचाव दल की टीमें मौके पर पहुंची। टीम को घटनास्थल पर पहुंचने में 10 से ज्यादा घंटे लगे। हादसे में घायल व्यक्ति खाई से मुश्किल से बाहर निकला और हयुलियांग- चगलगाम रोड पर पहुंचा। दो दिन तक पैदल चलकर दिसम्बर की रात चिपरा जीआरईएफ कैंप तक पहुंचा। यहां उसने जवानों को हादसे की जानकारी दी। इसके बाद गुरुवार सुबह आर्मी ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। हादसे वाली जगह चगलगाम से लगभग 12 किमी आगे पहाड़ी और घने जंगल वाला इलाका है। यहां बहुत कम ही आवाजाही होती है। आर्मी की रेस्क्यू टीमें रस्सी से खाई में उतरीं और करीब 4 घंटें की मशक्कत के बाद ट्रक तक पहुंची।

# राहुल गांधी ने सीईसी की नियुक्ति पर उठाए सवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो



- पूछा-एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदाय से कितने उम्मीदवार
- पीएम व शाह के साथ बैठक में असहमति जताई

**नई दिल्ली।** चीफ इन्फॉर्मेशन कमिश्नर (सीईसी) और 8 इन्फॉर्मेशन कमिश्नर्स की नियुक्ति के लिए चयनित उम्मीदवारों की जातियों पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने असहमति जताई।

इनकी नियुक्ति को लेकर बुधवार को पीएम मोदी, राहुल और अमित शाह के बीच प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में डेढ़ घंटे मीटिंग हुई। राहुल गांधी ने कुछ हफ्ते पहले सरकार से आवेदकों और चुने गए उम्मीदवारों की जाति की जानकारी मांगी थी। बैठक के पहले सरकार ने नेता प्रतिपक्ष से इसकी जानकारी साझा की। इस पर राहुल ने कहा कि चयनित उम्मीदवारों में अनुसूचित जाति/जनजाति, ओबीसी, ईबीसी और अल्पसंख्यक समुदायों के नाम शामिल नहीं हैं। सूत्रों के मुताबिक, आवेदकों की लिस्ट में सिर्फ 7 फीसदी लोग पिछड़े समुदाय से थे। वहीं, चयनित उम्मीदवारों में सिर्फ एक नाम पिछड़े समुदाय से था। राहुल गांधी ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई और सभी नियुक्तियों के मानदंडों पर सवाल उठाए। उन्होंने लिखित में अपना असहमति पत्र सौंपा और चयनित उम्मीदवारों से जुड़ी और जानकारी मांगी। केन्द्रीय सूचना आयोग एक वैधानिक संस्था है। यह सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत नागरिकों को सरकारी जानकारी दिलाने में मदद करती है। आयोग में एक चीफ इन्फॉर्मेशन कमिश्नर और अधिकतम 10 इन्फॉर्मेशन कमिश्नर्स होते हैं। सीईसी और 10 इन्फॉर्मेशन कमिश्नर्स की नियुक्ति तीन सदस्यीय समिति करती है। प्रधानमंत्री इसके अध्यक्ष होते हैं।

# इंडिगो मुआवजे में 10 हजार का ट्रैवल वाउचर देगा

- 3-5 दिसम्बर के बीच ज्यादा परेशान पैसेंजर्स को मिलेगा

**नई दिल्ली।** एयरलाइन कंपनी इंडिगो फ्लाइट कैंसिल से प्रभावित यात्रियों को रिफंड के अलावा मुआवजे में ट्रैवल वाउचर भी देगी। कंपनी ने गुरुवार को बताया कि 3-5 दिसम्बर के बीच फ्लाइट कैंसिल से ज्यादा परेशान हुए पैसेंजर्स को 10000 का ट्रैवल वाउचर मिलेगा।

हालांकि इंडिगो ने यह साफ नहीं किया है कि ज्यादा परेशान का मतलब क्या है और किन यात्रियों को यह मुआवजा मिलेगा। एयरलाइन ने बताया कि ट्रैवल वाउचर अगले 12 महीने तक किसी भी इंडिगो फ्लाइट की बुकिंग के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा। कंपनी के अनुसार यह मुआवजा उन 5000-10,000 रुपये के अलावा होगा, जो फ्लाइट उड़ाने के 24 घंटे के अंदर कैंसिल होने पर मिलता है।

## संक्षिप्त समाचार

### भूपेन्द्र चौधरी ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाक़ात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी में नए अध्यक्ष की घोषणा को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। इसी बीच मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने गुरुवार को दिल्ली में अहम राजनीतिक मुलाकातें कीं हैं। बताया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश के चुनाव प्रभारी पीयूष गोयल के जल्द ही लखनऊ के आने की संभावना है। चौधरी ने संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाक़ात की। इसके तुरंत बाद वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मिले। इन बैठकों को आगामी संगठनात्मक फेरबदल और बदलते राजनीतिक समीकरणों के संदर्भ में बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### उप्र में दो वरिष्ठ आईएएस के दायित्वों में बदलाव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए दो वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। सरकार की तरफ से जारी की गई सूची के अनुसार, वरिष्ठ अधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह को मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपी ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण से हटाकर विशेष सचिव, निर्वाचन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन तथा अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं सुश्री दीपा रंजन मिशन को उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन लखनऊ को उनके वर्तमान पद के साथ-साथ यूपी ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, लखनऊ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। शासन के इस निर्णय को ग्रामीण सड़क विकास और चुनावी व्यवस्थाओं से जुड़े कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

## पोलियो का टीका बनाने वाली कंपनी के कर्मचारियों को नहीं मिल रहा वेतन

# निजीकरण व दमन सरकार की दुर्नीति: राहुल

नई दिल्ली, वार्ता



■ घर का खर्च चलाने के लिए कर्ज, उधार और मजबूरी पर कर्मचारियों का जीवन टिका है

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकारी संस्थाओं का दमन और उनका निजीकरण सरकार की सबसे बड़ी दुर्नीति है और मौजूदा सरकार का यह कदम देश के लिए एक बहुत बड़ा अभिशाप बन गया है।

गांधी ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि उनकी हाल ही हुई जन संसद में भारत इम्यूनोलॉजिकल्स तथा जैविकीय निगम लिमिटेड (बिबकॉल) के कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाक़ात हुई। उन्होंने लिखा- इस सरकारी कंपनी के कर्मचारी सालों से वेतनहीन हैं। अपने घर का खर्च चलाने के लिए कर्ज, उधार और मजबूरी पर उनका जीवन टिका हुआ है। ये वही बिबकॉल है, जो भारत में वैक्सीन बनाने वाली एकमात्र सरकारी कंपनी थी और जिसने पोलियो जैसी भयंकर बीमारी के उन्मूलन में ऐतिहासिक योगदान दिया। उन्होंने कहा कि सरकार को कम कीमत पर वैक्सीन उपलब्ध कराने और हर बच्चे तक उसकी पहुंच सुनिश्चित करने में इसकी भूमिका निर्णायक रही है, लेकिन 2017 तक मुनाफे में चल रही इस कंपनी को जानबूझकर, योजनाबद्ध तरीके से घाटे के उद्यम में बदल दिया गया। गांधी ने आगे कहा कि कारण साफ है, ताकि सरकारी कॉन्ट्रैक्ट निजी कंपनियों को सौंपे जा सकें, निजी कंपनियां महंगे दाम पर वैक्सीन बेचकर भारी मुनाफा कमाएं और उसकी कीमत आपकी जेब से निकाली जाए और एक दिन बिबकॉल को 'नुकसान' के नाम पर बंद कर इसकी संपत्ति मुफ्त या सस्ते दामों में पूंजीपति मित्रों में बांट दी जाए। उन्होंने बताया कि बिबकॉल कंपनी बुलंदशहर से संचालित होती थी और उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में स्थित इस कंपनी की जमीन और संपत्ति काफी महंगी है। जब से उत्तर प्रदेश में जेवर एयरपोर्ट बनाने की घोषणा हुई है, उसके बाद इसकी कीमत आसमान छू रही है। उन्होंने कहा कि इस कंपनी के कर्मचारियों की आर्थिक पीड़ा सरकार से साझा की है।

## पीरीयड अवकाश को लेकर बननी चाहिए राष्ट्रीय नीति: चंद्रशेखर



नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने लोकसभा में उठाई मांग, गृहमंत्री अमित शाह के बयान पर किया पलटवार

**नई दिल्ली।** यूपी की नगीना संसदीय सीट से सांसद व आजाद समाज पार्टी के नेता चंद्रशेखर आजाद ने गुरुवार को लोकसभा में मासिक धर्म (पीरीयड) अवकाश को लेकर राष्ट्रीय नीति की मांग उठाई है। आजाद ने कहा कि मासिक धर्म अवकाश को लेकर राष्ट्रीय नीति बननी चाहिए और इसके तहत असंगठित क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं को शामिल किया जाना चाहिए, उन्होंने सदन में शून्यकाल के दौरान यह मांग उठाई। नगीना सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि मासिक धर्म अवकाश को लेकर कोई राष्ट्रीय नीति नहीं है, जबकि कई देशों में ऐसी नीति मौजूद है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि मासिक धर्म अवकाश पर राष्ट्रीय नीति तैयार होए। मीडिया से बात करते हुए कहा नगीना सांसद ने कहा कि जितना पैसा चुनाव के दौरान खर्च हो रहा है, उसके बाद किसी गरीब का बेटा तो आगे बढ़ ही नहीं सकता है। मताधिकार हमारी शक्ति है, इसे छीनने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के मताधिकार को अप्रत्यक्ष रूप से छीनना चाह रही है, एसआईआर में इतनी तेजी क्यों की जा रही है, क्या वे कुछ छिपाना चाहते हैं? भारत अकेला ऐसा देश है जहां संविधान के लागू होने के बाद सभी को मताधिकार मिला है।

## जरूरतमंद को आवास बीमार को मिलेगा उपचार

गोरखपुर, वार्ता



■ सीएम योगी ने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनकर दिया भरोसा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने आवास के लिए जरूरतमंद लोगों को आवास दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया।

योगी गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 300 लोगों से मुलाकात की और कहा कि कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। ध्यान से बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए और निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। जनता दर्शन में एक महिला ने आवास की समस्या बताई। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाया जाएगा। इसे लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित भी किया और कहा कि सरकार की मंशा है कि हर जरूरतमंद के पास पक्का आवास हो। जनता दर्शन में एक महिला ने अपने पति की बीमारी में इलाज के लिए मदद की गुहार लगाई।

इस पर योगी नें महिला को आश्वस्त किया कि वह अपने पति का अच्छे से इलाज कराएं, पैसे की व्यवस्था विवेकाधीन कोष से करा दी जाएगी। इलाज में आर्थिक मदद मांगने कई अन्य लोग भी आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा।

उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी।

## बहराइच हिंसा के दोषी सरफराज को फांसी की सजा, नौ को उम्रकैद

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में 13 अक्टूबर 2024 को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान भड़की सांप्रदायिक हिंसा में मारे गए 22 वर्षीय राम गोपाल मिश्रा की हत्या मामले में अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने गुरुवार को दोषियों को सजा सुनाई। बहराइच कोर्ट ने राम गोपाल की हत्या के दोषी सरफराज को फांसी की सजा सुनाई है। वहीं 9 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। बता दें कि कोर्ट ने 9 दिसंबर को 13 आरोपियों में से 10 को दोषी ठहराया था, जबकि तीन को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया था। दोषी ठहराए गए आरोपी अब्दुल हमीद, उसके बेटे फहीम, सरुराज, तालिब, सैफ, जावेद, जीशान, ननकऊ, शोएब और मारुफ हैं।

# कफ सिरप केस में सहारनपुर के दो भाई गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** कोडीन कफ सिरप केस में गुरुवार को यूपी एसटीएफ ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इन आरोपियों का नाम अभिषेक शर्मा और शुभम शर्मा हैं, दोनों सगे भाई हैं। ये दोनों कोडीन कफ सिरप का अवैध रूप से स्टॉक रखते थे। एसटीएफ को इनके पास से कई अहम दस्तावेज भी बरामद हुए हैं।

अभिषेक और शुभम सहारनपुर के रहने वाले हैं। लखनऊ के आलमबाग इलाके से एसटीएफ ने इनको गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से दो मोबाइल और फर्जी फर्मों से संबंधित तमाम दस्तावेज बरामद किए हैं। जानकारी के मुताबिक एबॉट कंपनी का दिल्ली का सुपर डिस्ट्रीब्यूटर एवं अभियोग में वांछित अभियुक्त अभिषेक शर्मा और शुभम शर्मा किसी काम से गुरुवार को लखनऊ आए हुए थे। एसटीएफ ने आलमबाग मवैया रोड पर टेढ़ी पुलिया तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिय। अभिषेक शर्मा ने बताया कि वर्ष 2019 से वह विशाल सिंह एवं विभोर राणा के यहां जी.आर. ट्रेडिंग दवा की फर्म में काम कर रहा था। वह लोडिंग-अनलोडिंग का काम देखा करता था एवं उससे संबंधित रिकॉर्ड मेंटेन करता था। विभोर और विशाल एबॉट कंपनी की अन्य दवाओं के साथ फेन्सेडिल कफ सिरप मंगाते थे एवं फर्जी फर्म के माध्यम से खरीद-बिक्री दिखाकर नशे के रूप में प्रयोग करने के लिए तस्करों को सप्लाई करते थे, जो बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के रास्ते बांग्लादेश भेजी जाती थी।

### शुभम जायसवाल पर 25 हजार का इनाम

**वाराणसी।** कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप की तस्करी के मामले में वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस ने मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। फरार चल रहे शुभम जायसवाल की तलाश में वाराणसी, सोनभद्र, जौनपुर और चंदौली पुलिस के साथ-साथ विशेष जांच टीम (एसआईटी), स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और एंटी नारकोटिक्स सेल की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। इस गिरोह के एक अन्य प्रमुख सदस्य झारखंड (रांची) की शैली ट्रेडर्स के मालिक भोला प्रसाद को सोनभद्र पुलिस ने कुछ दिन पहले कोलकाता से गिरफ्तार किया था।

## रिजर्व बैंक ने 50 हजार करोड़ की सरकारी प्रतिभूतियां खरीदीं

**मुंबई।** आरबीआई ने बैंकिंग तंत्र में नकदी की उपलब्धता बढ़ाने के प्रयास के तहत गुरुवार को खुले बाजार से 50,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद की। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 5 दिसम्बर को मौद्रिक नीति संबंधी बयान जारी करने के अवसर पर बताया था कि केंद्रीय बैंक इस महीने एक लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद करेगा। पहले चरण के तहत आज 50,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूति खरीदी गई है जबकि 18 दिसम्बर को इतने ही मूल्य की प्रतिभूतियां खरीदी जाएंगी। ये प्रतिभूतियां चार से लेकर 25 साल तक की मियाद वाली हैं। रिजर्व बैंक ने बताया गया है कि उसने 6.75 प्रतिशत पर 2029 की 6,638 करोड़ रुपये की प्रतिभूतियां खरीदी हैं।

## लोकतंत्र के मंदिर संसद में धूम्रपान करना संविधान का अपमान: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने गुरुवार को कहा कि लोकतंत्र के मंदिर संसद में धूम्रपान करना संविधान और कानून का अपमान है। पार्टी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में लगाया। पूनावाला ने आज संसद में टीएमसी सांसद द्वारा ई सिगरेट लाने और उसके उपयोग पर टिप्पणी करते हुए कहा कि लोकतंत्र के मंदिर में एक दुर्भाग्यपूर्ण एक घटना को घटते हुए देखा गया। इस संबंध में सासंद अनुराग ठाकुर ने सदन को और अध्यक्ष को अवगत कराया है। पूनावाला ने कहा कि पूरे देश में ई-सिगरेट 2019 से पूरी तरह से प्रतिबंधित हैं। कानून के अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना भी प्रतिबंधित है। लोकतंत्र के मंदिर में ई-सिगरेट लाना और पीना कानून के खिलाफ है। इस मामले पर संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष ने भी कहा कि ये पूर्ण तरीके से गलत है, इसकी जांच होगी और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसपर कार्यवाही की जाएगी।



सेंसेक्स 84818.13

निफ्टी 25898.55



सोना रु. 128535

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 186988

प्रति किलो



# बाजारों में तीन दिन बाद लौटी रौनक

मुंबई, वार्ता



रिजर्व बैंक द्वारा 50 हजार करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद से उत्साहित निवेशकों की लिवाली से गुरुवार घरेलू शेयर बाजारों में तीन दिन बाद तेजी लौट आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 426.86 अंक (0.51 प्रतिशत) उछलकर 84,818.13 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 140.55 अंक यानी 0.55 प्रतिशत की बढ़त में 25,898.55 अंक पर बंद हुआ। रिजर्व बैंक ने बैंकिग तंत्र में नकदी बढ़ाने के उपायों के तहत आज 50,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद की। दूसरे चरण में 18 दिसम्बर को इतने ही मूल्य की और सरकारी प्रतिभूतियां खरीदने की उसकी योजना है। इससे बाजार में निवेश धारणा मजबूत हुई है। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.01 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.81 फीसदी चढ़ा। ऑटो, धातु, आईटी, फार्मा, बैंकिंग, रियलिटी, स्वास्थ्य और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में ज्यादा तेजी रही। तेल एवं गैस और मीडिया सेक्टरों के सूचकांक मामूली गिरावट में रहे। एनएसई में कुल 3,206 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 1,919 के शेयरों में तेजी और 1,183 में गिरावट रही। अन्य 104 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल का शेयर 2.74 प्रतिशत चढ़ा। टाटा स्टील में 2.56 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक में 2.45, मारुति सुजुकी में 1.62, अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.31 और टेक महिंद्रा तथा सनफार्मा दोनों में 1.16 प्रतिशत की तेजी रही। एचडीएफसी बैंक का शेयर 0.99 प्रतिशत, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 0.98, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 0.97, इंफोसिस का 0.83, ट्रेंट का 0.68 और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 0.63 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारतीय स्टेट बैंक, एलएंडटी, एनटीपीसी और अदानी पोर्ट्स के शेयर भी हरे निशान में रहे। वहीं एशियन पेंट्स का शेयर 0.91 प्रतिशत, भारती एयरटेल का 0.65 प्रतिशत रहा।

## चांदी पहुंची ऑलटाइम हाई पर, सोने के दाम भी बढ़े

**नई दिल्ली।** गुरुवार को चांदी अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार चांदी 1,500 रुपए बढ़कर 1,86,988 रुपए किलोग्राम हो गई है। इससे पहले कल ये 1,85,488 रुपए पर थी। वहीं सोना 747 रुपए बढ़कर 1,28,535 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले ये 1,27,788 रुपए पर था। सोने ने 17 अक्टूबर को 1,30,874 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज और ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता, इसलिए अलग-अलग शहरों के रेट्स अलग-अलग होते हैं। पंजाब नेशनल बैंक समेत कई बैंक गोल्ड लोन रेट तय करने के लिए इन कीमतों का इस्तेमाल करते हैं। सिंगापुर मैनेजमेंट यूनिवर्सिटी के कोस्मास मरिनाकिस ने कहा कि चांदी अब सिर्फ निवेश का साधन नहीं रह गया है, बल्कि एक जरूरी भौतिक संसाधन भी है। मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों को इसकी ज्यादा जरूरत है। इसलिए मांग बढ़ रही है।

इससे कीमतों में लगातार तेजी है। चांदी के दाम में उछाल की एक और बड़ी वजह है कि अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की ट्रेड नीतियों के तहत चांदी पर टैरिफ लगने का डर है। इस डर से अमेरिकी कंपनियां चांदी का भारी स्टॉक जमा कर रही हैं, जिससे दुनिया के बाकी हिस्सों में कमी हो गई है। दुनियाभर के मैन्युफैक्चरर अपनी प्रोडक्शन बाधित न हो, इसलिए सप्लाई पक्की करने की होड़ में हैं।

## चावल, गेहूं के भाव मजबूत, चीनी, दालों और खाद्य तेलों में रही नरमी



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ गेहूं भी मजबूत हुआ। वहीं चीनी, दालों और खाद्य तेलों में नरमी देखी गई। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत तीन रुपये बढ़कर 3,854.01 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं दो रुपये महंगा हुआ और 2,852.57 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत सात रुपये टूट गई। दाल-दलहनों में नरमी रही। चना दाल औसतन 24 रुपये और तुअर दाल 18 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल और मूंग दाल 17-17 रुपये टूट गई। मसूर दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल कमजोर हुई। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा एक रिंगिट चढ़कर 4,064 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.63 प्रतिशत गिरकर में 50.77 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 80 रुपये और वनस्पति 86 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 73 रुपये और सोया तेल की 67 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। पाम ऑयल 10 रुपये और सूरजमुखी तेल चार रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 25 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। चीनी भी पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7837.01 रुपये, मसूर काली 8170.48 रुपये, मूंग दाल 10097.72 रुपये, उड़द दाल 10348.83 रुपये, तुअर दाल 10581.17 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2852.57 रुपये और चावल 3854.01 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3292.45 प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4325.01 रुपये और गुड़ 4979.78 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17655.51 रुपये, मूंगफली तेल 17749.67 रुपये, सूरजमुखी तेल 15723.31 रुपये, सोया तेल 13769.42 रुपये, पाम ऑयल 12423.06 रुपये और वनस्पति 14422.01 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## व्यावसायिक परीक्षा के लिए प्रयोगात्मक परीक्षकों की मैपिंग 26 तक पूरी करें

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ छूटे हुए/सप्लीमेंट्री श्रेणी की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 15 से 19 दिसम्बर 2025 के बीच आयोजित की जाएंगी

**लखनऊ।** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा (दिसम्बर- 2025) की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गया है।

प्रमुख सचिव डा. हरिओम ने बताया कि छूटे हुए/सप्लीमेंट्री श्रेणी की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 15 से 19 दिसम्बर 2025 के बीच आयोजित की जाएंगी। इसके लिए प्रेक्टिकल एग्जामिनर मैपिग की अनिवार्य समय-सीमा 9 से 26 दिसम्बर 2025 तय की गई है। इस बाबत उन्होंने सभी जिलों को निर्देशित किया है कि यह प्रक्रिया परीक्षा शुरू होने से पहले हर हाल में पूरी कर ली जाए। गुरुवार को प्रमुख सचिव डा. हरिओम ने बताया कि डीजीटी, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार केवल वही परीक्षक मैपिग के लिए पात्र होंगे, जो सीधे पोर्टल पर पंजीकृत हैं। यदि किसी जनपद में पंजीकृत परीक्षकों की संख्या कम पड़ती है तो संबंधित नोडल राजकीय आईटीआई की अध्यक्षता में गठित समिति ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करेगी। यह समिति आवेदकों के शैक्षिक दस्तावेज, योग्यता और अनुभव की जांच कर उनके अनुमोदन की प्रक्रिया पूरी करेगी। उन्होंने बताया कि इस कार्य हेतु तीन सदस्यीय जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। इसमें जिलाधिकारी द्वारा नामित सदस्य को अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि नोडल राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का प्रधानाचार्य तथा जिले के अन्य राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य/वरिष्ठतम कार्यदेशक सदस्य होंगे। यह समिति डीजीटी के निर्धारित मानकों के अनुरूप परीक्षकों का चयन सुनिश्चित करेगी, ताकि प्रयोगात्मक परीक्षाएं बिना किसी बाधा के सम्पन्न हो सकें।

प्रमुख सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि अधिक से अधिक योग्य परीक्षकों का पोर्टल पर पंजीकरण कराया जाए, जिससे परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की कमी उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि नोडल प्रधानाचार्यों को समयबद्ध ढंग से कार्यवाही सुनिश्चित करनी होगी, ताकि न तो परीक्षकों की कमी रहे और न ही परीक्षा कार्यक्रम में कोई देरी हो। विभाग का कहना है कि परीक्षकों की उपलब्धता और समय पर मैपिग प्रक्रिया परीक्षा संचालन की गुणवत्ता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## हाइड्रोजन से चलने वाला देश का पहला यात्री जलयान गंगा में रवाना

■ केंद्रीय पत्तन पोत परिवहन मंत्री सर्बानंद ने किया रवाना

**वाराणसी।** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने गुरुवार को वाराणसी के नमो घाट से देश के पहले पूर्णतः स्वदेशी हाइड्रोजन ईंधन सेल आधारित यात्री जलयान के वाणिज्यिक संचालन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जलयान देश में समुद्री एवं अंतर्देशीय जल परिवहन क्षेत्र में हाइड्रोजन ईंधन सेल प्रणोदन प्रौद्योगिकी का पहला व्यावसायिक प्रदर्शन है और इसमें 100 प्रतिशत स्वदेशी तकनीक पर आधारित है।

निम्न तापमान प्रोटॉन एक्सचेंज मेम्ब्रेन ईंधन सेल प्रणाली से संचालित यह जलयान संग्रहित हाइड्रोजन को विद्युत में बदलता है और एकमात्र उप-उत्पाद के रूप में शुद्ध जल छोड़ता है। इस अवसर पर सोनोवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत स्वच्छ, टिकाऊ और आत्मनिर्भर परिवहन प्रणालियों की ओर तेजी से अग्रसर है।

आज देश का पहला स्वदेशी हाइड्रोजन ईंधन चालित जलयान लॉन्च करना 'मेक इन इंडिया' और हरित परिवहन के प्रति प्रधानमंत्री जी की प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है। यह उपलब्धि मां गंगा के पुनरुद्धार एवं संरक्षण के हमारे व्यापक मिशन को भी सशक्त बनाती है। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण की स्वामित्व वाली यह 24 मीटर लंबी कैटामरन नौका कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा निर्मित की गई है। परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे होने के बाद इसे वाणिज्यिक सेवा में शामिल किया गया है। 50 यात्रियों की क्षमता वाली पूर्णतः वातानुकूलित यह नौका हाइड्रोजन ईंधन सेल, बैटरी तथा सौर ऊर्जा की हाइब्रिड प्रणाली से संचालित है। एक बार हाइड्रोजन भरने पर यह लगातार आठ घंटे तक 7-9 समुद्री मील प्रति घंटे की गति से संचालन कर सकती है। इसके लिए कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड और इनलैंड एंड कोस्टल शिपिग लिमिटेड के बीच त्रिपक्षीय समझौता हुआ है, जिसमें तकनीकी सहायता, संचालन, सुरक्षा मानक और नियमित निरीक्षण के प्रावधान शामिल हैं। हाइड्रोजन नौका के संचालन से यात्रियों को शोर-मुक्त, धुआं-मुक्त एवं प्रदूषण-रहित यात्रा का अनुभव मिलेगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# कुत्ते के काटने की घटना से प्रशासन हरकत में

## जोशियान से बारह आवारा कुत्ते पकड़े जाने से नगरवासियों ने ली राहत की सांस





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** कुत्ते द्वारा काटे जाने की घटना से नगर पंचायत प्रशासन हरकत में आ गया है। आज अभियान चला कर बारह कुत्ते पकड़े गए। बताते है कि नगर में हजारों कुत्ते मौजूद है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला जोशियान में एक बच्चे को आवारा कुत्ते द्वारा काटे जाने की घटना ने चिंता का वातावरण पैदा कर दिया था। घटना के बाद आखिरकार नगर पंचायत प्रशासन सक्रिय हुआ और आनन्द चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम के साथ मिलकर कुत्तों को पकड़ने का अभियान शुरू कर दिया गया।

समाचार लिखे जाने तक 12 कुत्ते पकड़े जा चुके थे। वहीं अभियान जारी है। ट्रस्ट की टीम विभिन्न गलियों में जाकर आक्रामक एवं खतरनाक कुत्तों को पकड़ने में लगातार जुटी रही। नगरवासियों ने प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई पर राहत की सांस ली। उनका कहना है कि आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ने से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं में भय का माहौल बन गया था। यह कदम काफी समय से अपेक्षित था।

नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने आवारा कुत्तों को पकड़े जाने की कार्रवाई पर कहा कि मौहल्ला जोशियान में बच्चे के साथ घटी घटना अत्यंत दुखद है। जैसे ही जानकारी मिली, तो मैंने तुरंत टीम को निर्देश दिए कि आवारा और आक्रामक कुत्तों को पकड़ने का अभियान शुरू किया जाए। उसके उपरांत बध्याकरण, वैक्सीन लगाई जाएगी। हमारी पहली प्राथमिकता नगरवासियों की सुरक्षा है। अब तक कई कुत्ते पकड़े जा चुके हैं और अभियान लगातार जारी रहेगा। नगर पंचायत की टीम पूरी जिम्मेदारी के साथ काम कर रही है और भविष्य में भी ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वह सभी नागरिकों से सहयोग की अपील करते है।

उधर अधिशासी अधिकारी बिजेंद्र सिंह पाल ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा आवारा कुत्तों का टीकाकरण हर वर्ष आनंद चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से कराया जाता है। घटना की जानकारी मिलते ही कुत्ते पकड़ने की टीम को सक्रिय किया गया है। बारह कुत्ते पकड़े जा चुके हैं और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। हमारा लक्ष्य है कि नगर में किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हो और वातावरण सुरक्षित बना रहे।

इधर नगरवासियों का कहना है कि नगर पंचायत प्रशासन ने घटना को गंभीरता से लिया और कुत्ते पकड़वाने शुरू कर दिए है, यह सब कुछ चेयरमैन लोकेन्द्र चौधरी की मजबूत इच्छाशक्ति व बेहतर कार्यप्रणाली की वजह से हो पाया है। नागरिकों का कहना है कि सभी कुत्तों को पकड़ कर ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए कि यह फिर नगर में दिखाई न दें। झालू को कुत्ता मुक्त घोषित किया जाना चाहिए।

# करौंदा पचदू में चकबंदी आदेश पर विवाद

## पीड़ितों ने की जांच की मांग, प्रेस कॉन्फ्रेंस में उठाई आवाज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** चकबंदी विभाग को एक एक नया विवाद सामने आया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जिले के ग्राम करौंदा पचदू में भूमि चकबंदी को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। पीड़ितों मौहम्मद यूसुफ और अब्दुल कबीर ने चकबंदी अधिकारी अरुण कुमार यादव के आदेश पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी ने उनके हक को कम करके गलत फैसला दिया है। इस मामले में जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर पीड़ितों ने आज एक वाटिका में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पीड़ित मौहम्मद यूसुफ ने बताया कि मार्च 2024 के एक पुराने आदेश में उनकी भूमि का हिस्सा 0.280 हेक्टेयर घोषित किया गया था। लेकिन नवंबर 2025 के नए आदेश (वाद संख्या 388) में इसे घटाकर 0. 134 हेक्टेयर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि यह फैसला पुराने आदेश के खिलाफ है और अधिकारी ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर यह किया है।

वहीं, अब्दुल कबीर ने कहा कि उनके पिता अब्दुल कदीर की मौत काफी पहले हो चुकी है। लेकिन बिना किसी सूचना के उनकी जमीन दूसरे लोगों के नाम कर दी गई। यह पूरी तरह अवैध और अपराधिक है। दोनों पीड़ितों ने जिलाधिकारी और जिला उपसंचालक चकबंदी से अपील की है कि मामले की जांच कर दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जाए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीड़ितों ने कहा कि वह न्याय की लड़ाई जारी रखेंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि चकबंदी प्रक्रिया में ऐसी गड़बड़ियां आम हैं, जिससे किसानों को नुकसान होता है। अधिकारियों की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। मामले की जांच की मांग तेज हो रही है।

# डीएम ने किया रैन बसेरे व चौराहों पर अलाव का स्थलीय निरीक्षण

### कोई भी लाचार एवं परदेसी व्यक्ति ठंड में ठिठुरते न पाया जाए



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज रात्रि में नगर पालिका बिजनौर द्वारा संचालित रैन बसेरा तथा शहर के मुख्य चौराहों पर जलाए जाने वाले अलाव का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम इंदिरा बाल भवन के करीब स्थानीय नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित रैन बसेरे का विस्तृत मुआयना किया और वहां रात्रि में प्रवास करने वाले लोगों के रात्रि विश्राम एवं उन्हें ठंड से सुरक्षित रखने के लिए लिहाफ, गद्दे, बेड आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि सर्दी के बढ़ते प्रकोप के दृष्टिगत रैन-बसेरे में प्रवास करने वाले यात्रियों एवं बेसहारा लोगों को सर्दी से बचाव के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं अद्यतन रखें ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए।

उसके बाद जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा शहर बिजनौर के मुख्य चौराहों यथा रोडवेज बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, नगर पालिका चौक, शक्ति चौक, जजी चौक, जानी का चौराहा सहित अलाव जलाए जाने वाले चयनित स्थानों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए कि सभी चौराहों पर नियमित रूप से अलाव जलाए जाने की व्यवस्था को बनाए रखें और यदि रात्रि में कहीं कोई असहाय व्यक्ति या यात्री सहायता योग्य पाया जाए तो तत्काल रैन-बसेरे में उसके प्रवास की व्यवस्था करें। उन्होंने जिले के सभी अधिशासी अधिकारी नगर निकाय को निर्देशित करते हुए कहा कि शहरी क्षेत्रों में कोई भी लाचार एवं परदेसी व्यक्ति ठंड में ठिठुरते हुए नहीं पाया जाना चाहिए।

निरीक्षण के दौरान नगर पालिका बिजनौर के अधिशासी अधिकारी विकास कुमार एवं पालिका के अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

## एक नजर

### खराब दूध बेचने का आरोप

**अफजलगढ़।** ग्राम उर्फ सादकपुर निवासी अजीमुद्दीन पुत्र शमशाद ने जिलाधिकारी को प्रेषित शिकायत में स्थानीय दुकानदार पर खराब दूध बेचने का आरोप लगाया है। अजीमुद्दीन ने आरोप लगाते हुए बताया कि उन्होंने नौ दिसम्बर को रईस पुत्र महबूब निवासी सादकपुर की दुकान से अमूल दूध के तीन पैकेट खरीदे थे। दूध के पैकेट खोलने पर उसमें बदबू आ रही थी। जब उन्होंने उक्त दूध से चाय बनाई, तो दूध फट गया। इसके बाद उन्होंने उसी दुकान से एक और पैकेट मंगवा कर जांच की, जिसमें भी बदबू पाई गई। शिकायतकर्ता के अनुसार दूध स्वाद में भी कड़वा था। अजीमुद्दीन का कहना है कि जब उन्होंने दुकानदार रईस से खराब दूध बेचने का कारण पूछा और लोगों की सेहत से खिलवाड़ न करने को कहा, तो आरोपी आगबबूला हो गया। दुकान पर मौजूद लोगों के सामने उसने अजीमुद्दीन के साथ अभद्र व्यवहार किया। धक्का देकर दुकान से बाहर निकाल दिया और धमकी दी कि जो करना हो कर लेना, तुम मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकते।

### पंचायत सचिवों का आंदोलन जारी



**अफजलगढ़।** ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के प्रांतीय आह्वान पर जनपद के ग्राम पंचायत सचिव विरोध स्वरूप अपने मोटराइज्ड वाहन का प्रयोग बंद कर साइकिल से ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंचेंगे। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि सरकार द्वारा ग्राम पंचायत सचिवों व ग्राम विकास अधिकारियों को 200 रुपए साइकिल भत्ता देय है, लेकिन जनपद बिजनौर में यह भत्ता लंबे समय से नहीं दिया जा रहा है। पदाधिकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी समस्याओं पर शीघ्र संज्ञान नहीं लिया गया, तो 15 दिसम्बर से अगला कदम उठाते हुए वे अपने डोंगल सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को सौंप देंगे, जिससे आहरण-वितरण का कार्य पूरी तरह ठप हो जाएगा।

### बिजनौर में विकुल मलिक अरेस्ट

**बिजनौर।** वादिनी ने शहर कोतवाली में 28 नवम्बर को तहरीर दी थी कि विकुल मलिक पुत्र ज्ञान सिंह निवासी ग्राम शेखपुरा ने शादी का झांसा देकर उसके साथ गलत काम किया। साथ ही गाली-गलौच व मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने विकुल मलिक को गिरफ्तार कर लिया है।

### स्कूल में खतरनाक कोबरा सांप



**बिजनौर।** ग्राम धर्मनगरी स्थित पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय में एक खतरनाक कोबरा सांप के दिखाई देने से अफरा-तफरी मच गई। सांप के स्कूल में घुस आने से बच्चों में दहशत फैल गई। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय प्रभारी नरेशपाल वर्मा ने छोटे बच्चों की तुरंत छुट्टी कर उन्हें सुरक्षित घर भेज दिया। साथ ही घटना की सूचना पुलिस को 112 नंबर पर और वन विभाग की टीम को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने सांप को सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया। इस घटना के बाद स्कूल प्रशासन ने परिसर की सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए हैं।

# ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक व कर्मचारियों के साथ मारपीट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** ग्राम इस्लामाबाद के ग्रामीण बैंक में कार्यरत शाखा प्रबंधक दिलीप कुमार पाल व उनके कर्मचारियों के साथ क्षेत्र के ग्राम रायपुर गढ़ी में मारपीट की गई। बैंक प्रबंधक की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्यवाई शुरू कर दी है।

क्षेत्र के ग्राम इस्लामाबाद के ग्रामीण बैंक शाखा के प्रबंधक दिलीप कुमार पाल ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया है कि गुरुवार को वह बैंक कर्मियों के साथ लोक अदालत का प्रचार प्रसार करने एवं रिकवरी करने फील्ड में गए थे। इस दौरान वह ग्राम रायपुर गढ़ी में उपभोक्ता शाकिब अंसारी को जानकारी दे रहे थे कि उसी समय कपिल राजपूत व अनूप सिंह ट्रैक्टर से गन्ना लेकर जा रहे थे तभी इन लोगों ने बैंक प्रबंधक दिलीप कुमार पाल व बैंक कर्मी सुभाष चन्दर के साथ लोगों के सामने ही गाली-गलौज शुरू कर दी एवं ट्रैक्टर से नीचे उतरकर हाथापाई करते हुए हमला बोल दिया। घटना को लेकर वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक बिजनौर व विभिन्न शाखों के प्रबंधक थाना बढ़ापुर पहुंचे और कार्रवाई की मांग को लेकर तहरीर दी है। उपनिरीक्षक मलखान सिंह ने बताया कि बैंक प्रबंधक की तहरीर पर आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है।

# विज्ञान-गणित मेले में चमकी प्रतिभा

## डीआईओएस ने किया शुभारंभ, 36 मॉडल बने आकर्षण का केंद्र

**नरेश कुमार**

**झालू।** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित विज्ञान एवं गणित मेले ने इस वर्ष छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा, मेहनत और वैज्ञानिक सोच को नए आयाम दिए। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव, विशिष्ट अतिथि सहायक विद्यालय निरीक्षक जितेंद्र कुमार, राजकीय हाई स्कूल प्रधानाचार्य निशांत यादव, जीआईसी बिजनौर प्राचार्य सुभाष चंद्र तथा प्रधानाचार्य चारु द्वारा सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

शुभारंभ के बाद छात्राओं द्वारा मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। जिसे उपस्थित सभी अतिथियों ने सराहा। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य निर्मला शर्मा, पवन देवी, डॉ. पारुल कौशिक सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन सुश्री रजनी श्रीवास्तव ने किया। जबकि आयोजन शिक्षिकाओं सुमित्रा नंदनी और नेहा के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती चारू प्राचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज झालू रहीं। मेले में छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ 30 विज्ञान-गणित मॉडल तथा छह अटल लैब मॉडल प्रदर्शित किए, जो आकर्षण का मुख्य केंद्र बने।

मेले में पहुंचे अतिथियों ने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर बच्चियों से उनके मॉडल की कार्यप्रणाली और वैज्ञानिकी अवधारणाओं को विस्तार से जाना और उनकी मेहनत की खुलकर प्रशंसा की। मेले को सफल और भव्य बनाने में शिक्षिकाएं नेहा, सुमित्रानंदनी, दीप्ति अग्रवाल, कुमारी जीनत, कैफुलवरा, तनु, सलोनी, नजराना, कनिका, पिंकी और प्रभा आदि का विशेष योगदान रहा।

इस अवसर पर न केवल छात्राओं की प्रतिभा को मंच दिया, बल्कि विद्यालय में नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# पटाखा फैक्ट्रियों में लापरवाही का धमाका जारी, नियम ध्वस्त

### खतरे की जड़ शहर के भीतर ही फल-फूल रही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** नहटौर के आंकू विकास खण्ड क्षेत्र में पटाखा फैक्ट्री में हुए ताजा विस्फोट ने पूरे इलाके को दहला दिया। धमाका इतना तेज था कि फैक्ट्री की टीन दूर खेतों तक जा गिरी। यह कोई पहला हादसा नहीं है, इससे पहले झालू के गंगोडा रोड पर पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट में तीन लोगों की मौत ने पूरे नगर को झकझोर दिया था, लेकिन सबक किसी ने नहीं लिया है।

चौंकाने वाली बात यह है कि नगर व आसपास के क्षेत्रों में अवैध व बिना अनुमति चल रहीं कई पटाखा फैक्ट्रियां अब भी सक्रिय हैं। यहां पर मानक से कहीं अधिक बारूद तैयार किया जा रहा है। गंभीर बात यह है कि गोदाम घनी आबादी में खुलेआम बने हुए हैं और सुरक्षा उपकरणों का नामो निशान तक नहीं है। जान जोखिम में डाल कर काम करते मजदूर प्रशासनिक उदासीनता की कीमत अपनी जान देकर चुका रहे हैं और अगर सबक नहीं लिया गया, तो आगे न जाने कितनी जाने जा सकती है। स्थानीय लोग कहते हैं कि हादसे के बाद अफसर आते हैं, मुआवजे की बातें होती हैं, लेकिन असली कार्रवाई कभी नहीं होती है। सच्चाई भी यही है कि जब तक प्रशासन कागजी अनुमति से आगे बढ़कर जमीनी निरीक्षण नहीं करेगा, तब तक ऐसे धमाके फिर होंगे और जिंदगी सस्ती ही बनी रहेगी। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि सभी पटाखा फैक्ट्रियों का तत्काल सर्वे कराया जाए। आबादी क्षेत्र में बने गोदामों को हटाया जाएं और बिना लाइसेंस चल रही फैक्ट्रियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि समय रहते नियंत्रण हो जाए, तो हादसे रोके जा सकते हैं। लेकिन देरी हर बार मौत बनकर सामने आती है।

बताया जाता है कि झालू नगर व आसपास में कई पटाखा फैक्ट्रियां बिना अनुमति व नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए चल रही हैं। यहां पर मानक से अधिक बारूद तैयार किया जा रहा है। गोदाम आबादी के बीच बनाए गए हैं। सुरक्षा के इंतजाम नाममात्र हैं। मजदूर अपने परिवारों का पेट पालने की मजबूरी में जान का जोखिम उठाकर काम कर रहे हैं, जबकि प्रशासनिक नजर पूरी तरह नदारद है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि हादसे के बाद अफसरों की गाड़ियों का काफिला आता है, लेकिन हादसे रोकने की कार्रवाई आज तक नहीं दिखी। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि सभी फैक्ट्रियों की तुरंत जांच हो और अवैध फैक्ट्रियों को बंद किया जाए। साथ ही इनके मालिकों को गिरफ्तार किया जाए।

# प्रिंयका मॉडर्न स्कूल का स्थापना दिवस 13 को

## कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शाह टाइम्स की चेयरमैन अशोक राणा और एडमिन अदिति राणा से खास बातचीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रियंका मॉडर्न स्कूल का 40वां स्थापना दिवस 13 दिसंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम की सबसे खास बात यह है कि मंच भले ही भव्य होगा, लेकिन मंच पर राजनीति का कोई एजेंडा नहीं होगा यहां केवल राष्ट्रसेवा, देशभक्ति, इतिहास और प्रेरणा की बातें होंगी।

इस बार समारोह में दो विशेष अतिथि शामिल हो रहे हैं। भारत की तीनों सेनाओं से जुड़ी एक प्रमुख शख्सियत और महाराणा प्रताप के वंशज हुजूर लक्ष्यराज सिंह मेवाड़। इनकी उपस्थिति कार्यक्रम को राष्ट्रीय और ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करेगी।

तैयारियों के दौरान विधायक एवं प्रियंका ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के चेयरमैन अशोक राणा और एडमिन अदिति राणा ने शाह टाइम्स से विशेष बातचीत में आयोजन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

**शाह टाइम्सः** 40वें स्थापना दिवस पर राजनीति से हटकर राष्ट्रसेवा पर फोकस करने का विचार कैसे आया?

**अशोक राणाः** स्कूल एक शिक्षा मंदिर है। यहाँ बच्चों को सिर्फ किताबें ही नहीं, बल्कि देशभक्ति, अनुशासन और अच्छे संस्कार भी दिए जाते हैं। इसलिए सोचा कि मंच पर राजनीति नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा की बातें हों। इसी कारण सेना और इतिहास से जुड़ी महान विभूतियों को आमंत्रित किया गया है।

**शाह टाइम्सः** आपने CDS से जुड़े अधिकारी और महाराणा प्रताप के वंशज को ही मुख्य अतिथि क्यों चुना?

**अशोक राणाः** हमारी इच्छा थी कि बच्चे वास्तविक जीवन में सेवा, त्याग और समर्पण करने वालों से प्रेरणा लें। महाराणा प्रताप के वंशज से मिलना अपने-आप में बड़ा संदेश है।





### महाराणा प्रताप के वंशज और डिप्टी सीडीएस होंगे मुख्य अतिथि

निवेदन करते ही उन्होंने आने की सहमति दे दी। यह कार्यक्रम पूर्णतः गैर-राजनीतिक रहेगा।

**शाह टाइम्सः** 40 वर्ष पहले रखी गई इस नींव को आज वट वृक्ष बनते देखकर कैसा महसूस होता है?

**अशोक राणाः** मेरे पिता स्व. मास्टर होरी सिंह जी ने इस विद्यालय की नींव रखी थी। बेटी प्रियंका की स्मृति में स्थापित यह संस्थान आज बड़ (वट) वृक्ष की तरह फैल चुका है और हजारों बच्चों का भविष्य संवार रहा है। यह हमारे परिवार के लिए गर्व का विषय है।

**शाह टाइम्सः** कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्या रहेगा-शिक्षा, इतिहास या राष्ट्रीय सेवा?

**अशोक राणाः** शिक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। लेकिन इसके साथ बच्चों में राष्ट्र भावना, अनुशासन और खेलों के प्रति लगाव भी महत्वपूर्ण है।

स्कूल में घुड़सवारी, क्रिकेट अकेडमी, फुटबॉल अकेडमी, पथरी (ट्रैक इवेंट्स) और शूटिंग रेंज जैसी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि बच्चे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।

**शाह टाइम्सः** सेना के अधिकारी और महाराणा प्रताप के वंशज की उपस्थिति बच्चों को क्या संदेश देगी?

**अशोक राणाः** सेना देश की सुरक्षा का प्रतीक है और महाराणा प्रताप का इतिहास वीरता का प्रतीक। दोनों स्तंभ मिलकर बच्चों में कर्तव्य, साहस और राष्ट्रभावना को मजबूत करेंगे। यह उनके जीवन को दिशा देगा।

**शाह टाइम्सः** 40 वर्षों में कोई ऐसा पल जिसे आप विशेष रूप से याद रखना चाहेंगे?

**अशोक राणाः** मेरे पिता के बाद विद्यालय की जिम्मेदारी मेरी बड़ी बहन सुषमा ने संभाली। वह 18 वर्षों तक कैंसर से लड़ते हुए भी विद्यालय का संचालन करती रहीं। उनका समर्पण हमारे लिए प्रेरणा है। आज वह हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी विरासत विद्यालय के हर कोने में जीवित है।

वहीं प्रियंका स्कूल की एडमिन अदिति राणा ने बताया कि प्रियंका मॉडर्न स्कूल के 40वें स्थापना दिवस को लेकर उत्साह का माहौल है। यह आयोजन शिक्षा, अनुशासन, इतिहास और राष्ट्रसेवा का अनूठा संदेश देने जा रहा है-जो इस स्कूल की वास्तविक पहचान भी है।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

'शाह टाइम्स'

की शत-प्रतिशत गारंटी

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

मोबाइल नम्बरः- 9927777377

samiullah.bijnor@gmail.com

## एक नजर

### नर्सिंग होम का उद्घाटन



**सहसपुर।** एचएम गर्ल्स इंटर कॉलेज के प्रबंधक एवं समाजसेवी आफताब आलम ने फातिमा नर्सिंग होम का फीता काटकर उद्घाटन किया। कॉलेज के प्रबंधक आफताब आलम ने नगर के बस स्टैंड स्थित फातिमा नर्सिंग होम का शुभारंभ करते हुए कहा कि फातिमा नर्सिंग होम के डायरेक्टर डॉ. नवाब से उम्मीद है कि नगर में बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराएंगें। इस मौके पर डॉ. फराज आलम खान, डॉ. मौहम्मद नवाब, डॉ. इकरा खान, मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान मौहम्मद असलम, प्रबंधक आफताब आलम, मौहम्मद अकरम, चांद चौधरी ने डॉ. मौहम्मद नवाब को दुआओं से नवाजते हुए हौसला अफजाई की। इस अवसर पर नगर के जाकिर अली, डॉ. सलीमुद्दीन आदि मौजूद रहे।

### यातायात सुरक्षा के बारे में बताया



**बिजनौर।** सप्त शक्ति संगम विषय के अंतर्गत सरस्वती विद्या मंदिर में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि जूही सब इंसपेक्टर ने कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को जागरुक करते हुए जानकारी देते हुए बताया कि यातायात के दौरान हेल्मेट का महत्त्व समझाते हुए आग्रह किया कि अपने परिजनों को हेल्मेट लगाने के लिए है। सीटबेल्ट का महत्व को समझते हुए यातायात सुरक्षा के बारे में बताया। पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 की विस्तृत जानकारी दी। महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 को बताया। साइबर क्राइम की जानकारी दी गई और बचाव के तरीके बताए गए। कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता फूलमाला ने कुटुम्ब प्रबोधन और पर्यावरण विषय की जानकारी दी गई। कुटुम्ब व्यवस्था के कारण भारत विश्वगुरु कहलाता था। कुटुम्ब एक विस्तृत परंपरा है। हमारी पहचान और हमें मजबूती प्रदप करने वाली संस्थान कुटुम्ब है। विवाह एक संस्कार और समर्पण है। आश्रम-ब्रह्मचर्य आश्रम, गृहस्थ आश्रम, वानप्रस्थ आश्रम, सन्यास आश्रम। गृहिणी की भूमिका परिवार में रीढ़ की हड्डी के समान है। हमें अपने परिवार को प्यार, विश्वास व विनम्रता से बांधना है। मुख्य वक्ता कुमुद शर्मा हमें गुलामी से बचाने के लिए मजबूत बनाना होगा। अन्यथा हम फिर से गुलामी की जंजीरों के लिए तैयार है। मुख्य वक्ता श्रीमती फूलमाला और मुख्य वक्ता जूही अग्रवाल रही। मुख्य अतिथि जूही सब इंसपेक्टर विशिष्ट अतिथि संगीता जैन अग्रवाल सदस्य राज्य महिला आयोग उ. प्र. सरकार, अध्यक्ष संतोष बाला आर्य रही।

### श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**नजीबाबाद।** नगर के बुंदकी मार्ग पर स्थित ग्राम जालबपुर गुदढ़ में शिव मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा का आरंभ हुआ। कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ किया गया। जिसमें महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर कलश लेकर शामिल हुईं। कथा वाचक रास रसिक दास ने कथा का महत्व बताया। गुरुवार को नगर के बुंदकी मार्ग पर स्थित ग्राम जालबपुर गुदढ में सूर्य नगर के शिव मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। श्रीमद् भागवत कथा का आरंभ कलश यात्रा से किया गया। कथा स्थल से कलश और पोथी पूजन के बाद कलशयात्रा आरंभ हुई। इसमें बड़ी संख्या में पीले वस्त्र धारी महिलाएं सिर पर कलश लिए शामिल रहीं। श्री बांके बिहारी के जयघोष के साथ कलश यात्रा निकाली गई।

# गढ़वाल रायफल ने जीता फुटबॉल टूर्नामेंट

## नोएडा नाइजीरियन को 3-1 से हराया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** हिन्दू इंटर कॉलेज के पास मैदान में चल रहे याद-ए-खलील ऑल इण्डिया फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच नोएडा नाइजीरियन व गढ़वाल राइफल के बीच खेला गया। जिसमें गढ़वाल राइफल की टीम ने नोएडा नाइजीरियन की टीम को 3-1 से हरा दिया।

आज खेला गया यह फाइनल मैच नोएडा नाइजीरियन व गढ़वाल रायफल के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमें निर्धारित समय में 1-1 के स्कोर से बराबर पर रहीं। इसके बाद मैच को अतिरिक्त समय दिए जाने पर गढ़वाल राइफल की फुटबॉल टीम ने नोएडा नाइजीरियन पर दो गोल दागकर फाइनल मैच 3-1 के स्कोर से जीत लिया। मुख्य अतिथि ने विनर और रनर टीमों को ट्राफी देकर पुरस्कृत किया। विनर टीम को रुपए 50000 जबकि रनर टीम को रुपए 25000 पुरस्कार राशि के रूप में दिए गए।

इस मैच में रेफरी कुशाल रावत, लाइनमैन दीपक रावत और दीपक सैनी रहे। कमैन्ट्रेटर मास्टर शहजाद अहमद ने फाइनल मैच में शानदार कमेंट्री कर समा बांध दिया। लोगों को खेल के साथ-साथ कमेंट्री बहुत पसंद आई। सहायक कमेंटेटर आजम मुल्तानी व इरफान अंसारी रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय सेना में सूबेदार मेजर के पद पर कार्यरत व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के छोटे भाई सूबेदार शैलेंद्र बिष्ट, विशिष्ट अतिथि सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी व शेख शाहनवाज खलील जिलाध्यक्ष चेयरमैन संघ बिजनौर रहे।

इस अवसर पर अब्दुल समद, शाहिद अली गोहर, सिद्दीक मुल्तानी, शानू मालिक, ताहिर मुल्तानी, शद्दन ठेकेदार, जाहिद अंसारी, हाशिम इस्लाम, शेख नौशाद परवेज, निसार मुल्तानी, नासिर मुल्तानी, मोहसिन चांद, शाकिर उस्मानी, अब्दुल हमीद, जहांगीर खलीफा, लाला विनोद अग्रवाल, कुंवर अमरजीत, अजीम मुल्तानी, मोहसिन उर्फ चांद भाई, नूर मौहम्मद, बहार आलम मुल्तानी, शेख मौहम्मद जमशेद, शिब्ली निसार, काका अंसारी, आबिद मुल्तानी, जाहिद अंसारी आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस के सायरन की आवाज सुनकर पटाखा फैक्ट्री से निकल कर ईख में छिपे श्रमिक

## आनन-फानन में फैक्ट्रियों से माल हटाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांव आंकू में पटाखा फैक्ट्री में आग लगने का पता चलने पर नहटौर की अन्य फैक्ट्रियों में भी हड़कंप मच गया। पुलिस के सायरन की आवाज सुनकर फैक्ट्री में काम कर रहे कामगार फैक्ट्री से निकलकर आस-पास ईख के खेतों में घुस गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार गुरुवार की सुबह करीब 8:00 बजे आंकू की पटाखा फैक्ट्री में आग लग गई। आग लगने का पता चलने पर अन्य फैक्ट्री के संचालकों में भी हड़कंप मच गया। एक फैक्ट्री से पहले कुछ महिलाओं को बाहर निकाल कर फैक्ट्री के पीछे खड़ा कर दिया गया। उसके बाद आनन फानन में फैक्ट्री में बना रहे माल को वहां से ट्रैक्टर द्वारा हटाया गया। एक फैक्ट्री के पीछे बचे हुए माल व बारूद को कट्टों में भरकर रख दिया गया। इसके अलावा करीब 9:30 बजे एक फैक्ट्री के पास पुलिस के सायरन की आवाज सुनकर फैक्ट्री में काम करने वाले कामगारों में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि कई कामगार फैक्ट्री के पिछले रास्ते से निकलकर पुलिस के डर से ईख के खेतों में घुस गए।

आनन फानन में काम को बंद करके कामगारों को उनके घर भेज दिया गया। करीब दो घंटे तक हड़कंप मचा रहा। बताया जाता है कि फैक्ट्रियों में मानकों की अनदेखी की जा रही है।

## चार युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**हल्दौर।** हल्दौर खण्ड विकास अधिकारी के निर्देश पर अधिशासी अभियंता जल निगम, तकनीकी प्रभारी संजीव कुमार तथा अवर अभियंता लघु सिंचाई की टीम ग्राम मुकरपुर सत्ती में विभिन्न विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर रही थी। निरीक्षण के दौरान टीम के साथ मौजूद पंचायत सचिव एवं ग्राम प्रधान से कुछ युवकों द्वारा कथित रूप से दुर्व्यवहार किया गया। विक्रम सिंह, धर्मेंद्र कुमार, तरुण और विपुल ने न केवल अधिकारियों एवं पंचायत कर्मियों से गाली-गलौज की, बल्कि निरीक्षण प्रक्रिया को भी जबरन रोकने का प्रयास किया। इसी दौरान सरकारी कागजात को फाड़ने और जांच टीम को धमकाने की घटना भी सामने आई। हंगामा बढ़ने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। ग्राम पंचायत सचिव विनीत कुमार की तहरीर पर चारों नामजद के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा, सरकारी दस्तावेज क्षति सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

## लोक अदालत को लेकर जन जागरूकता शिविर

**नगीना।** 13 दिसंबर को होने वाली नेशनल लोक अदालत को लेकर जन-जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिला विधिक कार्यालय पर कार्यरत पैरालीगल वॉलंटियर अफराज अहमद ने बताया कि लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, चेक बाउंस, बैंक वसूली, मोटर दुर्घटना दावा, बिजली चोरी, वैवाहिक विवाद, भूमि अधिग्रहण और सभी प्रकार के सिविल व भूमि विवादों का निपटारा आपसी सहमति से किया जाएगा। बिजली कंपनी और नगर पालिका से जुड़े जलकर व संपत्तिकर के मामलों में नियम अनुसार छूट दी जाएगी। लोगों से अपील की गई कि लोक अदालत में मिलने वाली छूट का लाभ लें। जमीन, जायदाद और घरेलू झगड़ों जैसे मामलों में आपसी समझ से राजीनामा कर सौहार्द्र का वातावरण बनाएं।

## शिक्षक के साथ मारपीट के आरोपी की मुश्किलें बढ़ी, एक्स-रे में फ्रैक्चर की पुष्टि

**अफजलगढ़।** बीते शनिवार को क्षेत्र के ग्राम कासमपुर गढ़ी व सीरवासुचंद के मुख्य बाजार में सीरवासुचंद निवासी शिक्षक महबूब अली पुत्र अ. रहमान व सरताज पुत्र शमशुलहई के बीच पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया था। जिसमें शिक्षक महबूब अली के हाथ में गम्भीर चोट आई थी। सूचना पर अफजलगढ़ पुलिस ने घायल महबूब अली का मेडिकल परीक्षण कराकर आरोपी सरताज के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 351(3) व 131 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी। उधर महबूब अली को डॉक्टर ने चोटिल हाथ के एक्स-रे की एडवाइस दी। जिला अस्पताल में महबूब अली ने सोमवार को अपने हाथ का एक्सरे कराया। मुकदमे के जांच अधिकारी एसएसआई श्रीपाल सिंह ने बताया कि एक्स-रे रिपोर्ट में महबूब अली के हाथ में फ्रैक्चर आया है, जिसके आधार पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 117(2) का इजाफा किया जाना स्वाभाविक है।

## एक नजर

### साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम



**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के कस्बे में पूर्व ग्राम प्रधान नफीस अहमद के मकान पर साइबर अपराध रोकथाम के विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसएसआई सुरजीत सिंह एवं क्राइम इंस्पेक्टर दिनेश कुमार ने लोगों को साइबर ठगी से बचाव के महत्वपूर्ण उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बढ़ते ऑनलाइन फ्रॉड, बैंकिंग धोखाधड़ी, फेक कॉल, संदिग्ध लिंक तथा सोशल मीडिया हैकिंग से बचने के लिए सतर्क रहना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी की घटना होती है तो बिना देरी किए टोल फ्री नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएं ताकि समय रहते लेनदेन को रोका जा सके। अंजान नंबरों से आए लिंक कॉल और OTP किसी भी हाल में शेयर न करें, ऑनलाइन पेमेंट करते समय QR कोड स्कैन करने से पहले उसकी सत्यता अवश्य जांचें, बैंक, पुलिस या किसी संस्था का कर्मचारी कभी भी फोन पर OTP या अकाउंट डिटेल नहीं मांगता। सोशल मीडिया अकाउंट पर मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें और दो-स्तरीय सुरक्षा अवश्य सक्रिय करें। यदि ठगी हो जाए तो घबराएं नहीं, तुरंत 1930 पर कॉल करें और नजदीकी साइबर हेल्प डेस्क को सूचित करें। कार्यक्रम में अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे स्वयं सतर्क रहें और अपने परिवार, पड़ोस व समाज में साइबर अपराधों से बचाव संबंधी जागरूकता फैलाएं।

### रुबीना फातमा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत



**स्योहारा।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की एक बैठक नजीबाबाद के एक रेस्टोरेंट में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान प्रदेश कोषाध्यक्ष अलीशा हुसैन सिद्दीकी की प्रबल संस्तुति पर सहसपुर निवासी श्रीमती रुबीना फातमा पत्नी कुंवर जफर उल्ला को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के पद पर मनोनीत किया गया। इस मनोनयन पर उपस्थित पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी और संगठन को और अधिक मजबूत करने की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम में प्रदेश वरिष्ठ मंत्री राजन टंडन गोल्डी, प्रदेश कोषाध्यक्ष (महिला) अलीशा हुसैन सिद्दीकी, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष (युवा) शोभित मित्तल, प्रदेश उपाध्यक्ष (महिला) आयशा सिद्दीकी, जिला कोषाध्यक्ष तस्लीम सिद्दीकी, नगर अध्यक्ष (युवा) शाकिर अहमद शालू, जिला उपाध्यक्ष बुरहान अहमद, कुंवर जफरुल्लाह सहित अन्य व्यापारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### विद्युत अधिकारी कर रहे लापरवाही

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र के ग्राम गांगू नगला में एक ही व्यक्ति के नाम पर दो-दो विद्युत कनेक्शन चलने का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि पीड़ित ग्रामीण ने कई बार विद्युत अधिकारियों को न केवल प्रार्थना पत्र दिए बल्कि स्वयं प्रस्तुत होकर एक ही नाम पर दो दो विद्युत कनेक्शन होने की जानकारी दी। शिकायत की और उनसे सवाल तक किया परंतु विद्युत अधिकारियों के कानों पर जूं रेंगने को तैयार नहीं हुई। पीड़ित ने विधायक स्वामी ओमवेश का दरवाजा खटखटाया। ग्रामीण की समस्या सुनते ही विधायक स्वामी ओमवेश पीड़ित के साथ नूरपुर स्थित अधिशासी अभियंता के कार्यालय पहुंचे, जहां पहुंचते ही उन्हें शीघ्र उक्त समस्या से निजात दिलाए जाने का भरोसा मिला।

## कार्यालय : नगर पालिका परिषद स्योहारा, जनपद बिजनौर

पत्रांक: 1648/न.पा.प.स्यो./2025 — दिनांक:- 10.12.25

**नगरीय भवन निर्माण एवं मानचित्र स्वीकृति नियमावली-2023 में निर्धारित दरों में संशोधन**

नगर पालिका परिषद स्योहारा, जिला बिजनौर द्वारा उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 298 में उल्लेखित शक्तियों का प्रयोग करते हुये नगर पालिका परिषद स्योहारा में भवनों के निर्माण को नियन्त्रित एवं विनियमित करने हेतु उपविधि- 2023 को उत्तर प्रदेश गजट 24 फरवरी, 2024 ई. (फाल्गुन 05, 1945 शक संवत) को प्रकाशित कर लागू किया गया। बोर्ड बैठक दिनांक 08 मई, 2025 के प्रस्ताव संख्या 07 **''भवन मानचित्र उपविधि के शुल्क के पुनरीक्षण पर विचार''** को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी है। बोर्ड द्वारा स्वीकृत किये गये प्रस्ताव के क्रम में नगरीय भवन निर्माण एवं मानचित्र स्वीकृति नियमावली- 2023 में निर्धारित दरों को पुनरीक्षित किये जाने का विवरण अधोवर्णित तालिका में अंकित है-

| क्र. सं. | भवन | क्षेत्रफल | नियमावली-2023 में निर्धारित दरे | | | पुनरीक्षित दरें | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | भू-तल शुल्क प्रति वर्ग फीट | अतिरिक्त तल शुल्क प्रति वर्ग फीट | भूमिगत तल शुल्क प्रति वर्ग फीट | भू-तल शुल्क प्रति वर्ग फीट | अतिरिक्त तल शुल्क प्रति वर्ग फीट | भूमिगत तल शुल्क प्रति वर्ग फीट |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | व्यवसायिक भवन | 40 वर्गमीटर तक | 5.00 | 3.00 | 20.00 | 2.50 | 1.50 | 10.00 |
| 02 | व्यवसायिक भवन | 40 वर्गमीटर के ऊपर | 7.00 | 4.00 | 30.00 | 3.50 | 2.00 | 15.00 |
| 03 | गोदाम | 40 वर्गमीटर तक | 5.00 | 3.00 | 20.00 | 2.50 | 1.50 | 10.00 |
| 04 | गोदाम | 40 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल | 8.00 | 4.00 | 40.00 | 4.00 | 2.00 | 20.00 |
| 05 | होटल का विश्राम गृह, वर्कशाप, फैक्ट्री, कारखाना | 40 वर्गमीटर तक | 10.00 | 5.00 | 50.00 | 5.00 | 2.50 | 25.00 |
| 06 | होटल का विश्राम गृह, वर्कशाप, फैक्ट्री, कारखाना | 40 वर्गमीटर के ऊपर | 12.00 | 6.00 | 60.00 | 6.00 | 3.00 | 30.00 |
| 07 | रिहायसी भवन | 200 वर्गमीटर तक | 5.00 | 3.00 | 20.00 | 2.50 | 1.50 | 10.00 |
| 08 | रिहायसी भवन | 200 वर्गमीटर के ऊपर 500 वर्गमीटर तक | 6.00 | 3.00 | 30.00 | 3.00 | 1.50 | 15.00 |
| 09 | रिहायसी भवन | 500 वर्गमीटर से ऊपर | 7.00 | 4.00 | 30.00 | 3.50 | 2.00 | 15.00 |

उपरोक्त तालिका के कॉलम संख्या 07, 08 व 09 में पुनरीक्षित दरें अंकित है। नगरीय भवन निर्माण एवं मानचित्र स्वीकृति नियमावली-2023 की केवल दरों को पुनरीक्षित किया गया है। नियमावली की अन्य शर्तें पूर्ववत ही रहेगी। यदि किसी भी व्यक्ति/ आम जनता को इस सम्बन्ध में कोई आपत्ति/ सुझाव हो तो वह 30 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/सुझाव लिखित रूप में कार्यालय में उपलब्ध करा सकता है। नियत अवधि के उपरान्त प्राप्त किसी दावे/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, स्योहारा**
**जनपद-बिजनौर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, स्योहारा**
**जनपद-बिजनौर**

## विश्व ध्यान दिवस अभियान के तहत ध्यान सत्र आयोजित

**धामपुर।** विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में धामपुर क्षेत्र में चल रहे बहुदिवसीय ध्यान एवं वेलनेस अभियान के अंतर्गत कन्या इंटर कॉलेज में एक विशेष ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में लगभग 150 छात्राओं ने भाग लिया और ध्यान के माध्यम से मानसिक शांति, एकाग्रता तथा सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव किया।

विद्यालय की कई शिक्षिकाएं भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं, जिनकी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई। यह सत्र आर्ट ऑफ लिविंग की प्रशिक्षक लवी अग्रवाल सौरभ अग्रवाल तथा आर्ट ऑफ लिविंग सेवक रितेश मेहरोत्रा के सहयोग से सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षकों ने छात्राओं को सरल एवं प्रभावी ध्यान तकनीकों का अभ्यास कराया, जिससे उनकी पढ़ाई, भावनात्मक संतुलन और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार हो सके।

इस कार्यक्रम की विशेष सफलता में कॉलेज की प्रिंसिपल श्रीमती रेखा देवी तथा शिक्षिका अंजलि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने न केवल आयोजन को समर्थन दिया, बल्कि छात्राओं एवं शिक्षिकाओं दोनों को नियमित रूप से ध्यान करने के लिए प्रेरित भी किया।

आर्ट ऑफ लिविंग का यह अभियान 21 दिसंबर, विश्व ध्यान दिवस तक विभिन्न विद्यालयों और समुदायों में जारी रहेगा। इस अभियान का उद्देश्य है- युवा पीढ़ी और शिक्षकों दोनों में तनावमुक्त जीवनशैली, सकारात्मक सोच और मानसिक दृढ़ता को बढ़ावा देना। विद्यालय प्रशासन और छात्राओं ने आर्ट ऑफ लिविंग टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे सार्थक कार्यक्रम आयोजित करने की इच्छा जताई।

**न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) नगीना**

वाद सं. 73/2025

जुगेश पुत्र बंशी उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम जहांगीरपुर खास उर्फ हैजरपुर, परगना व तहसील, नगीना **-वादी**

**बनाम**

1. सुरेश पुत्र बंशी उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम जहांगीरपुर खास उर्फ हैजरपुर, परगना व तहसील नगीना (बिजनौर) 2. गजरो पुत्री बंशी पत्नी रतिराम 47 वर्ष निवासी मानपुर, परगना अकबराबाद, तहसील नजीबाबाद, 3. छोटी पुत्री बंशी पत्नी जयप्रकाश 37 वर्ष निवासी ग्राम अकबरपुर आंवला, पोस्ट किशनपुर, तहसील नजीबाबाद 4. गजेन्द्र सिंह पुत्र कलवा सिंह 38 वर्ष निवासी ग्राम जहागीरपुर खास उर्फ हैजरपुर, परगना व तहसील नगीना, 5. मनीराम पुत्र कलवा सिंह 32 वर्ष निवासी ग्राम जहांगीरपुर खास उर्फ हैजरपुर, पगरना व तहसील नगीना, 6. मीरा पुत्री कलवा पत्नी छोटे सिंह 31 वर्ष निवासी ग्राम बिन्जाहेड़ी, परगना व तहसील नगीना, बिजनौर **-प्रतिवादीगण**

दरख्वास्त मुसम्मा जुगेश वासते हुसूल सार्टीफिकेट वसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतानी मुसम्मा जुगेश मुसबफा सुरेन्द्र सिंह अपने मूजिब एक्ट 7 सन 1978 ई. वक्त जुगेश हरगाह मुसम्मा जुगेश ने दरखवास्त हुसूलसार्टी फिकेट गुजरानी हुसूल है ई. तारीख 13 मास 12 सन् 2025 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है कि लिहाजा यह इश्तहार जारी किया है कि जिस किसी को निस्वत दरख्वास्त उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के उज्र हो या असालत या वकालत वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम नगीना में तारीख मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करे। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुकम मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

नियत दिनांक: 13.12.2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज (जू.डि.)**
**नगीना (बिजनौर)**

## शाह टाइम्स खबरें छुपाता नहीं, छापता है

**अदालत न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) नगीना, बिजनौर**

वाद संख्या 338/2025

मदन मोहन सिंह बनाम कश्मीर सिंह

प्रतिवादी-कश्मीर सिंह पुत्र सुजा सिंह, निवासी ग्राम-सुन्दरवाली निकट गुरद्वारा, परगना बढ़ापुर, तहसील नगीना, जिला बिजनौर, मूल निवासी ग्राम-कडेल, तहसील मुनक, जिला संगरूर पंजाब।

मुदाअलेह हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाद हुक्मइम्तनाई का दिया कर उक्त वाद में प्रार्थना पत्र तरमीम वाद पत्र का गुजारा है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 23-12-2025 दे सके या जिस के पास और सख्स हो जो सवालात की दे सके हाजिर हो और जबावदेही दावा करे कि आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे जिन पर बताइये अपना जबाव देही के इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे, जो मुकदमा बगैर हाजिर आपका समसुआ और फैसला होगा।

नियत दिनांक:- 23-12-2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज (जू.डि.)**
**नगीना, बिजनौर**

**न्यायालय सिविल जज (सी.डि.) बिजनौर**

निष्पादन वाद सं. 36/2010

प्रभाष चन्द गर्ग पुत्र स्व. जगदीश प्रसाद निवासी मौ. साहूवान, कस्बा परगना व तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर

**बनाम**

**मुस्ताक अहमद आदि**

2/1. खचेडू सिंह, 2/2. ख्वानी सिंह पुत्रगण स्व. हरदयाल सिंह जाति सैनी नि.गण ग्राम नाईपुरा, परगना व तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर।

**इश्तहार नीलाम**

उपरोक्त निष्पादन वाद में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मदयून डिक्री की निम्न लिखित सम्पत्ति मौके पर दिनांक 22-12-2025 को 10.00 बजे से सायं 4:00 बजे तक नीलाम होगी।

अत: जो व्यक्ति नीलाम खरीदना चाहे वह नियत दिनांक 22-12-2025 को समय व स्थान पर पहुंच कर बोली बोल सकते हैं। नीलामी न्यायालय के नियमानुसार होगी। नीलाम किसी भी सक्षम न्यायालय के स्थगन आदेश से प्रभावी होगा।

**विवरण सम्पत्ति मदयून नीलाम तलब**

| खसरा नं. | रकबा |
|---|---|
| 304 | 1.4420 है0 |
| 191 | 0.2280 है0 |
| कुल 2 खेत | 1.6700 है0 |

नियत दिनांक:- 22.12.2025

**सिविल जज (सी.डि.)**
**बिजनौर**

## संबंध विच्छेद सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा कहना न मानने और दुर्व्यवहार करने के कारण मैंने अपने पुत्र जमशेद से संबंध विच्छेद कर अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा व मेरे परिवार का जमशेद से कोई मतलब वास्ता नहीं है। भविष्य में अपने द्वारा किए गए अच्छे व बुरे कार्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगा। **शमशाद पुत्र नजरूद्दीन निवासी ग्राम खेड़ी जट, थाना स्योहारा, जिला बिजनौर**

## संबंध विच्छेद सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरा कहना न मानने तथा दुर्व्यवहार करने के कारण मैंने अपने पुत्र तहसीम व उसकी पत्नी रहनुमा दोनों से संबंध विच्छेद कर अपनी चल-अचल व वाद विवाद सहित घर की पूर्ण संपत्ति से बेदखल (लादावा) कर दिया है। अब दोनों से मेरा व मेरे परिवार के लोगों का कोई मतलब ताल्लुक वास्ता नहीं रहा हैं। भविष्य में अपने द्वारा किए गए अच्छे व बुरे कार्यों के लिए वे दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**शमीम अहमद पुत्र नन्हे निवासी ग्राम - हरेवला उर्फ भगोता, पोस्ट शाहनगर कुराली, थाना शेरकोट, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।**

## एक नजर

### हादसे में बाइक सवार घायल

**धामपुर।** नहटौर मार्ग पर प्रयास चौकी के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिसमें गंभीर रूप से घायल हो गया। लखन (45 वर्ष) पुत्र महाशय सिंह निवासी ग्राम नंदपुर, थाना बढ़ापुर अपनी बाइक से धामपुर से नहटौर की ओर जा रहा था। तभी प्रयास चौकी के निकट किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से लखन सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल को सीएचसी धामपुर में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय बिजनौर रैफर कर दिया। धामपुर पुलिस ने घायल के परिजनों को सूचित कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। अज्ञात वाहन व चालक की तलाश जारी है।

### पेंशनर दिवस 17 को

**बिजनौर।** वरिष्ठ कोषाधिकारी विजय शंकर तिवारी ने शासन के पत्र के हवाले से जानकारी देते हुए बताया कि 17 दिसंबर, 2025 को दोपहर 12:00 बजे पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं पर सुनवाई एवं निराकरण के लिए जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में पेंशनर दिवस कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष बिजनौर में आयोजित किया जायेगा, जिसमें जनपद के प्रमुख कार्यालयाध्यक्षों द्वारा प्रतिभाग किया जाना स्वयं अनिवार्य अपेक्षित है।

### पुलिस से न्याय की गुहार



**स्योहारा।** पांच दिन पूर्व रामगंगा पुल के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में मौहल्ला शेखान निवासी रिहान तथा सेफ उर्फ गोलू पुत्र अनीस की मौत के मामले में परिजनों ने आज थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। दोनों युवक स्कूटी से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वे रामगंगा पुल के पास पहुंचे। सामने से आ रहे एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। आज मृतक रिहान और सेफ उर्फ गोलू के परिजन पूर्व विधायक हाजी नईमुल हसन के साथ थाने पहुंचे। परिजनों ने थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार से अज्ञात वाहन चालक की पहचान और गिरफ्तारी के बारे में जानकारी मांगी। थाना प्रभारी ने परिजनों को आश्वासन दिया कि पुलिस लगातार सुराग तलाश रही है और जल्द ही आरा. पी वाहन तथा चालक को पकड़ लिया जाएगा।

### सीएचसी में डेटा वैलिडेशन बैठक



**स्योहारा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ. जयनारायण सिंह की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय साप्ताहिक बीडब्ल्यूआर एवं डेटा वैलिडेशन बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नियमित टीकाकरण से जुड़े सभी सत्रों का सर्वे एवं ड्यू लिस्ट अपडेट कार्य सभी आशा कर्मी निर्धारित समय के भीतर पूरा करें। जिन आशा कर्मियों की ड्यू लिस्ट अद्यतन नहीं पाई जाएगी, उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। सभी ईंट भट्टों क्रेशर एवं कोल्हू स्थलों पर पहुंची फैमिलियों का आशा द्वारा हेड काउंट सर्वे समय से करवाने के निर्देश दिए गए ताकि प्रत्येक बच्चे और गर्भवती महिला का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित हो सके। सहसपुर क्षेत्र में खसरा के अधिक मामले सामने आने पर विशेष सतर्कता बरतने और दोनों खसरा टीके समय से लगवाने पर जोर दिया गया टीका उत्सव के दौरान बुधवार और शनिवार को सभी एएनएम को सुबह 9 बजे तक अपने सत्र स्थलों पर पहुंचकर नियमित टीकाकरण एवं अन्य आवश्यक सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी लगाए गए टीकों को प्रतिदिन यू-विन पोर्टल पर समय से फीड करने के आदेश दिए गए। इसके अलावा सभी स्वास्थ्य कर्मियों को सघन पर्यवेक्षण रखते हुए सर्वे, ड्यू लिस्ट अपडेट तथा सभी टीकाकरण सत्र स्थलों का निरीक्षण सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में जेएसआईआई जिला कोऑर्डिनेटर अमित कुमार, डॉ. राकेश कुमार, हेल्थ सुपरवाइजर राजेश कुमार, वीर सिंह, एआरओ आलोक कुमार, बीपीएम शालिनी विश्नोई, डीईओ अनम, राशि, बाल विकास परियोजना अधिकारी, डब्ल्यूएचओ मॉनिटर राजेश कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

### श्याम सिंह एडवोकेट का स्वागत



**बढ़ापुर।** भाजपा प्रांतीय परिषद के सदस्य नियुक्त किए जाने पर श्याम सिंह एडवोकेट का उनके समर्थकों ने स्वागत किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता ठाकुर रामपाल सिंह के आवास पर भाजपा प्रांतीय परिषद के सदस्य नियुक्त किए जाने पर उनके समर्थकों ने मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया है। श्याम सिंह ने मिली जिम्मेदारी के लिए पार्टी नेतृत्व का आभार जताया है। इस मौके पर ठाकुर रामपाल सिंह, सुरेंद्र कर्णवाल, सभासद राहुल कश्यप, मुक. श आर्य, मिक्की गुप्ता, सोहित गुप्ता, डॉ.राजपाल सैनी, नितिन प्रजापति, परवीन सिंह, सभासद योगेश प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### हाथी को वनों में खदेड़ने की मांग



**बढ़ापुर।** क्षेत्र के ग्राम बहेड़ी के अधिकांश किसानों की कृषि भूमि वनों से सटी हुई है। वहां पर किसानों ने अधिकतर गन्ने व गेहूं की फसल बोई हुई है। पिछले एक सप्ताह से एक हाथी वनों से निकलकर गन्ने की फसल में घुस आया। किसान भगाने का प्रयास करते है तो भाग जाता है और कुछ समय बाद फिर वापस लौट आता है। एक खेत से दूसरे खेत में ही घूमता फिर रहा है। किसानों का कहना है कि हाथी देखने में बूढ़ा और कमजोर लग रहा है। लोगों को देखकर वह गन्ने के खेत में छिप जाता है। हाथी गन्ने की फसल को खाकर और गेहूं की फसलों को पैरों से रौंदकर बर्बाद कर रहा है। उनका कहना है कि पिछले दो दिनों से हाथी गन्ने के खेत में ही डेरा जमाए हुए है। भगाने पर भी नहीं भाग रहा है और गन्ने के खेत में छिपा हुआ है। किसान कुंवर सिंह, राजाराम, वीरेंद्र सैनी, रंजीत सिंह, हरकेश सिंह, रघुवीर सिंह, तिलक सिंह, सोनू सैनी, महेंद्र सिंह, मगन सिंह आदि किसानों ने वन विभाग से हाथी को वनों में खदेड़ कर उन्हें खेतों में आने से रोकने के लिए कारगर कदम उठाने की मांग की है।

# पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से हड़कंप

## एसडीएम ने निरीक्षण के बाद फैक्ट्री को किया सील





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** आंकू में पटाखा फैक्ट्री के लैब यूनिट में आग लग गई। आग लगने के दौरान हुए धमाके की आवाज काफी दूर तक सुनी गई। आग लगने पर लैब यूनिट की टीन की छत भी उड़ गई। एसडीएम धामपुर व पुलिस के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने फैक्ट्री पर सील लगा दी।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर क्षेत्र के ग्राम आंकू में नहर के पास लगी पटाखा फैक्ट्री में गुरुवार की सुबह को आग लग गई थी। आग लगने के दौरान टीन तक उड़ गई। लैब यूनिट में आग लगना बताया जा रहा है, जिसमें केमिकल मिलाकर मिश्रण तैयार किया जाता है। आग लगने पर कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया था। आग बुझने के बाद फायर बिग्रेड भी मौके पर पहुंची थी। किसी के हताहत नहीं होना बताया जा रहा है। हादसे के समय कर्मचारी नाश्ता कर रहे थे, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। सूचना पर एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा राजस्व विभाग की टीम व पुलिस के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंची और वहां उन्होंने निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद फैक्ट्री पर सील लगा दी गई। एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा ने बताया कि फैक्ट्री पर सील लगा दी गई। आगामी कार्रवाई विधिक रूप से की जाएगी।

# सांसद चंद्रशेखर ने नगीना में एम्स की मांग संसद में उठाई

## ईवीएम सिस्टम हटाकर बैलट पेपर से मतदान करने की भी मांग रखी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना लोकसभा क्षेत्र में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की स्थापना की मांग एक बार फिर जोर पकड़ती दिखाई दे रही है। इस मुद्दे को क्षेत्र के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने संसद में पूरे दम के साथ उठाया है।

उन्होंने सदन में ईवीएम के स्थान पर वैलेट वोट की व्यवस्था लागू करने की मांग रखते हुए लोकतांत्रिक अधिकारों की मजबूती का प्रश्न भी उठाया। इसके साथ ही उन्होंने कांशीराम और ज्योतिबा फुले को नमन करते हुए नगीना और आसपास के क्षेत्र की स्वास्थ्य जरूरतों पर विशेष जोर देते हुए कहा कि नगीना लोकसभा क्षेत्र में एम्स स्थापना अब समय की मांग बन गई है।

सांसद चंद्रशेखर द्वारा संसद में प्रस्तुत किए गए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2024 के दस्तावेजों में स्पष्ट रूप से यह उल्लेख किया गया है कि उत्तर प्रदेश राज्य अब तक एम्स जैसी सर्वोच्च स्वास्थ्य संस्था की स्थापना के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा पाया है। सांसद चंद्रशेखर ने कहा



कि दस्तावेजों के अनुसार उत्तर प्रदेश के कई जिलों में स्वास्थ्य संरचना अत्यंत जर्जर अवस्था में है।

ग्रामीण व पिछड़े क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाएं बेहद कमजोर हैं। ऐसे क्षेत्रों में एम्स की स्थापना से न केवल इलाज की गुणवत्ता बढ़ेगी, बल्कि गंभीर रोगों के उपचार में भी क्रांतिकारी सुधार होगा। नगीना जैसे पिछड़े क्षेत्र में एम्स की स्थापना से जनपद बिजनौर, मुरादाबाद, संभल, अमरोहा और उत्तराखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों तक लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

विधेयक में वित्तीय प्रावधानों का भी उल्लेख है, जिसके अनुसार यदि प्रस्तावित संशोधन पारित होता है, तो भारत सरकार को प्रारंभिक चरण में लगभग एक हजार करोड़ रुपये का बजट खर्च करना पड़ सकता है। यह राशि भूमि अधिग्रहण, भवन निर्माण, विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति और उच्च स्तरीय चिकित्सा उपकरणों की व्यवस्था पर खर्च होगी।

सांसद चंद्रशेखर ने सदन में यह भी कहा कि नगीना क्षेत्र सामाजिक, भौगोलिक और आर्थिक दृष्टि से पिछड़ा हुआ है। यहां के लोग आज भी गंभीर बीमारी की स्थिति में दिल्ली या अन्य बड़े शहरों पर निर्भर हैं। यदि क्षेत्र में एम्स की स्थापना होती है तो लाखों परिवारों को जीवनदान जैसा लाभ मिलेगा। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि उत्तर प्रदेश में नए एम्स के लिए नगीना क्षेत्र को प्राथमिकता दी जाए और प्रक्रिया को शीघ्र गति दी जाए।

संसद में उठाए गए इस मुद्दे के बाद क्षेत्र के लोगों में एक नई उम्मीद जाग उठी है। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने सांसद द्वारा उठाई गई इस मांग का स्वागत किया है और इसे धामपुरख्रनगीनाख्रबिजनौर क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक कदम बताया है।

### विवाहिता की शिकायत पर दहेज उत्पीड़न का केस

**स्योहारा।** क्षेत्र की विवाहिता ने अपने पति, सास, ससुर और चाचा ससुर पर दहेज उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि ससुराल पक्ष द्वारा उससे 20 बीघा जमीन और बुलेट बाइक की मांग की जा रही थी। पीड़िता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उसकी शादी 8 दिसंबर 2022 को हुई थी। विवाह में उसके परिजनों ने लगभग 20 लाख रुपये खर्च किए थे और दहेज में स्विफ्ट कार दी थी। इसके बावजूद आरोप है कि ससुराल पक्ष शादी के बाद से ही अतिरिक्त दहेज की मांग करता रहा। विवाहिता ने आरोप लगाया कि शादी के कुछ समय बाद उसने एक पुत्र को जन्म दिया। इसके बाद भी आरोपितों के व्यवहार में कोई सुधार नहीं आया और लगातार दबाव बनाया जाता रहा। पीड़िता ने आरोप लगाया कि 23 जुलाई 2025 को पति, सास, ससुर और चाचा ससुर ने दहेज की मांग पूरी न होने पर उसके साथ गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और मारपीट की तथा घर से निकाल दिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति सहित चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

# विद्या मंदिर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 'सप्तशक्ति संगम' कार्यक्रम उत्साह पूर्वक मनाया गया। इसमें अपने भारत देश की गौरवमय नारी शक्ति यथा रानी लक्ष्मीबाई, माता जीजाबाई, सावित्रीबाई फुले, कल्पना चावला, महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, हरमनप्रीत कौर, व्योमिका सिंह एवं सोफिया कुरैशी जैसी आदर्श शक्तियों के जीवन प्रसंगों को स्मरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आज की नारी शक्ति को जागृत करना और मानव समाज की भावी पीढ़ी, देश व समाज के विकास में उनका सहयोगी बनना है।

इस अवसर पर लगभग 400 माता और बहनों ने अपनी सहभागिता अर्जित की। यामिनी देवी, मोनिका



शर्मा, सरस्वती शिशु मंदिर धामपुर की आचार्या सर्वेश कुमारी और सरस्वती विद्या मंदिर जैतरा की आचार्या रूपांजलि आदि ने अपने-अपने विचार रखें। साथ ही साथ मंचासीन अतिथियों में मुख्य अतिथि श्रीमती निधि गुप्ताजी, अध्यक्षा श्रीमती रीता रानी, आभावती प्राचार्य बालिका विद्या मंदिर धामपुर, श्रीमती पूर्णिमा शर्मा आचार्या बालि. का विद्या मंदिर धामपुर, रूपांजलि जी आचार्या सरस्वती विद्या मंदिर जैतरा आदि ने भी अपने-अपने विचार रखें। बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती आभा रानी ने बताया कि आज की माता बहनों को आत्मनिर्भर बनना है और स्वयं सुरक्षा के सभी प्रकार के उपाय में दक्ष बनना है। आज की नारियों किरण बेदी और सोफिया कुरैशी आदि के विकास की कहानी बताई। कार्यक्रम की संचालिका आचार्या श्रीमती सर्वेश कुमारी जी एवं कुव रूपांजलि जी रही।

प्रधानाचार्य हेमेंद्र सिंह ने सभी का आभार व्यक्त प्रकट करते हुए बताया कि आज के समय में इस प्रकार के कार्यक्रम सभी शिशु मंदिरों व विद्या मंदिरों में चल रहे हैं। इसका उद्देश्य माता और बहनों को समाज की विकृतियों का सामना करते हुए उन्हें अपनी संतानों का मार्गदर्शन करने का उपाय बताया। आज मोबाइल का सदुपयोग कम और दुरुपयोग अधिक हो रहा है। परिणामतः समाज डाकू बनने की परिस्थितियों पर प्रकाश डाला और विवाह परिवार आदि टूटने से सावधान किया।

# सड़क किनारे युवती का शव मिलने से सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर में उस समय हड़कंप मच गया। जब सुबह ग्रामीणों ने सड़क किनारे स्थित आम के बाग के पास एक अज्ञात युवती का शव पड़ा देखा। सूचना फैलते ही मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए

सूचना मिलते ही स्योहारा थाना पुलिस के साथ-साथ एसओजी टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस



ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन युवती की पहचान संबंधी कोई भी सुराग हाथ नहीं लगा। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मृत युवती की आयु लगभग 28 वर्ष प्रतीत हो रही है। काफी प्रयासों के बावजूद अभी तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आगे की जांच के बाद ही चल सकेगा।

# माइनर टूटने से खेतों में भरा पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** चांदपुर विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई खंड बिजनौर की सुल्तानपुर माइनर नहर परसों रात अचानक टूट गई। नहर में लंबे समय से चली आ रही तकनीकी खामियों और विभागीय लापरवाही के कारण यह घटना हुई, जिसके चलते नारनौर, सुल्तानपुर, खानपुर और कमालपुर गांवों के खेतों में तेजी से पानी भर गया।

गौर करने वाली बात यह है कि कुछ दिन पहले ही ग्रामीण क्षेत्र बाढ़ की मार झेल चुका था और अब नहर टूटने की घटना ने किसानों पर दोहरी मार डाल दी है। लगातार आपदाओं ने किसानों की कमर तोड़ दी है। नहर टूटते ही गेहूं, सरसों सीजन की बुआई पूरी तरह बर्बाद हो गई। कई खेतों में



## किसानों की फसल नष्ट, मुआवजे की मांग

मिट्टी बह गई। घटना की सूचना पाकर राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुँचे। उन्होंने खेतों का जमीनी निरीक्षण किया। किसानों की समस्याएं सुनीं और नुकसान का पूरा आंकलन किया। उन्होंने कहा कि विभागीय लापरवाही के कारण किसानों को भारी आर्थिक हानि हुई है और सरकार को तत्काल राहत एवं मुआवजा प्रदान करना चाहिए। उनके साथ पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शीशपाल राठी, युवा विधानसभा अध्यक्ष रवि गांधी, नगराध्यक्ष मुंजरिम अहमद, क्षेत्रीय महासचिव योगेंद्र प्रधान, जिला महासचिव डॉ. विपिन तोमर, वरिष्ठ नेता अकरम उस्मानी, वरिष्ठ नेता पीतम सिंह, विधानसभा अध्यक्ष नहटौर संजीव चिकारा, व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राजीव तोमर, पूर्व जिला महासचिव गजेन्द्र सिंह, अशफाक प्रधान, सतेंद्र सिंह (डायरेक्टर), हेमेंद्र प्रधान, सर्वजीत सिंह प्रधान, राजेश खन्ना, गजेन्द्र सिंह, नरेश नेताजी, राजीव चौधरी, जगदीश सिंह, यशपाल सिंह प्रधान, भूदेव सिंह, महेंद्र सिंह आदि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर

### आरवीआईटी के छात्रों का एचसीएल में चयन



**बिजनौर।** आरवी इंस्टटीयूट ऑफ टेक्नोलॉजी के 4 छात्रों का चयन एचसीएल टेक्नोलोजीज कम्पनी में हुआ। सभी छात्रों का चयन कम्पनी द्वारा आयोजित की गई लिखित परीक्षा, सामूहिक वाद विवाद, टेक्निकल राउंड और साक्षात्कार के आधार पर हुआ। जिसमें छात्रों के पिछले तीन वर्षा के शैक्षणिक रिकॉर्ड को भी देखा गया। कम्पनी द्वारा 4 छात्रों का चयन किया गया, जिसमें बी टेक कम्प्यूटर साइन्स ब्रांच से 2 छात्राओं खुशी चौहान और सिमरन जोशी का चयन हुआ तथा इंफार्मेशन टेक्नोलोजी ब्रांच से भी 2 छात्र रचित शर्मा और सिदरा जैदी का चयन हुआ। संस्थान के प्रबन्ध निदेशक सन्नी देशवाल एवं निदेशक डा. नितिन अग्रवाल ने सभी चयनित छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के हेड उज्ज्वल पाठक और कोर्डिनटर फिरोज द्वारा किया गया।

### क्रिसेंट में फायर ड्रिल का आयोजन



**चांदपुर।** मुस्लिम फंड द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में व्यापक स्तर पर फायर ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों ने आग लगने की आपातक. ालीन स्थिति में त्वरित व प्रभावी कार्रवाई का शानदार प्रदर्शन किया। ड्रिल में स्टाफ ने फायर एक्सटिंग्विशर, फायर हॉज, सैंड बकेट सहित विभिन्न सुरक्षा उपकरणों का उपयोग कर आग बुझाने की प्रक्रिया का अभ्यास किया। इसी दौरान पूरे विद्यालय परिसर को सुरक्षित रूप से खाली कराया गया, निकास मार्गों की जांच की गई और सुरक्षा प्रोटोकॉल का कठोरता से पालन किया गया। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल सुरक्षा मानकों को मजबूत करते हैं, बल्कि वास्तविक आकस्मिक परिस्थितियों में विद्यार्थियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। फायर ड्रिल सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई, जिसे देखते हुए अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने विद्यालय के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की।

### डीएम से मिले आरटीआई कार्यकर्ता



**बिजनौर।** राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा रेलवे क्रासिंग पर बने फ्लाईओवर ब्रिज को स्वीकार न करने के संबंध में जिला अधिकारी को अवगत कराया गया है। नजीबाबाद के आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने जिला अधिकारी जसजीत कौर से मुलाकात कर उन्हें एक शिकायती पत्र दिया, जिसमें अवगत कराया गया कि वर्ष 2012 में उत्तर प्रदेश सेतू निगम द्वारा तहसील नजीबाबाद की नगर पंचायत जलालाबाद स्थित रेलवे क्रांसिग संख्या 484 पर करोडों रूपये की लागत से पलाईओवर ब्रिज का निर्माण कराया गया था, जिसे बाद में यूपी सेतू निगम द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग को स्थानांतिरत कर दिया गया था और वर्तमान में उक्त पुल के एक्सपेंशन ज्वाईट में दरार आ चुकी है तथा जगह जगह गहरे गहरे गड्ढे हो रखे है। इस कारण पूर्व में कई दुर्घटनायें घट चुकी है। आरटीआई कार्यकर्ता ने कहा कि जब पुल की मरम्मत के संबंध मे राष्ट्रीय राजमार्ग के परियोजना प्रबंधक ने कहा कि उक्त पुल हमे स्थानांतिरत नहीं हुया है और जब हमने सेतू निगम को अवगत कराया तो सेतू निगम ने इस संबंध में कहा कि उक्त पलाईओवर ब्रिज वर्ष 2013 में हम राष्ट्रीय राजमार्ग को स्थानांतिरत कर चुकें है। आरटीआई कार्यकर्ता ने उक्त फ्लाई ओवर ब्रिज स्थानातंरण में आ रही बाधाओं को दूर किये जाने की मांग की। जिला अधिकारी बिजनौर ने इस संबंध में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### जरूरतमंदों को कंबल वितरित



**नहटौर।** ग्राम रूखड़ियो में स्थित धर्मशाला में राजस्व विभाग ने एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 75 जरूरतमंदों को ठंड के मौसम को देखते हुए कंबल वितरित किए गए। इस मौके पर राजस्व विभाग के तहस. ीलदार धनराज कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से ठंड के मौसम में लोगों की मदद करने के उद्देश्य से यह कंबल वितरित किए जा रहे है। इस मौके पर तहसीलदार धनराज कुमार, कानूनगो ओमवीर सिंह, लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि, ग्राम प्रधान मनीराम, ग्राम पंचायत सचिव दीप अमर राही, शेर सिंह आदि मौजूद रहे।

### रैन बसेरे का निरीक्षण



**नहटौर।** नगर पालिका ओर से ठंड के मौसम को देखते हुए झील पार्क में रैन बसेरे बनाया गया है। तहसीलदार धनराज कुमार, कानूनगो ओमवीर सिंह, लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि ने रैन बसेरे का निरीक्षण किया। रैन बसेरे की व्यवस्थाओं को देखकर उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस मौके पर तहसीलदार धनराज कुमार ने निर्देश देते हुए कहा कि ठिठुरन सर्द मौसम शुरू हो गया है। रैन बसेरे में आने वाले राहगीरों को पूरी व्यवस्था दी जाए। इसके अलावा चौराहों पर रैन बसेरे के बारे में संकेतक भी लगा दे।

# राशन कार्ड धारकों को अनावश्यक आपूर्ति कार्यालय के नहीं लगाने पड़ेंगे चक्कर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** आयुक्त खाद्य रसद विभाग के पत्रांक द्वारा इन सुविधाओं हेतु अब राशनकार्ड धाारकों को अनावश्यक आपूर्ति कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। खाद्य तथा रसद विभाग उ.प्र. द्वारा विभागीय वेबसाइट के पब्लिक डोमेन पर आमजनमानस हेतु राशनकार्ड से सम्बन्धित विभिन्न सेवाएं यथा राशनकार्ड विभाजन, यूनिट स्थानान्तरण, राशनकार्ड स्थानान्तरण, राशनकार्ड समर्पण, यूनिट निरस्तीकरण तथा मृत्यु की दशा में राशनकार्ड की मुखिया परिवर्तन हेतु आवेदन उपलब्ध करायी गयी है, जिनके माध्यम से आवेदक अपने राशनकार्ड से समबन्धित इन सेवाओं के लिए अपने राशनकार्ड नम्बर तथा राशनकार्ड से लिंक्ड मोबाइल नम्बर के माध्यम से लॉगिन कर आधार आधारित ओ.टी.पी. वेरिफिकेशन के पश्चात आवेदन कर सकेंगे। जबकि इन सुविधाओं को पाने के लिए अब राशनकार्ड धारकों को अनावश्यक आपूर्ति कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। आवेदक उपरोक्त सुविधओं के लिए स्वयं आवेदन कर सकेंगे तथा इनके आवेदन सक्षम प्राधिकारियों की लॉगिन्स पर स्वत: प्रदर्शित हो जाएंगे तथा सक्षम प्राधिकारियों द्वारा नियमानुसार प्राप्त आवेदनों को 15 दिवस के भीतर निस्तारित किया जाएगा साथ ही विभागीय वेबसाइट पर आम जनमानस हेतु उपलब्ध करायी गयी उपरोक्त राशनकार्ड सम्बन्धी सेवाओं की विषय-वस्तु से अपने-अपने क्षेत्रों में विभिन्न प्रचार-प्रसार माध्यमों से राशनकार्ड धारकों को अवगत कराने हेतु जन-जागरूकता के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करने को निर्देशित किया गया है।इसके मददेनजर समस्त राशनकार्ड लाभार्थियों से अनुरोध किश गया कि वह अपने राशनकार्ड में उक्त परिवर्तन हेतु खाद्य तथा रसद विभाग उ.प्र. द्वारा विभागीय वेबसाइट के पब्लिक डोमेन wwwwww-fcs-up-gov-in का उपयोग करें।

**○लाभार्थी सेवाओं के लाभ को वेबसाइट पर अपने करें आवेदन**



बबराला- बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ताओं को जानकारी देते।

# 5 वर्ष में बार काउंसिल ने अधिवक्ताओं को दिए 150 करोड़: अजय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**○पूर्व सीएम अखिलेश ने दो साल अधिवक्ताओं को दी पांच हज़ार की आर्थिक सहायता**

**○वर्तमान सरकार से नए अधिवक्ताओं को कुछ भी नहीं मिला**

**बबराला।** गुरुवार को बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष अजय यादव ने गुन्नौर बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा विगत 5 वर्षों में 150 करोड रुपये उत्तर प्रदेश के अधिवक्ताओं को मेडिकल एड में दिए हैं। इसमें कोरोना कल भी शामिल रहा। जिसमें अधिवक्ताओं को धनराशि की अधिक आवश्यकता थी। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की सरकार द्वारा नए अधिवक्ताओं को एक-दो वर्ष जरूर 5000 की आर्थिक सहायता दी गई। लेकिन वर्तमान सरकार द्वारा नए अधिवक्ताओं को कुछ भी नहीं दिया गया। उन्होंने कहा की डेथ क्लेम में 70 वर्ष तक 5 लाख रुपए की अधिवक्ता के परिवार को सहायता बार काउंसिल देती है। और 70 वर्ष के ऊपर वाले अधिवक्ताओं को 3 लाख बार काउंसिल देती है। अभी एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। सरकार का अभी निर्णय बाकी है। इस अवसर पर सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम रईस यादव पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र सिंह यादव, मोहित यादव,प्रदीप गुप्ता, रश्मि ठाकुर ,सुनील कुमार, श्रीकृष्ण भारद्वाज, हरिओम यादव, अनुराग यादव, अशोक कुमार, चंद्रपाल रामसरन यादव, बृजेश कुमार, सोमवीर सिंह एडवोकेट, उपस्थित थे।

# श्रीमद भगवत गीता विश्व का सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भारतीय इतिहास संकलन समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गीता मनीषी स्वामी कृष्णानंद झा ने श्रीमद् भगवद गीता को विश्व का सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ बताकर उसकी शिक्षाओं को आत्मसात करने का आहवान किया।

चंदौसी रोड पर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अध्यापकों अभिभावकों तथा छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान नई दिल्ली के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी कृष्णानंद झा ने कहा कि मानव को कर्तव्य पथ पर चलने की शिक्षा देने वाले ग्रंथ का नाम है श्रीमद् भगवद गीता। जो गीता का अध्ययन करता है उसमे वर्णित शिक्षाओं का मनन करके आत्मसात करता है वह कभी अपने कर्तव्य से विमुख नहीं होता। बल्कि समाज और जगत के लिए उदाहरण और आदर्श बन जाता है। उन्होंने प्रत्येक समस्या का हल श्रीमद् भगवद गीता में बताया और कहा कि संसार में सामाजिक आध्यात्मिक ऐतिहासिक ग्रंथों में सर्वोपरि है श्रीमद् भागवत गीता। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अनंत कुमार अग्रवाल ने गीता मनीषी स्वामी कृष्णानंद झा का विशेष आध्यात्मिक परिचय कराया। विष्णु कुमार ने गीता के संदर्भ में प्रारंभ में अधययन करने और आत्मसात करने की प्रेरणा दी। के के शर्मा, संजीव भटनागर, राकेश कुमार, वैभव सिंह, निरंकार सिंह गंगवार, विमलेश, राहुल, आशीष कौशल, सचिन, कौशल आदि ने गीता मनीषी स्वामी कृष्णानंद झा, अनंत कुमार अग्रवाल, श्रीमाली ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष विष्णु कुमार, अजय कुमार शर्मा को अंगवस्त्र तथा गीता भेंट कर तिलक लगाकर स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय इतिहास संकलन समिति के जिलाध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने की तथा संचालन सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य शिव शंकर शर्मा ने किया।




## एक नज़र इधर भी



सम्भल-दिल्ली रैली पर प्रियंका गांधी से बात करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष आरिफ तुर्की।

## दिल्ली रैली को प्रियंका गांधी से मिले हाजी आरिफ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** दिल्ली के रामलीला मैदान मे 14 दिसम्बर को होने वाली कांग्रेस की रैली की तैयारियां अंतिम क्षण मे चल रही हैं। पार्टी पदाधिकारियों को दिल्ली बुलाकर जिम्मेदारियां सौंपी गई है। गुरूवार को सम्भल जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष हाजी मौहम्मद आरिफ तुर्की ने दिल्ली मे आयोजित कांग्रेस की बैठक मे सांसद प्रियंका गांधी से मुलाकात करते हुए 14 दिसम्बर को दिल्ली के रामलीला मैदान मे होने वाली विशाल रैली को लेकर चर्चा की जबकि सम्भल से जाने वाले कार्यकर्ताओं की जानकारी दी। हाजी आरिफ ने प्रियंका गांधी के अलावा यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, प्रभारी अविनाश पाण्डेय समेत तमाम नेताओं से मुलाकात करते हुए बताया कि सम्भल से भारी तादाद मे दिल्ली जायेंगे और रैली को कामयाब बनायेंगे।


# अधिवक्ता हित के कार्य करने वालों को देंगे वोट

**○युवा अधिवक्ता एसोसिएशन की बैठक में किया आह्वान**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** बार काउंसिल के चुनाव में अधिवक्ताओं का वोट पाने को जहां प्रत्याशियों ने अपने प्रयासों को तेज कर दिया है वहीं युवा अधिवक्ता उनके हितों के लिए काम करने वाले को ही अपना वोट ओर सर्मथन देने का निर्णय लिया है।

युवा अधिवक्ता एसोसिएशन की एक बैठक का आयोजन जिला बार एसोसिएशन के कक्ष में किया गया। बैठक में युवा अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष पुनीत बाबू वार्ष्णेय ने कहा कि यू पी बार काउंसिल का चुनाव होने वाला है। इसलिए हमें ऐंसे प्रत्याशी को वोट करना है जो अधिवक्ता हितों की बात करेगा उसी को वोट व सर्मथन दिया जायेगा। एसोसिएशन के सचिव सुआलेहीन रजा ने कहा कि वकीलों की संवैधानिक संस्था यू. पी. बार काउंसिल के आगामी चुनाव में वादा करने वाले प्रत्याशी को नहीं वादा निभाने वाले प्रत्याशी को ही वोट करें। उन्होने कहा कि प्रत्याशी ऐंसा हो जो अधिवक्ताओं की समस्याओं को दूर करने का प्रयास करे। बैठक में अन्य वक्ताओं ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए अधिवक्ताओं हितों के लिए कार्य करने वाले प्रत्याशी को ही वोट करने का आहवान किया। इस मौके पर बैठक में फिरोज खान, सरफराज हैदर,सूरज सिंह, सय्यदशान अली फरोग, प्रणवदीप, कपिल चन्द्र, मौ. बिलाल आदि अधिवक्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे।



सम्भल- बार काउंसिल के चुनाव में वोट देने पर विचार विर्मश करते युवा अधिवक्ता।

## पंचायत में अधिकारियों के उपस्थित रहने की मांग

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** भाकियू कार्यकर्ताओं ने जिला उपाध्यक्ष मिंकू चौधरी के नेतृत्व में मंगलवार को ब्लॉक परिसर में की जाने वाली पंचायत में किसानों की समस्याओं के निस्तारण को उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, आपूर्ति निरीक्षक, एस डी ओ जल मिशन, लेखपाल देवेन्द्र सैनी, लेखपाल खाबर हुसैन, ग्राम पंचायत सचिव देवेश कुमार आदि के उपस्थित रहने की मांग की।

## बाल विवाह के खिलाफ बच्चों को दिलायी शपथ

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** बाल अपराधों की रोकथाम और बाल विवाह एंव बाल मजदूरी व बाल तस्करी को रोकने के लिए लगातार जनपद सम्भल में जागकरूता कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं प्रयत्न संस्था के संयुक्त तत्वावधान में जनपद मे लगातार अलग-अलग स्थानो पर जागरूकता कार्यक्रम चलाकर बाल अपराध मुक्त भारत एवं बाल अपराध मुक्त जनपद सम्भल बनाने के लिए स्कूली बच्चों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला प्रोवेशन अधिकारी चंद्रभूषण के निर्देशन में गुरूवार को पोटा बराही के उच्च प्राथमिक व प्राथमिक विद्यालयों में स्कूली बच्चों को शपथ दिलाकर बाल विवाह को रोकने का आहवान किया गया। साथ ही अन्य लोगों को भी इस बाल अपराध के खिलाफ जागरूक किया। संस्था के प्रभारी गौरीशंकर चौधरी ने बच्चों को बाल अपराधों कीं जानकारी देते हुए बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई और बताया की हमारे आसपास हो रहे किसी भी बाल विवाह की जानकारी सम्बंधित नम्बरों पर दें।

# झाड़ फूंक नहीं सर्प दंश पर तत्काल अस्पताल पहुंचकर कराएं उपचार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**○सर्पमित्र जियाउल ने स्कूली बच्चों को किया जागरूक, सांपो को लेकर फैली भ्रांतियों को किया दूर**

**सम्भल।** सर्पदंश से होने वाली मौतों को रोकने और सांपों को लेकर तरह तरह की फैलाने वाली भ्रंतियों को दूर करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। बच्चों ने स्वंय के अन्दर से सांपों को लेकर पल रहे डर को दूर किया और सांप जैसे किसी भी जीव जन्तु को न मारने का संकल्प लिया।

नगर के आचार्य मुक्तेश हकीम रईस सरस्वती इण्टर कालिज मे जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे जियाउल ने अपने बेटे उमर के साथ बच्चों को जागरूक करते हुए बताया कि जनपद सम्भल मे किस प्रजाति के सांप पाये जाते हैं और वह किसान मित्र होते हैं फसलों को कीड़ों से नष्ट होने से बचाते हैं। सांपों को मारना या किसी भी जीव जन्तु को मारने का हमे कोई हक नहीं है किसी धर्म मे भी ऐसा नहीं है। कहीं भी सांप दिखाई दें या लीजट यानी बीस कपड़ा या कोई और इस प्रकार का जानवर तो हमे सूचित करें हम उसका रेसक्यू हम करेंगे और पकड़कर जंगल छोड़ेंगे। हजारों सांपो को पकड़ चुके है। लेकिन किसी को सांप काट ले तो डाक्टर से उपचार करायें। किसी झाड़ फूंक से कोई सांप का काटा हुआ ठीक नहीं होता। कोई सांप इंसान का रूप नहीं लेता और कोई मणि नहीं होतीं। इन अफवाहों से बचें और जागरूक हो। जाबुन हसन ने बच्चों के सवालों के जवाब भी दिये। प्रधानाचार्य यतीन्द्र कुमार भाटी ने भी बच्चों से सांप और दूसरे जानवरों को लेकर जानकारी हासिल कर बच्चों तक पहुंचाई। इस मौके पर गीतिका गुप्ता, मारिजुल इस्लाम, महेश कुमार यादव, अमरीश कुमार, तेजपाल सिंह, अरविन्द कुमार, मौ. अयूब, बहोरन सिंह, नावेद अनवर, मु. अकरम, दीपक कुमार, हरपाल सिंह, आशुतोष शर्मा आदि मौजूद रहे।

## जनसुविधा केन्द्रों पर असुविधाओं का बोल-बाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिरसी।** कस्बे भर में दर्जन भर से ज्यादा जन सेवा केन्द्रों व जन सुविधा केन्द्र संचालित किए जा रहे है। जनता की सुविधाओं के लिए खोले गए ऐसे केन्द्रों पर असुविधाओं का बोलबाला है। आरोप है कि शासन द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक वसूला जा रहा है। जानकारी के अनुसार अनेक जन सेवा केन्द्र बिना स्वीकृति के संचालित किए जा रहे हैं तथा जन्म-मृत्यू, निवास व आय आदि के प्रमाणपत्रों को बनाने के नाम पर मन माना शुल्कवसूले जाने के आरोप है।आधार कार्ड बनाने के लिए अधिकृत न होने के बावजूद आधार कार्ड बनाने के नाम पर लोगों का आर्थिक व मानसिक शोषण किया जा रहा है।



बबराला- एनुअल एथलेटिक्स मीट में प्रतिभाग करते बच्चे।

## रामा कान्वेंट में खेल प्रतियोगिता आरम्भ

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** रामा कान्वेंट स्कूल बबराला में तीन दिवसीय एनुअल एथलेटिक्स मीट खेल मे लंबी कूद, ऊँची कूद, गोला फेंक, क्रॉस द रिंग, दौड़ आदि खेलो का आयोजन किया जा रहा है।नगर में गुरुवार को प्रधानाचार्या डा. सुधा गौतम ने फीता काटकर खेलों को प्रारम्भ कराया। जिसमे तुलसीदास हाउस, कबीरदास हाउस, सूरदास हाउस, मीराबाई हाउस, के सभी बच्चो ने 100 मीटर दौड़ 200 मीटर दौड़ 400 मीटर दौड़ में प्रतिभाग लिया । जिसमे बबराला स्पोर्ट टीचर अशोक,फसीह उर रहमान, प्रशांत कुमार, पम्मी कुमार, दिनेश कुमार, विष्णु ,सुनील कुमार एवं रामा कान्वेंट स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# सड़क दुर्घटनाओं से सुरक्षा के लिए रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप ज़रूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**○आदेश का अनुपालन न करने पर दस हज़ार का जुर्माना**

**बबराला।** शीत श्रृतु में कोहरे के कारण बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए संभागीय परिवहन अधिकारी दीपक कुमार शाह ने निर्देशित किया है कि सभी व्यवसायिक वाहनों में रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगाना अनिवार्य है। आदेश का पालन न करने पर मोटर वाहन अधिनियम की धारा 190 (2) के तहत 10 हजार रुपये जुर्माना, 3 माह लाइसेंस निलंबन और कैद तक की कार्वाई संभव है। मालवाहन, ट्रेलर, यात्री वाहन, ई-रिक्शा, ई-कार्ट और तीन पहिया वाहनों पर शक्ति से परावर्तक पट्टी लगानी होगी ताकि कोहरे में भी वाहन स्पष्ट दिखाई दें। नियम के उल्लंघन पर वाहन फिटनेस प्रमाणपत्र भी रोका जा सकता है। परिवहन आयुक्त के निर्देश पर 11 दिसंबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है और सभी वाहन स्वामियों को आवश्यक अनुपालन करने की अपील की गई है। क्षेत्र में विभाग निर्देशों के पालन को जागरूक करने में लगा है।

## ठंड का बाजार पर असर

**सम्भल।** घने कोहरे के साथ शुष हुई कड़क सर्दी का असर बाज़ार पर पड़ गया। अधिक सर्दी के चलते जहां ग्राहकों की आवाजही कम हो गयी वहीं दुकानदारों ने भी दुकानों के शटर गिरा दिए।

## मौसम के पहले कोहरे ने रोकी वाहनों की रफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सर्दी के मौसम के पहली बार घने कोहरे ने वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिए।जबकि गलन भरी सर्दी ने देर तक गर्म वस्त्रों के साथ घरों में कैद रहने को मजबूर किया।

माह दिसम्बर के दस दिन बीत गए,लेकिन सुबह शाम को छोड़कर सर्दी का अहसास नहीं हो पा रहा था। जबकि दिन में सूरज निकलने के साथ चटक धूप थोड़ी बहुत हवा की सर्दी का अहसास नहीं होने दे रही थी। गुरूवार को दिसम्बर माह में पहली बार पड़े घने कोहरे ने गलन भरी सर्दी का अहसास कराया। सुबह से ही घना कोहरा छाये रहने से वाहनों की रफ्तार भी कुंद रही। हालांकि लगभग दस बजे के बाद आसमान में चमक छाते ही निकली चटक धूप से गलन भरी सर्दी से निजात मिली वहीं लोग भी अपने-अपने कामों को घरों से बाहर निकले।

# पीआरडी स्वयं सेवक हर हाल में पुलिस के सहयोगी



सम्भल- पीआरडी दिवस पर जवानों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करते।

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल/बहजोई।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के तत्वाधान में पीआरडी क 77 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया।

बहजोई के मिनी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी के प्रतिनिधि परियोजना निदेशक ज्ञान सिंह एवं विशिष्ठ अतिथि नगर पालिका परिषद बहजोई के चैयरमैन राजेश शंकर राजू ने परेड की सलामी ली। परेड का नेतृत्व बी ओ पीआरडी चित्रवीर सिंह, अनुज कुमार एवं नितिन कुमार ने किया। मुख्य अतिथि ने परेड के अनुशासन की प्रशंसा करते हुए समस्त बी ओ पी आर डी और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी तथा पी आर डी स्वयंसेवकों द्वारा सुरक्षा, शांति व्यवस्था, दैवीय आपदा और चुनाव डयूटी में निभाई जा रही भूमिका को सराहा। चेयरमैन बहजोई ने सभी पी आर डी स्वयंसेवकों को हर परिस्थिति में पुलिस के सहयोगी के रूप में कार्य करने के लिए सराहा प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी विनीत सिद्धू ने बताया कि पीआरडी की स्थापना सन 1948 में हुई थी तब से पीआरडी के जवान पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपनी डयूटी का निर्वहन कर रहे हैं। परेड में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टोलियों को पुरस्कृत किया गया पीआरडी जवानों के बीच कबडडी और रस्सा कसी की प्रतियोगिताएं हुई जिनमें विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रमिला भारती, बीओ पीआरडी जगजीत सिंह एवं एन सी सी प्रभारी कुमारी रितु उपस्थित रहे। मंच का संचालन डा. राजीव कुमार वार्ष्णेय ने किया।

## संतुलित आहार लेने से शरीर रहता है स्वस्थ

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** एम.जी एम पी.जी कॉलेज में मिशन शक्ति अभियान फेस फाइव के अंतर्गत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय रहा- उत्तम आहार- उत्तम स्वास्थ्य। प्राचार्य प्रोफेसर डा. योगेंद्र सिंह ने छात्राओं को पौष्टिक आहार लेने के लिए प्रेरित किया और कहा कि पौष्टिक व संतुलित आहार लेने से हमारा स्वास्थ्य सही रहता है। मिशन शक्ति प्रभारी डा. रितु भटनागर ने भी छात्राओं को पौष्टिक आहार के लाभ के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जैसा हम खाते हैं वैसा ही हमारा मन हो जाता है। इसलिए हमें भोजन भी एक संतुलित मात्रा में व पौष्टिक लेना चाहिए। खासकर महिलाओं को पौष्टिक आहार की ज्यादा आवश्यकता होती है। संगोष्ठी में डॉ. विजय लक्ष्मी शर्मा के साथ 55 छात्राएँ उपस्थित रहीं।

# बहमन पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव मनाया

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**सिरसी।** बहमन पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए समाज में नशा जैसी बुराइयों के दुष्परिणामों से आगाह करते हुए समाज में फैली अन्य कूरीतियों से दूर रहने का आहवान किया।

समारोह में छात्र-छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण के साथ शिक्षा की महत्ता पर भी प्रकाश डाला और मंचन कर उपस्थित सभी मेहमानों का अनोखे अंदाज में स्वागत किया। स्कूल के एन सी सी कैडेटस द्वारा विशिष्ट अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया। बोर्ड की परीक्षा में सर्वप्रथम अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि बसीर रजा काजमी मौ. सुहैल, असगर अली शाह, ताहिर उज़जमा, शोभित रस्तोगी, मौ. औन नकवी, दिनेश कुमार, अमीरूल हसन अमीरूल हसन, कौकब लकवी, शहज़ाद हुसैन, डा. शजी रजा नकवी, किरन फातिमा, मौ. इस्लाम, शबाना नाज व साहिब अली आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।




सिरसी- बहमन जहरा पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देते बच्चे।

# कम रैंक वालों से मांगा स्पष्टीकरण

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**○सीएम डेशबोर्ड पर विकास कार्यों की समीक्षा**

**सम्भल।** सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में एकीकृत बागवानी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, पीएम कुसुम योजना, बीज डीबीटी, प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, आर ई डी विभाग के अन्तर्गत भवन निर्माण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत एम्बुलेंस सेवा 102 एवं 108 की समय सीमा को लेकर जानकारी प्राप्त की और कम रैंक रहने पर नोडल अधिकारी डा. विश्वास अग्रवाल को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए।जल जीवन मिशन को लेकर जानकारी लेकर एफएचटीसी के कार्य को पूर्ण करने को निर्देशित किया गया। जबकि फार्मर रजिस्ट्री तथा फैमिली आईडी को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही पंचायती राज विभाग के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन की रैंक कम रहने पर जिला समन्वयक पंचायती राज को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। पर्यटन विभाग, सामाजिक वानिकी, अण्डा उत्पादन, गौवंश संरक्षण, मत्स्य उत्पादन, सेतु निर्माण, पोषण अभियान, कन्या सुमंगला, प्रोजेक्ट अलंकार तथा राजकीय विद्यालय लहरावन एवं राजपुर राजकीय विद्यालय को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए श्रम विभाग विभाग के अंतर्गत चलने वाली विभिन्न प्रकार की योजनाओं को लेकर जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि मनरेगा श्रमिकों का भी पंजीकरण श्रम विभाग के अंतर्गत कराना सुनिश्चित करें। ओडीओपी के अन्तर्गत रैंक कम रहने पर संबंधित अधिकारी का स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में शासनम अनुशासनम् के अन्तर्गत विभिन्न विभागों के इस माह आये शासनादेशों पर चर्चा की। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाठक, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. शैलेन्द्र सिंह एवं जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार आदि मौजूद रहे।

★शाह टाइम्स★
खबरे छुपाता नही, छापता है।

## स्कूटी व बाइक की टक्कर में शिक्षिका घायल

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** स्कूटी व बाइक की भिड़ंत में शिक्षिका घायल हो गयी। पुलिस ने गुन्नौर अस्पताल में भर्ती कराया। गुन्नौर तहसील के ग्राम रामपुर खादर के प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षिका आरती चौधरी निवासी करोती थाना स्याना जिला बुलंदशहर से रामपुर खादर में शिक्षक तैनात है। बबराला-अनूपशहर मार्ग पर ग्राम जिजोड़ा डांडा पर उनकी स्कूटी की भिड़ंत बाइक सवार से हो गयी। जिसमे शिक्षिका गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायल को 112 पुलिस गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आई।जहां उनको डाक्टर ने उपचार देकर घर भेज दिया।

## समूह के गठन को बिजनौर से पहुंची टीमें

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जनपद में बिजनौर जनपद से 20 आईसीआरपी टीमें समूह गठन के लिए आई। टीमों को बनियाखेड़ा ब्लॉक में उपायुक्त स्वत: रोजगार द्वारा ब्रीफिंग की। इसमें से 10 टीमें ब्लॉक बनियाखेड़ा, 4 टीमें बहजोई, 3 टीमें जुनावई, 3 टीमें रजपुरा ब्लॉक के चिन्हित ग्राम पंचायतों में समूह गठन करने के लिए भेजी गई इन टीमों के द्वारा ग्राम में 15 दिन रहकर गरीब महिलाओं के समह गठन किए जाएंगे।

# नशे की गोलियां खिलाकर ट्रक ड्राइवर को मौत की नींद सुलाने वाले ढाबा कर्मचारी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** ढाबा कर्मचारी के लालच ने ट्रक ड्राइवर की जान ले ली।जनपद के थाना छजलैट क्षेत्र से एक ऐसा चौंकाने वाला मामला सामने आया है जिसने सभी को हिलाकर रख दिया है। जानकारी के अनुसार मुरादाबादख्हरिद्वार मार्ग पर कैंच की पुलिया के पास स्थित फौजी ढाबे पर अक्सर ट्रक ड्राइवर भोजन करने रुकते हैं। इसी बीच ढाबे के एक कर्मचारी ने पैसों के लालच में ट्रक ड्राइवरों को नशे की गोलियां खिलाकर लूट की वारदात को अंजाम देना शुरू कर दिया।घटना वाले दिन आरोपी कर्मचारी ने भोजन में नशीला पदार्थ मिलाकर 5ख्6 ट्रक ड्राइवरों को खिला दिया। नशे की ओवरडोज के कारण सभी लोग अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के रहने वाले एक ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई। बाकी पांच लोगों का उपचार नजदीक के अस्पताल में कराया गया और उनकी स्थिति अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।इस मामले में पीड़ित गुरमेल सिंह निवासी ईशपुर, थाना हरोली ऊना, हिमाचल प्रदेश। ने थाना छजलैट में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपी राजीव गिरी पुत्र ओम भारती गिरी, निवासी मोहल्ला गौसाईवाला, थाना माधोटांडा, जनपद पीलीभीत के खिलाफ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 12 घंटे के भीतर आरोपी ढाबा कर्मचारी राजीव गिरी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह ट्रक ड्राइवरों को नशे की गोलियां खिलाकर बेहोश कर देता था और मौका मिलते ही उनकी जेब से पैसे चोरी कर लेता था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# सीडीओ ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ने जिला कारागार में निरुद्ध महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों के समग्र विकास हेतु मा. उच्च न्यायालय में योजित याचिका में पारित आदेशों के अनुपालन में संयुक्त निगरानी समिति के साथ जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला बैरक में साफ-सफाई, शिक्षा आदि पर विशेष ध्यान देने के लिए जेल अधीक्षक को निर्देशित किया। जिला कारागार में महिलाओं के साथ रह रहे बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण प्रत्येक माह कराने के मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया साथ ही उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी से कहा कि वे अपने स्तर से महिलाओं एवं बच्चों की काउंसिलिंग हेतु काउंसलर की व्यवस्था कराएं। बच्चों की शिक्षा हेतु नियमित अध्यापक उपलब्ध कराने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकरी को निर्देशित किया। इसके साथ ही किन्डर गार्डन के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि नजदीक के आंगनवाडी केन्द्र की आंगनवाडी कार्यकत्री को जिला कारागार में लगाया जाये, जिससे बच्चों को किन्डर गार्डन खेल-कूद आदि गतिविधियों से जोड़ा जा सके। निरीक्षण के दौरान मुख्य बाल कल्याण समिति अध्यक्ष श्री अमित कौशल, चिकित्साधिकारी डा. कुलदीप सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र कुमार राय, बाल रोग विशेषज्ञ डा. मुजीबुल्ला आदि उपस्थित रहें।

## एक नजर

### राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना में वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक 1607 को मिला लाभ

**मुरादाबाद।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय पारिवा. रिक लाभ योजना का मुख्य उद्देश्य परिवार के कमाऊ सदस्य की मृत्यु की दशा में उसके आश्रितों को जीवन निर्वाह के लिए एक मुश्त सहायता प्रदान करना है। जिला समाज कल्याण अधिकारी पंखुरी जैन ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित इस योजना के अंतर्गत मृतक की आयु 18 से 59 वर्ष के मध्य होनी चाहिए तथा मृतक के परिवार की आय ग्रामीण क्षेत्र का निवासी होने की दशा में 46080 रुपए और शहरी क्षेत्र में निवासी होने की स्थिति में 56460 रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस योजना में मृतक की मृत्यु की तिथि से एक वर्ष के भीतर ऑनलाइन आवेदन करने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ प्रदान करने के लिए विभाग द्वारा पोर्टल नचेकब.हवअ.पद के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किए जाते हैं तथा निर्धारित पात्रता पूरी करने वाले आवेदकों को एकमुश्त 30 हजार रुपए की धनराशि प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक 1607 लाभार्थियों को इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया जा चुका है। योजना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, निकट आदर्श कॉलोनी, 23 वीं वाहिनी पीएससी मुरादाबाद में किसी भी कार्यदिवस में संपर्क किया जा सकता है।

### 15 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक खादी महोत्सव का होगा आयोजन

**मुरादाबाद।** जिला/परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि उ0प्र0 खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा दिनांक 15 दिसम्बर 2025 से दिनांक 24 दिसम्बर 2025 तक ''मुरादाबाद खादी महोत्सव-2025'' का युवा केन्द्र, निकट सांई मन्दिर, दीनदयालनगर, मुरादाबाद में आयोजन किया जा रहा है। इस खाड़ी महोत्सव में देश के विभिन्न प्रदेशों तथा प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आई उत्कृष्ट खादी ग्रामोद्योग इकाईयो द्वारा अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर बिक्री की जायेगी। प्रदर्शनी में आने वाली इकाईयां जैसे-जम्मू कश्मीर के बूलन शाल एवं सूट, ड्राईफ्रूट, राजस्थान की नमकीन, पंजाब की जूती, बिहार के भागलपुर की मशहूर खादी, उत्तराखण्ड के बूलन रेडीमेड गारमेन्टस, सहारनपुर का बुडन हैडीक्राफ्ट, कन्नौज का इत्र, मेरठ का आचार, सिल्क खादी, शहद, आर्गेनिक गुड एवं शक्कर, मसाले, भदोही का कारपेट एवं अन्य आकर्षक उत्पाद उपलब्ध रहेंगे।

प्रदर्शनी में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन भी किया जायेगा। उन्होंने सभी जनपद वासियो से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर प्रदर्शनी में आये विभिन्न प्रदेशों की इकाईयो के उत्पादो की खरीददारी करें तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुप्त उठाए।

### ट्रक ने स्कूटर सवार दो युवकों को मारी टक्कर

**बिलारी।** नगर में स्टेशन रोड पर रामरतन इंटर कॉलेज के सामने दोपहर स्कूटर सवार दो युवक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से गंभीर घायल हो गए।सहसपुर निवासी तस्लीम अपने स्कूटर पर सतारन गांव निवासी इकरार को बैठाकर बिचौला से बिलारी आ रहा था। जैसे ही उनका स्कूटर रामरतन इंटर कॉलेज के सामने मुख्य सड़क पर आया तभी सिरसी की ओर से आए तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटर को टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से स्कूटर क्षतिग्रस्त होने के साथ ही दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर डायल 100 पुलिस दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी लाई यहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। टक्कर मारने वाली ट्रक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

### पतरौआ में विशेष सफाई अभियान

**चन्दौसी।** ग्रामीण क्षेत्रों में भी सफाई अभियान पर जोर दिया जा रहा है, क्योंकि झाडियों और खुले क्षेत्रों में मच्छर-मक्खी पैदा होने की संभावना अधिक होती है। गुरुवार को ग्राम प्रधान पतरौआ सुनील कुमार ने स्वयं बुल्डोजर लेकर सफाईकर्मियों के साथ पतरौआ रोड स्थित ईदगाह नाले और अंबेडकर पार्क के पास बने नाले की सफाई शुरू की। ग्राम प्रधान सुनील कुमार ने बताया कि पतरौआ में विशेष सफाई अभियान चलाकर गांव को साफ-सुथरा और जलभराव से मुक्त किया जा रहा है। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### जिला जज ने किया ग्रामीण न्यायालय का निरीक्षण अधिवक्ताओं ने पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** ग्रामीण न्यायालय का निरीक्षण करने आए जिला जज को आज अधिवक्ताओं ने पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा और मांगे पूरी कराई जाने की मांग उठाई। जिला जज आज दोपहर को ग्रामीण न्यायालय पहुंचे और उन्होंने वहां की सफाई व्यवस्था फाइलों के रखरखाव आदि कई बिंदुओं पर जांच की, इसके बाद तहसील बार के अधिवक्ता ज्ञापन लेकर उनसे मिले और कहा कि घरेलू हिंसा से संबंधित बादो का विचारण ग्राम न्यायालय कांठ को दिलाया जाए, सीआरपीसी की धारा 125( 106 बीएनएस से संबंधित बादो का विचारण ग्राम न्यायालय में हो, मुकदमों में होने वाले निर्णय एवं आदेशों की प्रमाणित प्रति लेने की व्यवस्था भी मुरादाबाद के स्थान पर कांठ में हो, छजलैट की अधिकांश फाइल व थाना कांठ की आंशिक फाइल अभी भी मुरादाबाद में लंबित है जो कांठ न्यायालय को नहीं भेजी गई है उन्हें भिजवाया जाए और मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत होने वाले चालान से संबंधित वादों का विचारण भी ग्राम न्यायालय कांठ को दिलाया जाए। अधिवक्ताओं ने सभी मांगों को जल्द से जल्द पूरा कराई जाने की मांग उठाई। इस मौके पर अध्यक्ष प्रदीप कुमार महासचिव दीपक बिश्नोई सहित काफी अधिवक्ता मौजूद रहे।

### सीजन का पहला घना कोहरा, कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित

**चन्दौसी।** दिसंबर माह की शुरुआत के साथ ही कड़ाके की ठंड ने दस्तक दे दी है। गुरुवार की सुबह वर्ष 2025 का पहला घना कोहरा छाया रहा। रात से ही कोहरे की सफेद चादर ने पूरे क्षेत्र को ढक लिया था। अचानक बढ़ी ठंड के कारण लोगों को रात में ही कपकपी महसूस होने लगी। सुबह जब लोग जागे तो चारों ओर घना कोहरा पसरा हुआ था। सूर्य देव भी कोहरे की मोटी चादर में छिपे रहे और दोपहर लगभग 12 बजे जाकर उनके दर्शन हो सके। मौसम विभाग के अनुसार घना कोहरा गेहूं की फसल के लिए लाभदायक माना जाता है, लेकिन इससे आम जनजीवन प्रभावित होता है। स्कूल आने-जाने वाले बच्चों तथा राहग. ीरों को रास्तों में धुंध के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कम दृश्यता के चलते वाहन चालकों को विशेष सतर्कता बरतनी पड़ी।

# महिला सशक्तिकरण: एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन




शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** जिला युवा कल्याण अधिकारी श्री भगवान दास ने बताया कि युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा 77वे पीआरडी स्थापना दिवस समारोह का युवा केंद्र में आयोजन किया गया।

परेड का मान प्रणाम मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी के द्वारा स्वीकार किया गया। परेड के टोली विजेता के रूप में प्रथम संजय कुमार, द्वितीय पवन कुमार, तृतीय प्रेमलता रही है। युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि मण्डल स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन दिनांक 12 दिसंबर 2025 को आरएसडी एकेडमी में किया जा रहा है, जिसमें मुरादाबाद मंडल के पांचो जनपद के विजेता कलाकार प्रतिभाग करेंगे। लोकनृत्य, लोक गीत, पेंटिंग, कविता लेखन, कहानी लेखन डिक्लेमेशन एवं विज्ञान के नवीन प्रोजेक्ट की प्रतियोगिताये कराई जाएगी। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण अधिकारी भगवान दास, सेवानिवृत्ति जिला युवा कल्याण अधिकारी नरेश कुमार चौहान, वैज्ञानिक अधिकारी सुरेश चंद शर्मा, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी जितिन राठी, नवीन कुमार, आशीष कुमार, श्री विनीत कुमार, श्री अभिनव कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, श्रीमती स्वीटी, वरिष्ठ सहायक श्री रूद्रवीर सिंह युवा कल्याण विभाग आदि मौजूद रहे।

# सुशीला आर्य कन्या जूनियर हाईस्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम और भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** सुशीला आर्य कन्या जूनियर हाईस्कूल, सब्जी मंडी गंज में गुरुवार को विद्यालय के संस्थापक स्व. दयानंद गुप्त एडवोकेट की जयंती धूमधाम से मनाई गई। संस्थापक दिवस पर विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय था "व्यक्तित्व के निर्माण में महापुरुषों की जीवनी का महत्व"।

छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजीव सक्सेना,सेवा. निवृत्त प्रभारी सहायक निदेशक, बचत, मथुरा। द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विशिष्ट अतिथि इं. उमाकांत गुप्ता अध्यक्ष, दयानंद आर्य शिक्षा समिति। ने संस्थापक के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान विद्यालय प्रबंधिका संतोष रानी गुप्ता, उप-प्रबंधिका दिव्या रानी, सदस्याएं रमा गुप्ता और कमल भाटिया ने भी पुष्प अर्पित किए।कार्यक्रम में छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत नृत्य एवं "मोबाइल बुरी बला है" गीत पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इसके बाद भाषण प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपने विचार प्रभावी ढंग से रखे। प्रतियोगिता में 'जहरा' ने प्रथम, 'रूबी' ने द्वितीय तथा सना' ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को 'दयानंद छात्रवृत्ति' प्रदान की गई। वहीं 14 नवंबर को आयोजित बाल दिवस खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को भी मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट कर विद्यालय परिवार ने आभार व्यक्त किया।

प्रधानाध्यापिका सिम्पल विश्नोई ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका मंजू शर्मा ने किया तथा व्यवस्थाएं अनीता सिंह व दिनेश ने सुचारु रूप से संभालीं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## राशन कार्ड सेवाएं अब ऑनलाइन लाभार्थियों को कार्यालयों के चक्कर से मिलेगी मुक्ति

शाह टाइम्स संवाददाता

**चन्दौसी।** खाद्य एवं रसद विभाग, उ.प्र. लखनऊ द्वारा जारी कार्यालय पत्रांक 5641, 10 दिसंबर 2025 के अनुसार विभागीय वेबसाइट के पब्लिक डोमेन पर आमजन के लिए राशनकार्ड से संबंधित प्रमुख सेवाएँ राशनकार्ड विभाजन, यूनिट स्थानांतरण, राशनकार्ड स्थानांतरण, राशनकार्ड समर्पण, यूनिट निरस्तीकरण तथा मृत्यु की स्थिति में मुखिया परिवर्तन, अब पूर्णत: ऑनलाइन उपलब्ध करा दी गई हैं। राशनकार्ड धारक अपने कार्ड नंबर और उससे लिंक मोबाइल नंबर के माध्यम से लॉगिन कर आधार आधारित ओटीपी वेरिफिकेशन के बाद आसानी से आवेदन कर सकेंगे, जिससे उन्हें अब आपूर्ति कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। ऑनलाइन किए गए ये आवेदन संबंधित सक्षम प्राधिकारियों की लॉगिन पर स्वत: प्रदर्शित हो जाएंगे तथा निर्देशानुसार सभी प्रकरणों का निस्तारण 15 दिनों के भीतर किया जाएगा। विभाग ने अधिकारियों को व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाकर लाभार्थियों को इन सेवाओं की जानक. ारी देने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में समस्त राशनकार्ड धारकों से अपील की गई है कि वे अपने राशनकार्ड में आवश्यक परिवर्तन हेतु विभागीय वेबसाइट के पब्लिक डोमेन का उपयोग कर इन सुविधाओं का लाभ उठाएँ।

# टिमिट के बीबीए छात्रों का भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला प्रगति मैदान, नई दिल्ली का शैक्षणिक भ्रमण




शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट द्वारा बीबीए (आईबीई) पाँचवें सेमेस्टर के छात्रों हेतु भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ)-प्रगति मैदान, नई दिल्ली का शैक्षणिक भ्रमण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को व्यापार, उद्योग, नवाचार, वैश्विक बाजार, निर्यात-आयात (इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट) प्रक्रियाओं और उद्यमिता के व्यावहारिक आयामों से परिचित कराना था। आईआईटीएफ हर वर्ष देश-विदेश के हजारों प्रतिभागियों, उद्योगों, एमएसएमई, स्टार्ट-अप्स एवं सरकारी विभागों की उपस्थिति में आयोजित किया जाता है, जहाँ विभिन्न सेक्टरों की नवीनतम तकनीक, प्रोडक्ट्स, मार्केट ट्रेंड्स और वैश्विक व्यापार के अवसरों को प्रदर्शित किया जाता है।

इस वर्ष के मेले की थीम ने छात्रों के सीखने के अनुभव को और अधिक समृद्ध किया। प्रो. (डॉ.) विपिन जैन, डीन, फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड् मैनेजमेंट ने कहा कि "भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला छात्रों के लिए एक ऐसा अनूठा मंच है, जहाँ वे कक्षा में सीखे गए सिद्धांतों को वास्तविक व्यापारिक परिदृश्य में समझ पाते हैं। ऐसे शैक्षणिक भ्रमण न केवल छात्रों के दृष्टिकोण को व्यापक बनाते हैं, बल्कि उनमें व्यावहारिक कौशल, नवाचार सोच और उद्यमशील मानसिकता का भी विकास करते हैं। प्रो. विपिन जैन ने आयोजन टीम को सफल आयोजन के लिए बधाई दी तथा छात्रों को प्रोत्साहित किया कि वे इस अनुभव को अपने करियर निर्माण में सकारात्मक रूप से उपयोग करें।

# कृष्ण बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में एसपी सिटी ने विद्यार्थियों को दिए सफलता के टिप्स



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** कृष्ण बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मंगूपुरा में गुरुवार को प्रेरणादायक उद्बोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक (नगर) कुमार रणविजय सिंह, विद्यालय व्यवस्थापक विनोद बाबू सक्सेना, कार्यक्रम अध्यक्ष समाजसेवी सतीश अरोड़ा तथा विद्यालय निदेशक ओमप्रकाश सिंह ने मां शारदे के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया।मुख्य अतिथि पुलिस एसपी सिटी रणविजय सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए जीवन में लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन और सकारात्मक सोच के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को सोशल मीडिया से दूरी बनाकर अध्ययन पर ध्यान केंद्रित करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, "प्रिय छात्रों, सफलता के लिए स्पष्ट लक्ष्य तय करें और निरंतर मेहनत करें। अपने आप पर विश्वास रखें, हार न मानें। आपका भविष्य आपके हाथों में है, प्रयास आज से ही शुरू करें।" उनके उद्बोधन ने छात्रों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों से संवाद भी किया और उनसे विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक उनके प्रश्नों के उत्तर दिए।विद्यालय के निदेशक ओमप्रक. ाश सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व छात्र अमन शर्मा ने किया। इस अवसर पर विनोद बाबू सक्सेना, सतीश अरोड़ा, डी.के. जौहरी, सतवीर सिंह, प्रधानाचार्य कपिल देव, गजेंद्र चौधरी, सचिन चौधरी, मयंक धारीवाल, अंकुश चौहान, जतिन चौहान, अस्मित चौधरी, निशांत धारीवाल सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# राजकीय हाईस्कूल नगलिया मशकूला में करियर मेले का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**कुंदरकी।** गुरुवार को राजकीय हाईस्कूल नगलिया मशकूला में करियर मार्गदर्शन व परामर्श कार्यक्रम के अंतर्गत करियर मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में ब्रजबाला प्रधानाचार्या राजकीय हाईस्कूल हुसैनपुर छिरावली उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉङ्क स्वदेश प्रधानाचार्या, ब्रजबाला ,सब इंस्पेक्टर धर्मपाल सिंह, संपादक हरद्वारी लाल गौतम , डायरेक्टर ओमक. ार सिंह , , प्रोफेसर डॉ मीरा कश्यप ,डॉ अनुभव गुप्ता, आई आई टी एन शौर्य प्रताप सिंह, युनुस सैफी (पूर्व प्रधान ),द्वारा फीता काटकर किया गया। तत्पश्चात विभिन्न विभागों पुलिस विभाग, चिकित्सा विभाग, अभियांत्रिकी विभाग, तकनीकी विभाग, बैंक , न्याय विभाग,शिक्षा विभाग से विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे। उपस्थित विभिन्न विभागों के सभी अतिथियों द्वारा छात्र-छात्राओ को संबंधित विभाग में करियर निर्माण हेतु मार्गदर्शन किया गया। प्रधानाचार्या डॉङ्क स्वदेश ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि करियर मेला आपकी शिक्षा, आपके करियर को चुनने तथा जीवन लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। करियर मेले के माध्यम से आप अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शैक्षिक विकल्पों के साथ-साथ उसमें प्रवेश तथा उससे संबंधित पाठ्यक्रम के बारे में सही मार्गदर्शन प्राप्त करके अपने लक्ष्य की पूर्ति आसानी से कर सकते हैं। तथा आप जो शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं उसको एक दिशा प्रदान कर सकते हैं। और सही मार्ग पर चलते हुए जीवन को उत्कृष्ट बना सकते हैं। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्या ब्रजबाला द्वारा छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि करियर मेले द्वारा आपको करियर संबंधी संसाधन व स्रोत की जानकारी आसानी से प्राप्त हो सकती है



। प्रोफेसर डॉ मीरा कश्यप प्रोफेसर केजी के डिग्री कॉलेज मुरादाबाद द्वारा छात्र और छात्राओं को सभी विषयों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करने हेतु जागरूक किया गया। कोतवाली नगर पंचायत प्रतिनिधि मंगल सिंह सैनी

द्वारा अपनी रुचि के अनुसार करियर को चुनने के लिए प्रेरित किया । महाराजा अग्रसेन इंजीनियरिंग एंड टेक्निकल कॉलेज, गजरौला के डायरेक्टरओमकार सिंह द्वारा छात्र -छात्राओं को तकनीकी शिक्षा में आगे बढ़ने हेतु तथा गणित विषय को अनिवार्य रूप से अध्ययन में शामिल करने के लिए जागरूक किया। तथा कहा गया कि गणित विषय आपके भविष्य में सभी प्रकार के कैरियर का मार्ग खोलता है। द्वारा करियर संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। साथ ही अनुशासन पूर्ण तरीके से अपने शिक्षा को प्राप्त करने का मार्ग भी बताया गया। राष्ट्रीय सिद्धान्त अखबार के संपादक हरद्वारी लाल गौतम द्वारा सामान्य अध्ययन पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा।

पूर्व प्रधान युनुस सैफी द्वारा विद्यालय के विकास के बारे में चर्चा की गई तथा बालिका शिक्षा हेतु सभी को जागरूक किया गया। विद्यालय की नोडल शिक्षिका रेणुका ने बताया कि करियर मेला आपको करियर के संबंध में निर्णय लेने में मदद करता हैस शिक्षिका प्रीति ने सांस्कृतिक कार्यक्रम व मेले में साज -सज्जा में सहयोग किया।कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या डॉक्टर स्वदेश कुमारी द्वारा मुख्य अतिथि एवं विभिन्न विभागों से उपस्थित हुए अतिथि गण को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय के समस्त छात्र व छात्राओं को कार्यक्रम में सराहनीय सहयोग करने के लिए मुख्य अतिथि व प्रधानाचार्या द्वारा प्रमाणपत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र हारिश नबी को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक सम्बंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में हारिश नबी के द्वारा किए गए किसी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमे बाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **मौहम्मद नबी पुत्र अहमद हुसैन निवासी बारादरी सराय हुसैनी बेगम बढ़ का कुंआ तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपनी पुत्री मोनी को गलत संगत में पडने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक सम्बंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मोनी के द्वारा किए गए किसी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के वह स्वंय जिम्मेदार होगी। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार का कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **भगवान सिंह पुत्र केवल सिंह निवासी लाकड़ी फाजलपुर सब्जी मण्डी के पीछे शहर व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र अजय कश्यप व उसकी पत्नी श्रीमती राखी को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक सम्बंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के वह स्वंय जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार का कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **श्रीमती मुन्नी पत्नी स्वर्गीय श्री चंद्रपाल निवासी ग्राम व पोस्ट सरथल, तहसील व थाना बिलारी, जिला मुरादाबाद।**

# पीतल कारखाने से चोरी हुआ माल

## सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात, कारखाना स्वामी ने पुलिस से की शिकायत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** थाना कटघर क्षेत्र के रहमत नगर में स्थित एक पीतल कारखाने से माल चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित राशिद हुसैन,जो रहमत नगर गली नंबर 1 आस्क संकल्प स्कूल के सामने रहते हैं,उन्होंने थाना कटघर पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पीतल का कारखाना उनके ही घर में संचालित है। इस फर्म में लाल. बाग निवासी मोहम्मद जीशान नाम का युवक पिछले कुछ समय से काम कर रहा था।पीड़ित के अनुसार, मौ. जीशान पर शक होने पर जब कारखाने में लगेसीसीटीवी कैमरों की जांच की गई, तो आरोपी युवक माल चोरी करते हुए कैमरे में साफ कैद दिखाई दिया। फुटेज में वह पीतल का तैयार माल छुपाकर ले जाते हुए नजर आ रहा है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि लगातार पीतल के सामान की कमी हो रही थी, जिसके बाद उन्होंने कैमरों की



रिकॉर्डिंग चेक की। रिकॉर्डिंग में चोरी की पूरी घटना सामने आने के बाद इसकी जानकारी तत्काल थाना कटघर पुलिस को दी गई।पीड़ित राशिद हुसैन ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि चोरी किए गए माल की कीमत काफी अधिक है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है। वहीं, पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है और शीघ्र ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

चोरी की वारदात सामने आने के बाद आसपास के कारोबारी भी सतर्क हो गए हैं।

## शांति भंग में एक का चालान

**कांठ (शाह टाइम्स)** पुलिस ने शांति भंग में एक का चालान कर एसडीएम अदालत में पेश किया है। बताया गया की भागीजोत निवासी कपिल कुमार पुत्र शीशपाल से शांति भंग की आशंका थी जिसके तहत उसको संबंधित धारा में निरुद्ध कर उप जिला अधिकारी की अदालत में पुलिस ने पेश किया है।

## चोरी करते पकड़े गए आरोपियों का एनडीपीएस में चालान

**ठाकुरद्वारा।** ब्लॉक परिसर में दिन दहाड़े चोरी करते हुए दो युवकों को ब्लॉक कर्मचारियों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा था। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस के तहत कार्रवाई कर चालानी कार्रवाई न्यायालय में पेश किया है। बीते बुधवार को ब्लॉक कर्मचारियों ने दो युवको को ब्लॉक परिसर में चोरी करते हुए मौके पर पकड़ लिया था। चोरी करने वाले आरोपी ब्लॉक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। चोरी सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस दोनों चोरो का पकड़ कर कोतवाली ले आयी। इसके बाद शुरू हुआ पुलिस का खेल। पुलिस ने दोनों चोरों के खिलाफ चोरी में रिपोर्ट दर्ज कर न करते हुए नगर के मोहल्ला नई बस्ती वार्ड 16 निवासी आसिफ पुत्र मौ0 हुसैन व इमरान पुत्रु अहमद अली के



पास से 183 ग्राम चरस बरामद दिखाकर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए बृहस्पतिवार को मेडिकल परीक्षण कराकर दोनों का चालान कर न्यायलय में पेश किया। टीम में उपनिरीक्षक बलराम दीक्षित व कांस्टेबल अभिषेक शामिल रहे।

## एक नजर

### पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**भोजपुर।** पुलिस ने मोहल्ला धर्मपुर आंगा निवासी वारंटी असलम उर्फ बिहीरी पुत्र शहजादे और मोनू पुत्र रमेश को गिरफ्तार कर लिया। असलम अवैध रूप से चाकू रखने एवं मोनू कूड़ा कचरा जलाकर वातावरण करने के आरोप में चल रहे मुकदमों में अदालत से गैरहाजिर चल रहे थे। दोनों अभियुक्तों के खिलाफ अदालत ने गैरजमानती वारंट जारी कर पुलिस को 13 दिसंबर तक गिरफ्तार कर अदालत में पेश करने के निर्देश दिए थे। पुलिस ने अदालत के आदेश का पालन करते हुए दोनों को उनके घरों से गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर दिया। अदालत ने आरोपियों को जेल भेज दिया।

### तीन साल का पोता गायब होने पर दर्ज कराया मुकदमा

**बिलारी।** मिलक नगलिया जट गांव के रामवीर पुत्र नरायन ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि उसका 3 साल का पोता काव्यांश रात्रि में उसके पास सोया हुआ था। 1 बजे जब उसने अपने पोते को देखा तो वह घर पर नहीं था। आसपास तलाश करने पर कहीं कुछ पता नहीं चला दर्ज कराई। रिपोर्ट में कहा कि उसकी पुत्रवधू सविता जो 6 माह पूर्व सैफनी गांव के संजय यादव पुत्र दानवीर सिंह के साथ चली गई थी। वह अपने दो बेटे रियांश और काव्यांश को छोड़ गई। तभी से वह उसकी पत्नी दोनों बच्चों की देखभाल कर रहे हैं। आरोप है कि सविता ने हीं उसके पोते काव्यांश को गायब किया है। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

### चरस सहित पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

**बिलारी।** पुलिस ने चरस सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया। उसके पास 1074 ग्राम चरस बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी पर पुलिस ने मादक पदार्थ अधिनियम की धारा के तहत मुकदमा दर्ज करके जेल भेज दिया। दरोगा अमित कुमार सिंह ने बिलारी के मोहल्ला अंसारियान निवासी सुहेल पुत्र अहमद रजा को गिरफ्तार किया। जिसके पास 1074 ग्राम चरस बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी पर मुकदमा दर्ज करके उसे जेल भेज दिया।

### जच्चा बच्चा केंद्र को छापा मारकर किया सील

**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजपाल सिंह ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ बीरमपुर गांव में झोलाछाप क्लीनिक पर छापा मारा। जहां पर कुछ महिलाएं भर्ती मिली। क्लीनिक के कागज मांगे गए लेकिन कोई कागज नहीं दिखा सका, लिहाजा क्लिनिक को सीज करके मरीज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कर दिया गया। गुरुवार को चिकित्सा अधीक्षक डा.राजपाल सिंह ने छापामार कार्रवाई की। बीरमपुर गांव में डॉक्टर जगवती द्वारा क्लीनिक चलाया जा रहा था। यहां पर बीरमपुर गांव की उपासना पत्नी अशोक कुमार भर्ती थी। जिसे क्लीनिक पर पहुंचाया गया।

### वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद संभल में कानून व्यवस्था, अपराध एव अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान कें तहत थाना कुढ़फतेहगढ़ पुलिस द्वारा गुरुवार को मु0अ0सं0 220/2025 धारा 87/137(2) बीएनएस व 16/17 पॉक्सो एक्ट में वांछित आशीष पुत्र रावेन्द्र सिंह निवासी ग्राम अंबियापुर थाना बिसौली जिला बदायूं को रतनपुर अड्डे से गिरफ्तार किया गया।

### अभाकिमस का नहर सिंचाई विभाग के खिलाफ प्रदर्शन

**ठाकुरद्वारा।** बृहस्पतिवार को कालेवाला के किसान अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के कैंप कार्यालय रामू वाला गणेश पर एकत्र हुए तथा नहर सिंचाई विभाग के विरुद्ध प्रदर्शन किया। इस दौरान गांव काले वाला के पूर्व प्रधान विजेंद्र सिंह ने बताया कि पशुपति फैक्ट्री के पास से छोटी नहर (माइनर) बड़ी नहर से निकलती है जो रामू वाला गणेश से होकर मुंशीगंज काले वाला माधो वाला जाती है इस छोटी नहर में तादाद से ज्यादा पानी छोड़ा जाता है जिससे बहुत से किसानों की गेहूं तथा अन्य फैसले जल भराव से बर्बाद हो गई है इस छोटी नहर का निकास कहीं को नहीं है नहर का पानी खेतों में जाकर भर जाता है किसान रातों-रात बड़ी नहर पर जाकर



पानी बंद करते हैं इस दौरान किसान नेता प्रीतम सिंह ने जिलेदार सिंचाई विभाग अवनीश कुमार से वार्ताकार समस्या के बारे में अवगत कराया और तत्काल समाधान करने का अनुरोध किया किसानों ने मांग की है कि नहर के पानी की निकासी नदी तक की जाए। नहर के पानी से किसानों के हुए नुकसान का सर्वे करा कर तत्काल मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। नहर को डैम से तत्काल बंद कराया जाए। अन्यथा किसान थाना दिवस ठाकुरद्वारा में अपनी शिकायत करने को मजबूर होंगे इस दौरान राजकुमार रघुवीर सिंह नरेंद्र सिंह नन्हे सिंह चौहान तिरमल सिंह योगेंद्र सिंह विजयपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### कुंदरकी में हाईवे पर हादसा बाइक सवार को ट्रक ने टक्कर मारी, घायल

**कुंदरकी।** कुन्दरकी में आगरा-अलीगढ़ नेशनल हाईवे पर गुरुवार की सुबह भूसी से भरे ट्रक ने बाइकसवार को टक्कर मारदी। हादसे में बाइकसवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। घटना के बाद मौके पर जाम लग गया। जिसे पुलिस द्वारा सुचारू कराया गया। जानकारी के अनुसार बाइकसवार व्यक्ति अपनी बेटी की शादी का निमंत्रण देने के लिए घर से निकला था। तभी रास्ते मे रोग साइड से आ रहे ट्रक ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया।

# नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ भारतीय लोकतंत्र बचाओ मोर्चा ने दिया ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** ड्रग्स के बढ़ते अवैध कारोबार को लेकर भारतीय लोकतंत्र बचाओ मोर्चा के पदाधिकारियों ने गुरुवार को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित एक विस्तृत तीन सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी मुरादाबाद को सौंपा। पदाधिकारियों ने ज्ञापन में शहर व आसपास के क्षेत्रों में ड्रग्स व नशीले इंजेक्शन की खुलेआम बिक्री पर गंभीर चिंता व्यक्त की।

ज्ञापन में कहा गया है कि मुरादाबाद के कई मेडिकल स्टोरों पर नशे के इंजेक्शन और नशीली कैप्सूल बिना किसी नियंत्रण के बेचे जा रहे हैं, जिससे मासूम युवा नशे की गिरफ्त में आकर अपना भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। करुला सहित कई मोहल्लों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थिति समान रूप से चिंताजनक बताई गई है। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि यह पूरा अवैध कारोबार ड्रग्स विभाग के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से चल रहा है। कई मेडिकल स्टोर ऐसे हैं जिनके लाइसेंस किसी और के नाम पर हैं, जबकि संचालन अन्य लोग कर रहे



हैं, जो पूरी तरह गैरकानूनी है।ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि कुछ ड्रग्स अधिकारियों को मासिक अवैध वसूली दी जाती है और इसी कारण कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाती। मोर्चा सदस्यों ने कहा कि पहले भी कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन कार्रवाई के अभाव में नशे का जाल निरंतर फैलता जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मुरादाबाद मंडल को पूरी तरह नशामुक्त बनाने और अवैध ड्रग्स कारोबार पर सख्त रोक लगाने की मांग की, ताकि युवाओं का भविष्य सुरक्षित रह सके।ज्ञापन सौंपने वालों में शाकिर अली रायनी (संस्थापक), पवन सिंह चौहान, फहीम मंसूरी, गुड्डू जावेद, यादराम, नौशाद एडवोकेट, ओमकार सिंह एडवोकेट (राष्ट्रीय अध्यक्ष), असलम सिद्दीकी, सूरज चौहान समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आईएफटीएम में मोटीवेशनल सत्र का आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के इंस्टीटयूशंस इना.वेशन काउंसिल (आईसीसी) तथा ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में "फ्रॉम आइडिया टू इम्पैक्ट-मोटीवेशनल सेशन बाई सक्सेसफुल इंटरप्रेन्योर/स्टार्टअप फाउंडर" विषय पर मोटीवेशनल सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सत्र विद्यार्थियों में नवाचार की भावना को बढ़ाते हैं और उन्हें उद्योग की वास्तविक अपेक्षाओं से अवगत कराते हैं। सत्र के प्रमुख वक्ता व कोडस्क्वॉड्ज, नोएडा के सह-संस्थापक श्री मनीष भाटिया ने अपने स्टार्ट-अप सफर, उद्योग अनुभव तथा युवाओं के लिए आवश्यक कौशलों पर अत्यंत प्रेरक और व्यावहारिक विचार साझा किए। श्री भाटिया ने कोड स्क्वॉड्जकी स्थापना की कहानी, चुनौतियों, समाधान रणनीतियों और तकनीकी क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे आज के डिजिटल युग में कोडिंग, डिजिटल उत्पाद विकास और टेक्नोलॉजी-आधारित समाधान युवाओं को विशाल अवसर प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने विद्याथियों को नवाचार, दृढ़ता और निरंतर सीखने की भावना विकसित करने का संदेश दिया। सत्र की रुप रेखा आईसीसी के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. मनोज कुमार, ने प्रस्तुत की। उन्होंने विद्यार्थियों को नवाचार की ओर बढ़ने, विचारों को वास्तविक रूप देने तथा उद्यमिता को कॅरियर विकल्प के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं के नवीन विचार देश की प्रगति का आधार हैं। यदि विद्यार्थी अपने विचारों पर निरंतर कार्य करें, तो वे स्वयं का भविष्य बदलने के साथ समाज पर भी सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। वहीं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक श्री के.के. बंसल ने कहा कि विश्व



विद्यालय सदैव ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थयों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि सत्र में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। सत्र की मेजबानी ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी सुश्री अक्षी राजपूत ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन सीनियर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी श्री आशीष अग्रवाल ने किया। सत्र के अंत में आईसीसी के संयोजक डॉ. अतनु नाग ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया और इस सत्र को सफल बनाने के लिए सभी विभागों, छात्र प्रतिभागियों तथा अतिथि वक्ता का आभार व्यक्त किया।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने बाजार में स्टाल लगाकर की जांचः 45 नमूनों में से 42 पास, 3 फेल



**ठाकुरद्वारा।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने बृहस्पतिवार को राजीव मार्केट में मोबाइल जांच स्टाल लगाकर नागरिकों द्वारा उपयोग में लाए जाने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की। इस अभियान के दौरान दूध, पनीर, हल्दी, धनिया, मिर्ची, बर्फी, रसगुल्ला समेत कई खाद्य उत्पादों के नमूने लिए गए। जांच अभियान में कुल 45 नमूनों की जांच की गई, जिनमें से 42 नमूने मानकों पर खरे पाए गए। हालांकि, तीन नमूने फेल रहे, जिनमें नगर पालिका द्वारा आपूर्ति किया जा रहा पेयजल भी शामिल है, जो मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया। इस दौरान कई सतर्क नागरिकों ने भी घर से खाद्य सामग्री लाकर उनकी जांच करवाई। विभाग के अधिकारी डॉ. भूपेंद्र सिंह एवं राजीव कुमार के नेतृत्व में सात सदस्यीय टीम मौजूद रही। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि फेल हुए नमूनों के संबंध में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी और नागरिकों से भी खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि ऐसे निरीक्षण अभियान नियमित रूप से चलाए जाते रहेंगे। जांच के दौरान व्यापार मंडल के मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल, अनिल अग्रवाल, जुल्फिकार अली, गुलवेज, कमलेश कुमार, मुस्तकीम, हाजी संजीव, रोहिल्ला, दीपक अग्रवाल और मोहम्मद हारुन सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे।

हेतु संर्दिशत करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी०डि०)/एफटीसी कोर्ट महोदय, जिला मुरादाबाद।**
**विविध वाद सं०:** 220/2022
**सम्बन्धित मूलवा सं०:** 765/2022
**तारीख पेशी:** 06.01.2026
**श्रीमती परमा देवी उर्फ पदमा देवी बनाम नरेश कुमार आदि।**
**बनाम**
1. नरेश कुमार पुत्र चन्द्रभान निवासी एसएनडी स्कूल के पास गोविन्द नगर मुरादाबाद, 2. संजय कुमार पुत्र यादराम सिंह निवासी गली नम्बर-2, गोविन्द नगर, मुरादाबाद, 3. श्रीमति अनवर जहां पत्नी महमूद निवासी ग्राम गोट तहसील व जिला मुरादाबाद।

चूंकि उपरिनामांकित वादनी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2026 के 01 के दिवस 06 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 12 के दिवस 11 को निकाली गयी है।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज (सी०डि०)/ एफ०टी०सी०, जनपद-मुरादाबाद।**

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'फ्रेशर्स पार्टी' का हुआ भव्य आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में डी.फार्मा और बी.फार्मा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के नव-प्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत हेतु भव्य फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व फैकल्टी ऑफ फार्मेसी के डीन डॉ. नवनीत वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन और प्रेरक संबोधन के साथ हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कॉलेज जीवन आत्म-विकास और कॅरियर निर्माण का महत्वपूर्ण चरण होता है, अतः सभी को समर्पण और मेहनत के साथ आगे बढ़ना चाहिए। वरिष्ठ विद्यार्थियों ने नव-प्रवेशित विद्यार्थियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

इसके पश्चात् विद्यार्थियों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए, जिसमें अच्छे प्रदर्शन के आधार पर डी.फार्मा, प्रथम वर्ष की छात्रा स्नेहा सैनी मिस फ्रेशर और छात्र पारस कुमार मिस्टर फ्रेशर चुने गए। वहीं बी.फार्मा, प्रथम वर्ष के छात्र लकी शर्मा को मिस्टर



फ्रेशर तथा ताज ऐश्वर्या शर्मा को मिस फ्रेशर का खिताब प्रदान किया गया। इस दौरान संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजा यह आयोजन नए छात्रों के लिए उत्साह और उमंग से भरा रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खूब मस्ती की। इस मौके पर वहीं स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के निदेशक डॉ. सुशील कुमार ने नव-प्रवेशित विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, शोध और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि नव-प्रवेशित विद्यार्थी कच्ची मिट्टी के समान होते हैं, जिन्हें शिक्षक और सीनियर्स जिस दिशा में ढालते हैं, वे उसी रूप में विकसित होते चले जाते हैं। विभागाध्यक्ष डॉ. प्रशान्त उपाध्याय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी का दायित्व है कि वे नए विद्यार्थियों को संस्कारवान, जिम्मेदार और लक्ष्य-केन्द्रित बनाएं। फ्रेशर पार्टी के सफल संचालन में डी.फार्मा की आयोजन समिति के सदस्यों रिचा सक्सेना, जतिन किशोर शर्मा और ताहिरा सुल्तान आदि विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं बी.फार्मा की टीम में दिनेश कुमार, राजकुमार, शीतल नेगी और दीपिका ने उत्कृष्ट समन्वय के साथ पूरे आयोजन को सफल और यादगार बनाया। फ्रेशर्स पार्टी में स्कूल के लगभग 300 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू०डि०) महोदय मुरादाबाद।**
**तारीख पेशी:** 09.01.2026
**उत्तरा० वाद सं०:**283 सन् 2025
**सोनू बनाम दीनदयाल आदि।**
1. सोनू आयु लगभग 21 वर्ष पुत्र स्व. श्री रमेश निवासी ग्राम बरौली रूस्तमपुर तह. बिलारी, जिला मुरादाबाद-**वादी।**
**बनाम**
1. दीनदयाल आयु लगभग 29 वर्ष पुत्र स्व.रमेश निवासी ग्राम बरौली रूस्तमपुर तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद आदि। 2. **जनता आम-प्रतिवादीगण।** इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा सोनू हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा सोनू मुसबफा रमेश अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू. 1,04,291/-हरगाह मुसम्मा सोनू ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 09 मास 01 सन् 2026 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुना. सिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), मुरादाबाद।**

**खोया-पाया सूचना**

श्रीमती नीरू शर्मा पत्नी स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा निवासी ई-138 फेस-1 अशोक विहार नई दिल्ली-52, सम्पत्ति- प्लाट नं. सी-2/166 मानसरोवर कालोनी दिल्ली रोड मुरादाबाद के स्वामी बैनामे रजिस्टर्ड दिनांक 25.06.2010 जिल्द संख्या 7552 के क्रमांक 9039 उपनिबन्धक मुरादाबाद से हैं। उक्त सम्पत्ति को बलराम सिंह पुत्र श्री ओमपाल सिंह नि0 सी-2/170 मानसरोवर कालोनी मुरादाबाद द्वारा एग्रीमेन्ट दिनांक 28.11.25 के अनुसार खरीदा जाना है। जिसके लिए भारतीय स्टेट बैंक, होम लोन सेन्टर सिविल लाइन मुरादाबाद द्वारा ऋण स्वीकृत किया जाना है। उक्त सम्पत्ति का मूल आवंटन पत्र दिनांक 24.10.1994 मूल कब्जा पत्र दिनांक 06.03.2000 तथा प्रथम आवंटी श्रीमती सीमा जैन जी द्वारा मुरादाबाद विकास प्राधिकरण से कराया बयनामा जिल्द संख्या 2363 क्रम संख्या 2808 दिनांक 30.03.1999 की मूल प्रतियां कहीं खो गयी हैं। जिस संबंध में मझोला थाना मुरादाबाद में 20.12.2024 को FIR दर्ज है। यदि किसी व्यक्ति को इस संबंध में कोई जानकारी मिलती है तो इस नम्बर पर सूचित करने की कृपा करें।
**मो.नं. 9319321334-बलराम सिंह।**

# नगरवासी स्वयं हटाने में लगे अतिक्रमण

**चन्दौसी।** नगरपालिका क्षेत्र में समाजसेवियों और स्थानीय गणमान्य लोगों के सहयोग से एक सराहनीय उदाहरण सामने आया है। मिनी वृंदावन कहलाने वाले चन्दौसी के शांतिप्रिय और सहयोगी स्वभाव के लोगों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि शहर की पहचान सिर्फ स्थानों से नहीं, बल्कि वहां के नागरिकों के सकारात्मक रवैये से बनती है। प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए क्षेत्रवासियों ने अतिक्रमण हटाने की पहल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना शुरू कर दिया है। लोगों में पूर्व एसडीएम विनय मिश्रा की न्यायप्रिय और पारदर्शी कार्यशैली की यादें आज भी ताजा हैं। उनके द्वारा शक्तिनगर, बदायूं रोड, 35ए फाटक और कब्रिस्तान



मार्ग को चौड़ा कर असंभव को संभव बनाने की मिसाल ने स्थानीय नागरिकों को प्रेरित किया है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए अब पहली बार बड़ा बाजार, बिसौली गेट और आसपास के क्षेत्रों में व्यापारियों और निवासियों ने स्वयं नाले-नालियों पर से अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया है, जो कि एक उल्लेखनीय पहल कही जा रही है। स्वैच्छिक रूप से अतिक्रमण हटाए जाने से न केवल सफाईकर्मियों को सफाई कार्य में सुविधा मिलेगी, बल्कि शहर की सुंदरता और यातायात व्यवस्था भी सुधरेगी। दुकानदार चाहे छोटे हों या बड़े, सभी अपने-अपने स्तर पर अतिक्रमण हटाने में जुटे हैं। अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने इस भावना की सराहना करते हुए कहा कि यदि नागरिक स्वयं पहल कर अतिक्रमण हटाएं, तो इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने ऐसे जागरूक नागरिकों को सम्मानित करने की इच्छा भी व्यक्त की। प्रशासन ने इस प्रयास की खुलकर प्रशंसा करते हुए इसे चन्दौसी के लिए एक सकारात्मक बदलाव बताया है।

**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/ II/ मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आंमत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | 251-DRM-MB-25-26 Date 10.12.2025 | | |
| कार्य का नाम | (1) TFR = 21.271 TKM in BLM-AMG section under jurisdiction of ADENHRI-I, (2) TFR=4.67 TKM in RAC-BLM section under jurisdiction of ADEN-HRI-I, (3) P-Way work at BGH station in connection with replacement of old PI with EI for BGH station of Moradabad Division | | |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/ समय | 02.01.2026 16:00 | अनुमानित लागत | ₹ 64,99,473.74 |
| धरोहर राशि | ₹ 1,30,000.00 | बिडिंग स्टार्ट तिथि | 19.12.2025 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 09 माह |

सं.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 10.12.2025
3819/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभि०/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा ई-टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत (₹) | अग्रिम धन (₹) | निविदा फॉर्म की लागत (₹) | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 02-Tele-CharBatt-MB-25-26 प्रोविजन ऑफ एस एम पी एस बेस्ड चर्गेर्स एंड बैटरीज ऑफ टेलिकॉम इक्विमेंट इन लिएऊ ऑफ ओवरएज्ड एम पी एस बेस्ड चर्गेर्स ओवर मुरादाबाद डिवीजन | ₹2,69,66,217.89 | ₹2,84,800/- | निल | 08.01.2026 15:00 बजे |
| 2. | RT-SNT-TELE-RAILNET-22-23 रेलनेट कनेक्टिविटी एट मेजर स्टेशन डिपो स्टोर ओवर मुरादाबाद डिवीजन। | ₹3,19,97,196.04 | ₹3,10,000/- | निल | 08.01.2026 15:00 बजे |
| 3. | 05-SNT-Sig-SSDAC-MSDAC2 प्रोविजन ऑफ SSDAC/MSDAC इन लिएउ ऑफ ओवरएज्ड यूनिवर्सल एक्सल काउंटर इन चंदौसी-बरेली सेक्शन ऑफ मुरादाबाद डिवीजन | ₹1,45,52,199.59 | ₹2,22,800/- | निल | 08.01.2026 15:00 बजे |
| 4. | SNT-RT-ARC-CEL-Cards-MB-2024 रिपेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर 3 इयर्स ऑफ वेरियस टाइप ऑफ CEL मेक SSDAC/HASSDAC/MSDAC कार्ड्स ओवर मुरादाबाद डिवीजन। | ₹2,39,11,319.7 | ₹2,69,600/- | निल | 08.01.2026 15:00 बजे |
| 5. | 04-Tele-CCTVRRoom-MB25-26 प्रोविजन ऑफ सीसीटीवी कैमरास टू मोनिटर कामन एरिया रिटायरिंग रूम एण्ड टिकिट काउन्टरस एट ऑल मेजर लोकेशनस ऑफ मुरादाबाद डिवीजन। | ₹2,14,35,302.09 | ₹2,57,200/- | निल | 08.01.2026 15:00 बजे |

नोटः निविदा का पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।
निविदा सूचना सं.: 21/Tele/Charger/Battery, Railnet, 05 RT-SSDAC, ARC-CEL, CCTV दिनांक: 10.12.2025 3827/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त खेल समाचार

### जूनियर विश्व कप हॉकी में जर्मनी को खिताबी जीत पर दी बधाई

**चेन्नई, वार्ता।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने आज जर्मनी टीम को जूनियर पुरुष विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट में अपने खिताब बरकरार रखने के लिए बधाई दी तथा भारतीय टीम की कांस्य पदक मुकाबले में अर्जेंटीना शानदार जीत के लिए सराहना की। कल रात यहां खेले गए फाइनल मुकाबले में जर्मनी ने पेनल्टी शूटआउट में स्पेन को 3-2 से हराकर कड़ी टक्कर वाला मैच जीता। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर थीं। जर्मनी ने आठवीं बार इस टूर्नामेंट का खिताब जीता हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट पर स्टालिन ने कहा कि जज्बा, कौशल और जोश यही चैंपियन की एनर्जी है।

### सेल्टा से हार के बाद रियल मैड्रिड के कई खिलाड़ियों पर दुर्व्यवहार को लेकर लगे प्रतिबंध

**मैड्रिड, वार्ता।** सेल्टा विगो से हार के बाद रियल मैड्रिड पर मुख्य रूप से रेफरी के साथ दुर्व्यवहार के कारण उसके खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगाए गए है। रियल मैड्रिड को सेल्टा विगो के साथ मैच के दौरान दूसरे हाफ में डिफेंडर फ्रान गार्सिया और अल्वारो कैरेरास और फॉरवर्ड एंड्रिक को दिखाए गए रेड कार्ड के लिए भारी अनुशासनात्मक कीमत चुकानी पड़ी। गार्सिया पर स्पेनिश फुटबॉल फेडरेशन (आरएफईएफ) की अनुशासनात्मक कमेटी ने एक मैच का बैन लगाया है, जिसे वह इस वीकेंड डेपोर्टिवो अलावेस के खिलाफ मैच में नहीं खेल सकेंगे। उन्हें दो एलो कार्ड मिलने के बाद मैच से बाहर कर दिया गया था। हालांकि, कैरेरास और एंड्रिक को दो मैचों के लिए प्रतिबंधित किया गया है।

# रोहित-कोहली का ए+ ग्रेड खतरे में

## शुभमन गिल का प्रमोशन संभव, विमेंस टीम की फीस बढ़ेगी, 22 को बीसीसीआई की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट मीटिंग



**नई दिल्ली, वार्ता।** 22 दिसम्बर को होने वाली बीसीसीआई की मीटिंग में खिलाड़ियों का सेंट्रल कान्ट्रैक्ट सबसे बड़ा मुद्दा होगा। रोहित शर्मा और विराट कोहली ए+ ग्रेड में हैं, लेकिन उनका टॉप ग्रेड से बाहर होना लगभग तय माना जा रहा है। वजह यह कि दोनों खिलाड़ी अब केवल वनडे खेल रहे हैं। उनकी जगह शुभमन गिल, )षभ पंत और केएल राहुल के ए+ ग्रेड में प्रमा. ेशन पर चर्चा होगी। बैठक में महिला क्रिकेटरों की घरेलू मैच फीस बढ़ाने पर भी बड़ा फैसला हो सकता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पुरुष और महिला खिलाड़ियों को बराबर मैच फीस मिलती है, लेकिन डोमेस्टिक लेवल पर अब तक यह लागू नहीं हुआ है। हाल ही में वर्ल्ड कप जीतने के बाद विमेंस क्रिकेटरों की फीस बढ़ाने की मांग तेज हुई है, जिसे बोर्ड मीटिंग में मंजूरी मिल सकती है। इसी के साथ घरेलू अंपायरों और मैच रेफरियों की फीस स्ट्रक्चर पर भी बदलाव प्रस्तावित है। बीसीसीआई अपनी डिजिटल प्रापर्टीज, स्ट्रीमिंग राइट्स और वेबसाइट अपग्रेड पर अपडेट भी देगी। मीटिंग का एजेंडा- विमेंस क्रिकेटर्स की डोमेस्टिक मैच फीस में बढ़ोतरी, मेंस प्लेयर्स के सेंट्रल कान्ट्रैक्ट में बदलाव, अंपायर व मैच रेफरी के भुगतान में सुधार, बीसीसीआई की डिजिटल प्रापर्टीज और स्ट्रीमिंग राइट्स अपडेट। एमएस धोनी ने 2014 में टेस्ट क्रिकेट छोड़ा था और उसके बाद वे सिर्फ वनडे और टी-20 खेलते रहे। 2018-19 के बीसीसीआई कान्ट्रैक्ट साइकिल (अक्टूबर 2018 से सितम्बर 2019) में धोनी ए+ ग्रेड में थे। इसके बाद उन्हें टॉप ब्रैकेट से हटा दिया गया। 2019-20 के कान्ट्रैक्ट में धोनी को ग्रेड । (5 करोड़) में शामिल किया गया, लेकिन अगस्त 2020 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद वे कान्ट्रैक्ट लिस्ट से बाहर हो गए। धोनी ने 2019 वनडे वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच खेला था। विमेंस टीम ने हाल ही में वनडे वर्ल्ड कप जीता था इंटरनेशनल लेवल पर विमेंस और मेंस को बराबर मैच फीस (पे-पैरिटी) मिलती है, लेकिन घरेलू क्रिकेट में अभी तक ऐसा नहीं हुआ है। महिला खिलाड़ी पूरे सीजन काफी मैच खेलती हैं, लेकिन उनकी फीस कम है। भारत की हाल की वनडे वर्ल्ड कप जीत के बाद इस फैसले की मांग और तेज हुई है। इसलिए फीस बढ़ाने का प्रस्ताव बैठक के सबसे अहम मुद्दों में शामिल है।

# आईएसपीएल नीलामी में 144 खिलाड़ियों पर 10 करोड़ खर्च

● **सचिन तेंदुलकर ने कहा कि खुद से मुकाबला करा, जुनून व मेहनत ही आपको आगे ल जाएगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग

सीजन-3 की नीलामी के दौरान क्रिकेट आइकान सचिन तेंदुलकर ने सभी खिलाड़ियों को मेहनत, जुनून और आत्म-सुधार पर केंद्रित रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसी और से नहीं, बल्कि खुद के कल से मुक. ाबला करना ही असली प्रगति है। आईएसपीएल 9 जनवरी से 6 फरवरी के बीच सूरत में खेला जाएगा। इसमें आठ टीमें हिस्स लेंगी। मुंबई में आक्शन हुआ। इस अवसर पर सलमान मान, सैफ अली और अक्षर कुमार भी मौजूद रहे। इस बार आक्शन में 101 शहरों के 408 खिलाड़ी उतरे। जिसमें 144 खिलाड़ियों पर करीब 10 करोड़ खर्च किए गए। विजय पावले आक्शन के सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। उन्हें पिछली बार की चौंपियन माझी मुंबई ने 32.50 लाख में खरीदा। आईएसपीएल आक्शन के दौरान सचिन सहित के कई स्टार मौजूद रहे। सचिन ने बताया कि क्रिकेट उनके लिए हमेशा जुनून रहा। उन्होंने कहा,श्मैंने क्रिकेट खेलना इसलिए शुरू किया क्योंकि मुझे इस खेल से बेहद प्यार था। मैं बस भारत के लिए खेलना चाहता था और इसके लिए जो भी करना पड़े, मैं तैयार था। उन्होंने कहा कि करियर के शुरुआती दिनों में भी वे कड़ी मेहनत से पीछे नहीं हटे। एक समय ऐसा था जब मैंने गर्मी की छुट्टियों में 55 दिन लगातार अभ्यास किया और बीमार पड़ गया। जुनून और जोश नहीं होगा, तो आगे नहीं बढ़ पाएंगे। सचिन ने कहा कि प्रदर्शन के साथ उम्मीदें जुड़ना स्वाभाविक है। उम्मीदें इसलिए होती हैं क्योंकि आपने पहले अच्छा किया है। इसे दबाव समझने के बजाय इसे अपनी मेहनत की पहचान की तरह देखें। विजय पावले ऑक्शन के सबसे महंगे खिलाड़ी विजय पावले आक्शन के सबसे महंगे खिलाड़ी रहे।

# यौन उत्पीड़न को लेकर तोफेल अहमद रायहान पर चार्जशीट

● **पुलिस ने तोफेल के खिलाफ शादी का वादा कर एक महिला के यौन उत्पीड़न की चार्जशीट दाखिल की**

**ढाका, वार्ता।** पुलिस ने बांग्लादेश 'ए' टीम के तेज गें. दबाज ऑलराउंडर तोफेल अहमद रायहान के खिलाफ शादी का वादा कर एक महिला के यौन उत्पीड़न को लेकर चार्जशीट दाखिल की है।

गुलशन पुलिस स्टेशन के जांच अधिकारी सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद समिउल इस्लाम ने गुरुवार को इस बात की पुष्टि करते हुए कहा, ष्चार्जशीट महिला और बाल उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम की धारा 9(1) के तहत दाखिल की गई है। दस्तावेज के अनुसार, तोफेल के खिलाफ आरोप पहली नजर में सही साबित हुए, जिसका समर्थन शिकायतकर्ता के शुरुआती बयान, होटल बुकिग रिकॉर्ड, मेडिकल जांच और दूसरे सबूतों से हुआ। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में अगली सुनवाई 30 दिसम्बर को होगी, जब चार्जशीट कोर्ट के सामने पेश की जाएगी। केस दस्तावेजों में कहा गया है कि तोफेल ने इस साल जनवरी में पहली बार महिला से फेसबुक पर संपर्क किया था और मैसेंजर पर रेगुलर बातचीत हुई जो बाद में एक रोमांटिक रिश्ते में बदल गई। महिला ने शुरू में मना कर दिया था, लेकिन बाद में तोफेल के यह भरोसा दिलाने पर मान गई कि वह उससे शादी करना चाहता है। शिकायतकर्ता के अनुसार, 31 जनवरी को तोफेल कथित तौर पर महिला को गुलशन के एक होटल में ले गया, उसे अपनी पत्नी के तौर पर मिलवाया और जल्द ही शादी का वायदा कथित तौर पर बिना सहमति के यौन संबंध बनाए। महिला ने जब शादी करने को कहा तो उसके साथ कई मौकों पर मार पीट की गई। इसके बाद महिला ने 1 अगस्त को गुलशन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया, जिसमें बार-बार यौन हिसा की घटनाओं की रिपोर्ट की गई। 24 सितम्बर को, हाई कोर्ट ने तोफेल को छह हफ्ते की अग्रिम जमानत दी और उसे जमानत खत्म होने से पहले महिला और बाल उत्पीड़न रोकथाम ट्रिब्यूनल के सामने सरेंडर करने का निर्देश दिया। हालांकि, उसने कोर्ट के निर्देश का पालन नहीं किया। बांग्लादेश 'ए' टीम के रेगुलर सदस्य तोफेल ने अग्रिम जमानत मिलने के बाद दूसरी राष्ट्रीय टीम के लिए छह-ए-साइड टूर्नामेंट खेलने के लिए हांगकांग की यात्रा भी की।

# अकरम ने आईपीएल को उबाऊ लीग करार दिया

## कहा: बच्चे बड़े हो जाते हैं, लीग खत्म नहीं होती



**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम ने भारतीय लीग आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) पर तंज कसा है। अकरम ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीसीएल) के प्रमा. ेशन इवेंट में कहा- श्ढाई से तीन महीने चलने वाली लीगें उबाऊ होती हैं। यह टूर्नामेंट कभी खत्म ही नहीं होता, बच्चे बड़े हो जाते हैं, लेकिन वो लीग खत्म ही नहीं होती।श आईपीएल का आयोजन मार्च से जून तक चलता है। अकरम का तंज इसी बात पर था। लंदन के लाड्र्स क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित एक प्रमोशन शो पर अकरम ने कहा- श्पीसीएल की छोटी अवधि ने लीग को विदेशी खिलाड़ियों के लिए आकर्षक बना दिया है। प्रतिभा दिखाने के मामले में पीसीएल नंबर-1 है। दरअसल, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 11वें सीजन में 2 नई टीमों शामिल करने का ऐलान किया है। इन पर बोली 6 जनवरी, 2026 को लगाई जाएगी। नए इन्वेस्टर्स की तलाश करने के लिए ही इस शो का आयोजन किया गया था। जिसमें च्ब्ठ चीफ मोहसिन नकवी, पूर्व पीसीबी अध्यक्ष रमीज राजा और पूर्व कप्तान वसीम अकरम शामिल हुए। अकरम ने कहा कि पीसीएल की सबसे अच्छी बात यह है कि यह सिर्फ 34-35 दिन चलती है, अगले साल शायद थोड़ा और बढ़ जाए। विदेशी खिलाड़ी जब पाकिस्तान आते हैं, तो 35-40 दिन रहना पसंद करते हैं। ढाई से तीन महीने सबके लिए बहुत लंबा हो जाता है। मुझे भी बोरियत होने लगती है। नकवी बोले- पीसीएल को दुनिया की नंबर-1 लीग बनाना चाहते हैं नकवी ने कहा कि वे पाकिस्तान सुपर लीग को दुनिया की नंबर एक लीग बनाने के लिए कमिटेड हैं। वहीं, रमीज राजा ने कहा कि पीसीएल विदेशी खिलाड़ियों के लिए भी सर्वश्रेष्ठ लीग है, क्योंकि दुनिया में कहीं भी पाकिस्तान जैसा मेजबान नहीं है। आईपीएल दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग आईपीएल दुनिया में सबसे ज्यादा दिन तक खेली जाने वाली लीग है। बीसीसीआई द्वारा संचालित इस लीग में दस टीमें खेलती हैं और लगभग दो महीने तक यह लीग खेली जाती है। इस बार इसका आगाज 15 मार्च से होने की संभावना है, जबकि फाइनल 31 मई को खेला जा सकता है।

### चोटिल टिकनर दूसरे टेस्ट नहीं करेंगे गेंदबाजी व फील्डिंग

**वेलिगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड को एक और बड़ा झटका लगा है उसके तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर कंधे की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के बाकी बचे मैच में गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण से बाहर हो गए हैं। बेसिन रिजर्व में पहले दिन क्षेत्ररक्षण के दौरान उनका कंधा जाम हो गया था। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, 32 वर्षीय टिकनर बाउंड्री रोकने के लिए डाइव लगाते समय घायल हो गए और उन्हें स्ट्रेचर पर ले इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। न्यूजीलैंड ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि ब्लैक कैप्स के तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर वेलिगटन में दूसरे टेस्ट के बाकी बचे मैच में गेंदबाजी या क्षेत्ररक्षण नहीं करेंगे, और उनके बल्लेबाजी करने की भी संभावना नहीं है, क्योंकि पहले दिन बाउंड्री रोकने के लिए डाइव लगाते समय उनका कंधा डिसलोकेट हो गया था। टिकनर, जिन्हें कल रात इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था, आज मैदान पर टीम के साथ जुड़ेंगे क्योंकि वह खेलने के लिए अपनी वापसी का समय तय करने के लिए आगे विशेषज्ञ मूल्यांकन का इंतजार कर रहे हैं। चोट से पहले, टिकनर ने वेस्टइंडीज को 205 रन पर रो. कने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, उन्होंने पहले दिन की शानदार गेंदबाजी में चार विकेट लिए थे। न्यूजीलैंड ने गुरुवार को अपनी पहली पारी 24/0 से शुरू की, और महत्वपूर्ण आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप मैच में मजबूत बढ़त बनाने पर नजर थी। यह चोट इस सीरीज में न्यूजीलैंड की बढ़ती फिटनेस चिताओं को और बढ़ा देती है, जिसमें तेज गेंदबाज मैट हेनरी और नाथन स्मिथ पहले ही बाहर हो चुके हैं।



# अब्दुल ने एशियन यूथ पैरा गेम्स में जीते दो पदक

**दुबई, वार्ता।** भारतीय एथलीट अब्दुल कादिर इंदौरी ने एशियन यूथ पैरा गेम्स की 50 मीटर (एस1-5) बैकस्ट्रोक में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण तथा 50 मीटर (एस 2-7) बटरफ्लाई स्पर्धा में कांस्य पदक जीते। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और पैरा कमेटी ऑफ इंडिया सोशल मीडिया पर मंच एक्स पर अब्दुल कादिर इंदौरी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी है। साई ने लिखा कि दुबई में डबल मेडल की लहर। अब्दुल कादिर इंदौरी ने एशियन यूथ पैरा गेम्स 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 50मी बैकस्ट्रोक (एस1-5) में गोल्ड और 50मी बटरफ्लाई (एस2-7) में कांस्य पदक जीता। यह दृढ़ संकल्प, गति और सच्ची खेल भावना का एक शानदार प्रदर्शन है। पैरा कमेटी ऑफ इंडिया ने लिखा कि भारत के लिए सुनहरा अवसर। एक शानदार उपलब्धि जो उनके धैर्य, अनुशासन और भारत के युवा पैरा एथलीट की बढ़ती ताकत को दर्शाती है। बधाई हो, अब्दुल। भारत ने एशियन यूथ पैरा गेम्स के लिए 122 सदस्ई दल भेजा है।

# कॉन्वे-मिचेल ने दिलाई न्यूजीलैंड को बढ़त

● **डवेन कॉन्वे ने 60 और मिचेल ने 61 रनों की अर्द्धशतकीय पारी खेली**



**वेलिंग्टन, वार्ता।** डेवन कॉन्वे (60) और मिचेल हे (61) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को स्टंप्स के समय तक पहली पारी में 278 रन का स्कोर करने के साथ 73 रनों की बढ़त के बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज के 32 के स्कोर पर दो विकेट झटक कर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है।

न्यूजीलैंड ने कल के 24 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। न्यूजीलैंड का पहला विकेट सुबह के सत्र में टॉम लेथम (11) के रूप में गिरा। उन्हें केमार रोच ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए केन विलियमसन ने डेवन कॉन्वे के साथ दूसरे विकेट के लिए 67 रन जोड़े। 31वें ओवर में एंडरसन फिलीप ने केन विलियमसन (37) को बोल्ड आउट कर वेस्टइंडीज को दूसरी सफलता दिलाई। रचिन रविंद्र (पांच) रन बनाकर आउट हुए। 36वें ओवर में जस्टिन ग्रीव्स ने डेवन कॉन्वे को आउटकर न्यूजीलैंड को चौथा झटका दिया। डेवन कॉन्वे ने 108 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 60 रनों की पारी खेली। वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज अंतराल पर अपने विकेट गंवाते रहे। मिचेल हे ने 93 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (61) रन बनाए। डैरिल मिचेल (25), ग्लेन फिलिप्स (18), जेकब डफी (11), माइकल रे (13) रन बनाकर आउट हुए। न्यूजीलैंड ने 74-4 ओवरों में 278 का स्कोर बनाया। ब्लेयर टिकनर चोट के कारण बल्लेबाजी करने नहीं उतरे। वहीं जैकरी फॉक्स 23 रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज की ओर से एंडरसन फिलीप ने तीन और केमार रोच ने दो विकेट लिए। जेडेन सील्स, ओजे शील्ड्स, जस्टिन ग्रीव्स और रॉस्टन चेज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने दिन का खेल समाप्त होने के समय दो विकेट पर 32 रन बना लिए और वह अभी भी न्यूजीलैंड के पहली पारी में बनाए गए स्कोर से 41 रन पीछे है। ब्रैंडन किग (नाबाद 15) और केवम हॉज (नाबाद तीन) क्रीज पर मौजूद है।

# मूनी और किंग ने पर्थ स्कॉर्चर्स को डब्ल्यूबीबीएल के फाइनल में पहुंचाया

● **बेथ मूनी ने 76 और अलाना किंग ने 11 रन बनाकर तीन विकेट भी लिए**

**नॉर्थ सिडनी, वार्ता।** बेथ मूनी (76) और अलाना किंग (11 रन और तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पर्थ स्कॉर्चर्स ने सिडनी सिक्सर को 11 रनों से हराकर डब्ल्यूबीबीएल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली हैं। पर्थ स्कॉर्चर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 183 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। बेथ मूनी ने (76), केटी मैक (40), पेज स्कोफील्ड ने (14) रनों का योगदान दिया। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी सिडनी सिक्सर की शुरुआत अच्छी नहीं रही और घरेलू टीम ने एलिसे पेरी, एलिसा हीली और सोफिया डंकले को जल्दी-जल्दी खो दिया, हालांकि एश गार्डनर और अमेलिया केर के बीच 53 रन की साझेदारी से उन्हें कुछ उम्मीद मिली।अमेलिया केर (42), सोफिया डंकले (41), एलिसे पेरी (29) और एश गार्डनर (26) रन बना करन आउट हुयी। किंग ने पावर सर्ज में शानदार दूसरा ओवर फेंका, जिसमें सिर्फ छह रन दिए और गार्डनर को मिड-ऑफ पर कैच आउट करवाया। किंग ने फिर से खतरनाक मैटलान ब्राउन को आउट किया। अलाना ने 17 रन देकर तीन विकेट लेकर मैच जिताऊ प्रदर्शन किया। सिक्सर निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 172 रन ही बना सकी और मुकाबला 11 रनों से हार गई।

# शादी टूटने के बाद स्मृति मंधाना पहली बार पब्लिक इवेंट में दिखी



● **कप्तान हरमनप्रीत कौर को गले लगाया भारतीय उपकप्तान ने कहा कि क्रिकेट से ज्यादा कुछ पसंद नहीं**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना शादी टूटने के बाद पहली बार किसी पब्लिश इवेंट में नजर आईं। उन्होंने बुधवार को नई दिल्ली के भरत मंडपम में आयोजित एक निजी इवेंट में हिस्सा लिया। मंधाना ने अपनी मैनेजर नूपुर कश्यप और भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को गले लगाया।

कार्यक्रम में मंधाना ने कहा कि मुझे क्रिकेट से ज्यादा कुछ भी पसंद नहीं है। भारतीय जर्सी पहनने से मोटिवेशन मिलता है और सभी परेशानियां दूर हो जाती हैं। 2 दिन पहले मंधाना ने इंस्टा पोस्ट करके पलाश मुछाल के शादी टूटने की जानकारी दी थी। दोनों की शादी 23 नवम्बर को होनी थी। मंधाना ने कहा कि हर दिन की शुरुआत शून्य से होती है एक सवाल पर मंधाना ने कहा कि क्रिकेट ने मुझे दो बातें सिखाई हैं। पहली- हर दिन की शुरुआत शून्य से होती है और दूसरी- अपने नहीं, अपनी साथ खिलाड़ियों के लिए खेलो। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड कप में हमने तय किया था कि किसी को खुद के लिए नहीं खेलना, बल्कि अपने बगल वाले खिलाड़ी के लिए खेलना है। इससे दबाव कम होता है और ऊर्जा बढ़ती है।

मंधाना ने कहा कि जब आप सोचते हैं कि आपको अपने साथी के लिए अच्छा करना है, तो काम आसान हो जाता है। मैं भी अपने बगल के खिलाड़ी के लिए शतक बनाना चाहती थी, खुद के लिए नहीं। मंधाना श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए उपकप्तान मंधाना को श्रीलंका के खिलाफ 5 टी-20 की सीरीज के लिए भारत की महिला टीम का उपकप्तान बनाया गया है। यह सीरीज 21 दिसम्बर से शुरू होकर 30 दिसम्बर तक चलेगी। शुरुआती 2 मुकाबले विशाखापट्टनम और बाकी 3 मैच तिरुवनंतपुरम में खेले जाएंगे।

# ओडिशा नवल टाटा हाई परफार्मेंस सेंटर ने शाहबाद हॉकी अकादमी हरियाणा को 6-0 से हराया

● **पहले मैच में साई एनसीओई सोनीपत हरियाणा ने जरखड़ हॉकी अकादमी लुधियाना को 5-2 से हराया**

**जालंधर, वार्ता।** ओलंपियन सुरजीत हॉकी स्टेडियम में जारी उन्नीसवें ऑल इंडिया बलवंत सिंह कपूर अंडर-19 लड़कों के हॉकी टूर्नामेंट के पांचवे दिन वीरवार को पूल बी की ओड़ीशा नवल टाटा हाई परफार्मेंस सेंटर और पूल सी में सुरजीत हॉकी अकादमी की टीम ने चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।

पहले मैच में साई एनसीओई सोनीपत हरियाणा ने जरखड़ हॉकी अकादमी लुधियाना को 5-2 से हराया। विजेता टीम की तरफ से दो गोल सुनील, अंकुश, सरिजन यादव, आदित्य कुमार ने 1-1 गोल किया। जरखड़ अकादमी की तरफ से अर्जन दीप सिंह ने 2 गोल किये। साई एनसीओई सोनीपत हरियाणा के सुनील को मैन ऑफ द मैच चुना गया। ओडिशा नवल टाटा हाई परफार्मेंस सेंटर की टीम ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए शाहबाद हॉकी अकादमी हरियाणा को 6-0 से हराया। योजिन लमज ने दो, बिलकन ओरम ने 2, बिद्यानंदा सिंह और दीपक परधान ने 1-1 गोल किया। ओड़िशा टीम के योजिन लमज को मैन ऑफ दा मैच चुना गया। सुरजीत हॉकी अकादमी ने एसएआईएल हॉकी अकादमी रुड़केला को 3-1 से हराया। सुरजीत अकादमी की तरफ से हर्षदीप सिंह, अजयपाल सिंह, मनदीप सिंह ने 1-1 गोल किया। एसएआईएल टीम की तरफ लेलसन लमज ने एक गोल किया। सुरजीत हॉकी अकादमी के अजयपाल सिंह के मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# फर्जी बिल ट्रेडिंग से करोड़ों की जीएसटी चोरी करने वाले गैंग के मास्टरमाइंड को एसआईटी ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** राजस्व को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुँचाने वाले फर्जी बिल ट्रेडिंग और बोगस फर्मों के गिरोह पर एसआईटी अपराध शाखा मुरादाबाद ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंग के मुख्य आरोपी सुमित कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस टीम ने उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन, सिम कार्ड, तीन लैपटॉप, पैन कार्ड, 15 डेबिट/क्रेडिट कार्ड और चार चेक बरामद किए हैं।

जीएसटी सहायक आयुक्त, राज्य कर सचल दल इकाई द्वितीय एवं पंचम ने थाना सिविल लाइन्स में तहरीर देकर बताया था कि ए.के. इंटरप्राइजेज और सौरभ इंटरप्राइजेज के नाम से आयरन स्क्रैप की बिलिंग हो रही थी। जांच में सामने आया कि पंजीकृत मोबाइल नंबर पर 124 फर्में दर्ज थीं, जिनमें से सभी फर्में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बनाई गई थीं। मामले में मुकदमा पंजीकृत किया गया। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर एसपी अपराध के पर्यवेक्षण और सीओ अपराध के नेतृत्व में गठित एसआईटी ने तकनीकी जांच शुरू की।इस मामले में एसआइटी टीम पहले दो आरोपी आरोपी इखलाक मलिक और इत्तेफाक आलम उर्फ दानिश कबाड़ी को 22 नवंबर को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अब गुरुवार को मुख्य आरोपी सुमित कुमार, निवासी स्वरूप नगर, नार्थ वेस्ट दिल्ली को भी एसआइटी की टीम ने दबोच लिया है। आरोपी सुमित ने पुलिस को बताया कि 2020ख्23 तक एक सीए के यहां उसने जीएसटी अकाउंटिंग का काम सीखा था। अधिक पैसे के लालच में उसने 2024 से फर्जी फर्म बनानी शुरू कर दीं। ऑनलाइन लोन/जॉब के नाम पर लोगों के आधार, पैन और फोटो लेकर वह फर्जी रेंट एग्रीमेंट व बिजली बिल तैयार करता और जीएसटी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर देता था। वह अब तक 500 से अधिक फर्जी फर्में बना चुका है। ए.के. इंटरप्राइजेज की जीएसटी आईडी भी उसने तैयार कर इखलाक मलिक को बेचने की बात स्वीकारी है। पुलिस टीम द्वारा इस मामले में आगे की जांच व विधिक कार्रवाई जारी है।



## लोहे की रोड मारकर गंभीर रूप से किया घायल

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव आजमपुर में ग्रामीण को लोहे की रॉड मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस मामले में एक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी। पुलिस में तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। बिलारी थाना क्षेत्र के गांव आजमपुर निवासी अमन पुत्र विजयपाल ने मुकदमा दर्ज कराया कि पांच दिसंबर को शाम के वक्त पड़ोसी गांव अभनपुर में वह पकौड़ी लेने गया था। वहां पर गांव का गुरदीप पुत्र मुकेश आ गया और आते ही गाली गलौज करने लगा। जब गाली देने से मना किया तो लोहे की रोड सिर पर मार दी। जिससे उसकी गंभीर चोटें आई। इस मौके पर उसके पिता विजयपाल भी आ गए। उन्होंने बामुश्किल बचाया।

गुरदीप जाते समय धमकी देकर चला गया। वह जान से मारने की धमकी देकर गया।

# दहेज रहित शादी करने पर दहेज विरोधी मंच ने जमाल को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कुंदरकी क्षेत्र के अंतर्गत लालपुर गंगवारी निवासी काय्री जुल्फिकार साहब के शाहजादे व दहेज विरोधी मंच के प्रमुख सदस्य मोहम्मद जमाल पाशा साहब ने बिना दहेज के सुन्नत तरीके से निकाह कर एक मिसाल कायम की है।

सुन्नत तरीके से निकाह करने पर मोहम्मद जमाल पाशा को दहेज विरोधी ने सम्मानित किया, इस कार्य के लिए दहेज विरोधी मंच की खूब प्रशंसा की जा रही है आज के दौर में जहां लोग दहेज के लालच में आपसी संबंध खराब कर रहे हैं वहीं जमाल पाशा जैसे यूवा बिना दहेज के निकाह करके समाज को प्रेरित कर रहें है। यह जानकारी दहेज विरोधी मंच के संयोजक बी0एच0 मिल्की ने दी है। उन्होंने जमाल पाशा की सराहना करते हुए कहा है कि जमाल पाशा बचपन से ही समा. जिक कार्य मे योगदान देते रहें हैं द्यउन्होंने दहेज विरोधी मंच की स्थापना दिवस पर ही बिना दहेज के शादी करने का मन बना लिया था जो आज पूरा कर दिया द्यसमाज के अन्य लोगों को भी इसी तरह सुन्नत तरीके से निकाह करने की कोशिश करनी चाहिए जिससे समाज में व्याप्त दहेज प्रथा और अन्य कुरितियो को हटाया जा सके और लोग फिजूलखर्ची से बचकर अपने बच्चों को उच्च शिक्षित बनाने में पैसा लगायें।

दहेज विरोधी मंच के संयोजक बी0एच0 मिल्की जमाल पाशा के साथ कई वर्षों से लगातार, दहेज हटाओ, पैसा बचाओ, बच्चे पढ़ाओ, मुसतकबिल बनाओ के नारे लगा कर समाज को। जागरूक करने के लिए प्रयासरत हैं।



## कड़ाके की ठंड शुरू बच्चे कर रहे जूते-मोजे और स्वेटर की रकम का इंतजार

**कांठ ( शाह टाइम्स )** नगर एवं क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में सैकड़ो बच्चों को यूनिफार्म और जूते मोजे की रकम का इंतजार है। हालांकि, इसमें से ज्यादातर का कारण इन बच्चों के अभिभावक ही हैं। कुछ अभिभावकों के आधार कार्ड ही नहीं बने हैं तो कुछ के आधार बैंक खाते से लिंक नहीं हैं। इससे डीबीटी में दिक्कत हो रही है। बेसिक शिक्षा विभाग अभियान चलाकर छूटे बच्चों को बैग, जूते-मोजे, स्वेटर व स्टेशनरी के लिए 1200 रुपये डीबीटी करने की कवायद कर रहा है, लेकिन बड़ी संख्या में छात्र अभी वंचित हैंस जबकि ठंड शुरू हो गई है। विभाग के मुताबिक सैकड़ो अभिभावक ऐसे हैं जिनके आधार तो बने हैं लेकिन खाते से लिंक नहीं हैं अनेक अभिभावकों के आधार ही नहीं बने हैं। हालांकि, विभाग बीआरसी पर कैंप लगाकर अभिभावकों के आधार कार्ड बनवा रहा है। बेसिक शिक्षा निद. शक प्रताप सिंह बघेल ने सभी बीएसए को निर्देश दिया है कि जिलों में बच्चों के लंबित डाटा का सत्यापन कर उसे जल्द आगे बढ़ाएं।

जिनके बैंक खाते आधार से लिंक नहीं हैं उनको जल्द पूरा कराकर डीबीटी कराएं। कहा, ठंड में कोई भी बच्चा बिना स्वेटर के स्कूल न आए।

# स्ट्रेस से उबरने को परिवार का संग जरूरी: प्रो. एनके सिंह



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** हर्टफुलनेस इंस्टिट्यूट की ओर से आयोजित स्ट्रेस मैनेजमेंट प्रोग्राम में तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के प्राचार्य प्रो. एनके सिंह ने कहा, योग जीवन का मूल आधार है। योग से हम रोग मुक्त रह सकते हैं।

यस्त दिनचर्या और योग के बिना हम कम उम्र में ही गंभीर रोगों का शिकार बन रहे हैं। प्रो. सिंह ने कहा, स्ट्रेस से उबरने के लिए परिवार के संग समय बिताना जरूरी है। उन्होंने स्ट्रेस मैनेजमेंट के लिए योग और मेडिटेशन को अपनी दैनिक दिनचार्या में शामिल करने पर जोर दिया। साथ ही प्रकृति के संग समय बिताने के संग-संग डायरी लिखने और हैल्दी भोजन करने की सलाह दी।

कार्यक्रम में हर्टफुलनेस इंस्टिट्यूट के योग प्रशिक्षक श्री गौरव त्यागी ने डेंटल कॉलेज की फैकल्टीज और स्टुडेंट्स को योग का प्रशिक्षण भी दिया। प्रो. सिंह तीर्थंकर महावीर डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में स्ट्रेस मैनेजमेंट पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन और वंदना के संग कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनके सिंह के साथ डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह बतौर मुख्य अतिथि, डेंटल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. प्रदीप तांगड़े, वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही। इस मौके पर डॉ. साधना सिंह, डॉ. उपेन्द्र मलिक, डॉ. तबिहा खान, सुश्री प्रेमी पूर्णिमा, सुश्री तैयबा बी., सुश्री स्वर्णा कुमारी के संग- संग डेंटल कॉलेज के स्टुडेंट्स मौजूद रहे। संचालन स्टुडेंट काशवी वशिष्ठ ने किया।

# नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त को 12 वर्ष की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** 'अपराध करोगे तो बच नहीं पाओगे' - प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस निर्देश को गंभीरता से लागू करते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध अपराध करने वालों पर अब कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जनपद न्यायालय संभल, विशेषकर पॉक्सो एक्ट से जुड़े मामलों में, त्वरित व सख्त निर्णय देकर अपराधियों में भय का वातावरण पैदा कर रहा है। न्यायालय में तारीख पर तारीख वाले दौर को पीछे छोड़ते हुए अब पीडिप्तों को जल्दी न्याय देने की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

बेटियों के सम्मान और सुरक्षा के लिए न्यायालय का कठोर रुख अपराधियों के लिए चेतावनी साबित हो रहा है। इसी क्रम में अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट संभल स्थित चन्दौसी अवधेश कुमार सिंह ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए अपराध संख्या 239/2017 का निपटारा कर मुख्य दोषी को सजा से दंडित किया। अदालत ने आरोपी को कुल 12 वर्ष का कठोर कारावास तथा 31,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। बता दें कि मामले की शुरुआत वादी राजेश कुमार शर्मा की तहरीर से हुई, जिसमें उन्होंने थाना हयातनगर, जिला संभल में शिकायत दर्ज कराई थी कि गांव का युवक पप्पू पुत्र ऋषिपाल उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अपराध संख्या 239/2017 को धारा 363, 366, 376 आईपीसी तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 में पंजीकृत किया। सभी साक्ष्यों और गवाहियों के परीक्षण के बाद विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह ने आरोपी पप्पू को दोषी पाते हुए धारा 363 के तहत 03 वर्ष का कारावास व 5,000 रुपये अर्थदंड, धारा 366 के तहत 05 वर्ष का कारावास व 6,000 रुपये अर्थदंड व पॉक्सो एक्ट (धारा 3/4) के तहत 12 वर्ष का कठोर कारावास व 20,000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया। साथ ही अदालत ने यह भी निर्णय दिया कि अर्थदंड न देने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सजा दिलाने में विशेष लोक अभियोजक आदित्य कुमार और कोर्ट पैरोकार कांस्टेबल विकास कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। न्यायालय के इस निर्णय ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि बेटियों पर अत्याचार करने वालों को अब किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## एक नजर

### विद्युत लाइन में मिट्टी ज्यादा सीमेंट के कम उपयोग पर जताई लोगों ने नाराजगी



**कांठ( शाह टाइम्स )** मुख्य मार्ग पर बिजली लाइन के लिए खम्बो को खड़ा किया जा रहा है लेकिन उसमें मिट्टी का ज्यादा सीमेंट और बजरी का कम इस्तेमाल हो रहा है इसी तरह का एक मामला स्टेशन रोड पर सामने आया तो नगर के लोगों ने इसकी वीडियो बनाकर वायरल कर दी लोगों का कहना था कि खंभे की मजबूती के लिए खोदे गए गड्ढे में खंबा खड़ा करने के बाद सीमेंट बजरी और बाजार कुट डाले जाने का नियम है लेकिन संबंधित ठेकेदार द्वारा उसमें पहले मिटटी भरी जा रही है और फिर करीब 1 फुट कम सीमेंट वाली बजरी और रेत को डालकर उसकी खानापूर्ति की जा रही है। जो की आंधी या बारिश के दौरान खम्बो को नुकसान पहुंचा सकती है। नगर के लोगों ने बनाई जा रही विद्युत लाइन को मजबूती से तैयार कराए जाने की मांग उठाई है।

### दिन में बंदर और रात में नीलगाय बर्बाद कर रही फसल, किसान चिंतित



**मूंढापांडे।** ब्लॉक क्षेत्र के किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। दिन में बंदर और रात में छुट्टा मवेशी व नीलगाय फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। इससे किसान परेशान हैं, नियामतपुर,इकरोटिया,भदासना, मूंढापांडे,सिहा. राबाजे, बरवाला खघस,खबड़िया भूड़, अक्का डिलारी,सिरसखेड़ा दलपतपुर ,घोसीपुरा,अक्का पांडे भोजपुर, लक्ष्मीपुर कट्टई,साहूनगला, ककरघटा आदि गांवों में बंदरों का आतंक है, दिन में बंदर सब्जी, मौसमी फल व गेहूं, चना, मटर आदि की फसल खराब कर रहे हैं, रात में नीलगाय व छुट्टा मवेशी फसलों को चर लेते हैं,इनसे फसलों को सुरक्षित बचा पाना कठिन हो रहा है,किसान दिनरात खेतों की रखवाली कर रहे हैं। इसके बावजूद वह फसले बचाने में असफल हो रहे हैं,किसान धर्मेश सिंह, नरेंद्र प्रताप सिंह, कलुआ, जाहिद हुसैन,माखन सिंह,सराफत हुसैन आदि ने बताया कि किस-किस से फसल को बचाएं, जब सभी खराब करने पर उतारू हैं।

### विधायक ने किया पेट्रोल पंप का फीता काटकर शुभारंभ

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के दलपतपुर अलीगंज मुख्य मार्ग पर पहले कोई भी पेट्रोल पंप न होने, की बजह से क्षेत्र के किसान और वाहन चालक वाहन में डीजल,पेट्रोल समाप्त होने पर काफी परेशान हो जाते थे, इसी को देखते हुए, शासन ने इस क्षेत्र में नया पेट्रोल पंप का लाइसेंस वूजपुर आशा के रहने वाले समाज सेवी सोदान सिंह को दे दिया था, जिस पर नायरा कम्पनी ने सोदान सिंह को अप्रूवल देकर नायरा कम्पनी ने जय दुर्गा फिलिंग स्टेशन का सभी निर्माण कार्य पूरा होने के बाद, सुचारू रूप से संचालन निर्देश दिए थे, जिस पर गुरुवार को मुख्य अतिथि विधानसभा कुन्दरकी से भाजपा विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने अपने संबोधन के बाद पेट्रोल पंप का उद्घघाटन किया है, इस पम्प पर रात दिन 24 घन्टे डीजल,पेट्रोल,एव महिलाओं को सेनेट्री पेड, हवा, पानी, शौचालय, आदि सुविधा उपलब्ध रहेगी।



## घटतौली रोकने के लिए उठाए सख्त कदम, तौल कांटे में टेक्निकल कमी पाए जाने पर होगी कार्रवाई

**कांठ( शाह टाइम्स )** मुख्य मंत्री द्वारा घटतौली पर पूरी तरह रोक लगाई जाने के आदेशों के बाद हुई वर्चुअल बैठक में आयुक्त गन्ना एवं चीनी उत्तर प्रदेश में प्रदेश की सभी चीनी मिलों के गेट एवं गन्ना क्रय केंद्रों पर संस्थापित तोलन यंत्रों के सॉफ्टवेयर हार्डवेयर में कमी पाए जाने पर संबंधित मिल के साथ-साथ तोल कांटा बनाने वाली कंपनी के खिलाफ भी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए।

बताया कि पेराई सत्र 2025-26 प्रारंभ हो चुका है और प्रदेश की समस्त चीनी मील संचालित हैं जिनके द्वारा मिल गेट एवं वाह्य गन्ना क्रय केंद्रों के माध्यम से गन्ना खरीद की जा रही है। इसलिए गन्ना आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा घटतौली पर रोक लगाई जाने के लिए उन्होंने निम्नलिखित निर्देश जारी किए। कहा कि घटतौली की कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने के आदेश परी क्षेत्रीय अधिकारियों को दिए गए हैं जिसमें किसानों के आर्थिक हितों की रक्षा करने घटतौली रोकने के लिए इलेक्ट्रॉनिक तोल कांटे की शुद्धता को प्रत्येक दशा में बनाए रखने के लिए निर्देशित किया गया है। कहा गया है कि इनमें किसी प्रकार की छेड़छाड़ एवं अवांछित कैलिब्रेशन की शिकायत पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी बैठक में आईटी प्रमुख उनके सॉफ्टवेयर हार्डवेयर एवं एएमसी प्रदाताओं को भी निर्देशित किया गया कि गन्ना तोल में प्रयोग किए जा रहे हार्डवेयर एंड सॉफ्टवेयर को प्रत्येक दशा में सुधार करते हुए उन्हें छेड़छाड़ रहित रखा जाए जिससे गन्ने के वास्तविक वजन के साथ कोई हेरा फेरी ना कर सके औचक निरीक्षण के द्वारा यदि सॉफ्टवेयर में कोई छेड़छाड़ पाई गई तो चीनी मिल के साथ हार्डवेयर सॉफ्टवेयर डाटा कंपनियों के विरुद्ध भी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मिल गेट की भांति वाह्य गन्ना केंद्रों पर भी मिले सीसीटीवी कैमरे लगाए जाना अपनी कार्य योजना में सम्मिलित करें उन्होंने गन्ना आपूर्ति एवम तौल संबंधी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित कराए जाने के भी निर्देश दिए।

गन्ना सचिव खेत सिंह ने कहा कि उनके द्वारा गन्ना क्रय केंद्रों पर बीच-बीच में निरीक्षण किया जाएगा और यदि कहीं कमी पाई जाती है तो मुख्यमंत्री के आदेश अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पर्वतारोही नूर मोहम्मद ने एक बार फिर लद्दाख की ऊंची चोटियों पर फहराया देश का तिरंगा

**कांठ ( शाह टाइम्स )** अंत. रराष्ट्रीय पर्वत दिवस पर मुरादाबाद जिले के पर्वतारोही नूर मोहम्मद ने तिरंगा फहराकर देश का नाम रोशन किया है। नूर मोहम्मद ने पर्वतारोहण पर आने वाली मुसीबतें महत्व और उनसे जुड़े कई रहस्य बताए उन्होंने कहा कि पर्वतारोहण करने का मुख्य कारण उनके साथ आने वाली पीढ़ी शामिल करना और पर्वतारोहण के साथ पर्वतों में आने वाले परिस्थितियां आर्थिक ग्लेशियर्स और हिमालय के बारे में जानकारी देना है। नूर मोहम्मद मुरादाबाद जिले के गांव मुस्तफापुर खण्डशाल के निवासी है वह गांव से निकलकर ऊंचेख्रऊंचे पर्वतों पर एवं उसमें आने वाली बाधाओं का सामना कर भारत का ध्वज तिरंगा लहराते आए है। नूर मोहम्मद ने हाल ही में लेह लद्दाख की दो पर्वतों कांग यात्से 1 (21063फीट) और कांग यात्से 2 (21590फीट) की ऊंचाई पर चढ़ाई कर तिरंगा ऊंचे ऊंचे पर्वतों पर लहराया। 'इंटरनेशनल माउंटेन डे' पर नूर मोहम्मद ने बताया कि पर्वत का हमारे जीवन में बहुत बड़ा योगदान है। जब पहाड़ों पर चढ़ते हैं तब बहुत कठिन रास्तों को पार करते हुए बहुत सारी बाधाओं का सामना करना पड़ता हैं जिसमें पर्वतों पर बर्फ का गिरना, एवलांच, क्रेबास सर्द हवाएं बर्फीली हवाएं कोर्निश जो कभी रास्तों में दिखता नहीं और पर्वतारोही इसमें कई बार गिर जाते है ऐसे कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हैं बर्फ पर जगह जगह पर्वतारोहियो को बर्फ के ऊपर कैम्प करना पड़ता है तब जाकर पर्वत की ऊंचाई तक तिरंगा लहराते है।

अंतर्राष्ट्रीय पर्वत दिवस प्रतिवर्ष 11 दिसंबर को मनाया जाता है, ताकि जीवन में पहाड़ों के महत्व के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा की जा सके, पर्वतों से आने वाली बाधाओं को उजागर किया जा सके और ऐसे गठबंधन बनाए जा सकें जो दुनिया भर में पहाड़ों के महत्व और पर्यावरण में सकारात्मक बदलाव लाएं। नूर मोहम्मद पहाड़ों के महत्व और उनसे आने वाली बाधाओं से निबटने के लिए बच्चों को प्रशिक्षण भी देते है ताकि हर इंसान को पहाड़ों इनके महत्व के एवं बाधाओं से निबटने के लिए जानकारी प्राप्त हो सके।



# एआई पॉवर्ड होगा भविष्य का रेडियोलॉजी सिस्टम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के रेडियोलॉजी विशेषज्ञ एवम् मेडिकल इन्नोवेटर प्रो. राजुल रस्तोगी बोले, भविष्य का रेडियोलॉजिस्ट टेक्नोजिस्ट केवल मशीन चलाने वाला व्यक्ति नहीं होगा, बल्कि रेडियोलॉजिस्ट के साथ कंधे से कंधा मिलाकर पेशेंट केयर में क्लीनिकल डिसिजन मेकर, टेक्नोलॉजीकल इन्नोवेटर और हैल्थकेयर लीडर भी होगा। उन्होंने कहा, भविष्य की रेडियोलॉजी एआई पॉवर्ड, इंटरडिसिप्लिनरी एंड ग्लोबली कनेक्टिड सिस्टम होगी। उन्होंने मेडिकल इंटरप्रिन्योरशिप, डिजिटल हैल्थ केयर, एआई बेस्ड इमेजिंग, डायग्नोस्टिक स्टार्टअप्स, क्लीनिकल थिंकिंग, इथिकल मेडिकल प्रैक्टिस एवम् पेशेंट सेंटर्ड रेडियोलॉजी जैसे महत्वपूर्ण विषयों को भी गहनता से समझाया। स्टुडेंट्स को को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा, क्लीनिकल नॉलेज+टेक्निकल स्किल्स =फ्यूचर रेडियोलॉजी टेक्नोलॉजिस्ट। प्रो. रस्तोगी तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज में विजिबल मेडिकल मिरकल्स थ्रू इनविजिबल लाइट थीम पर बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन के संग कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। इस मौके पर टीएमयू हॉस्पिटल में रेडियोलॉजी के एचओडी प्रो. वीपी सिंह और प्रो. श्रुति चंदक बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर, पैरामेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. नवनीत कुमार, आरआईटी विभाग के एचओडी श्री अमित बिष्ट आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। प्राचार्य प्रो. नवनीत कुमार ने कहा, आज का युग एविडेंस बेस्ड मेडिसिन का युग है। रेडियोलॉजी एक ऐसी तकनीक है, जो डायग्नोसिस को केवल सही ही नहीं बल्कि अत्यधिक सटीक और तेज बनाने का सामर्थ्य रखती है। दूसरी ओर वर्किंग मॉडल प्रजेंटेशन में शिवानी, राखी वर्मा, स्मिता सिंह और तुषार शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रजेंटेशन में सिदरा, आकाश कौशल और सालीन कुमार ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पलक कपूर, प्रज्ञा, निजबा खान और प्रीत कौर ने प्राप्त किया। छात्रों के फूड स्टाल पर पारंपरिक एवम् आधुनिक व्यंजनों की विविधता देखने को मिली। सांस्कृतिक गतिविधियों में संगीत, नृत्य, गायन एवं नाट्य प्रस्तुति ने पूरे सभागार में ऊर्जा और उल्लास का वातावरण बना दिया। छात्र-छात्राओं ने पीसीपीएनडीटी एक्ट पर आधारित विशेष नाट्य की प्रस्तुति के जरिए भ्रूण लिंग परीक्षण की रोकथाम तथा महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस स्किट में संदेश दिया गया कि बेटी बोझ नहीं, भविष्य का आधार है। लिंग चयन को रोकना केवल कानून का पालन नहीं, बल्कि समाज का नैतिक कर्तव्य भी है।

बालीवुड गीतों- जय हो...पर उत्साहपूर्ण ग्रुप डांस, चक दे इंडिया... पर मोटिवेशनल ग्रुप परफॉर्मेंस, दिल है छोटा सा, छोटी सी आशा...पर होप एंड इंस्पायर और ढोल-गरबा मिक्स पर नवरात्रि स्पेशल पारंपरिक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियों ने स्टुडेंट्स की रचनात्मकता, कला कौशल, मंच प्रस्तुति, टीमवर्क और आत्मविश्वास की झलक देखने को मिली। सभी विजेताओं को कैश प्राइज, मेडल एवम् प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में श्रीमती प्रियंका सिंह, श्री रोशन कुमार, सुश्री प्राची सिंह, सुश्री रश्मि पांडे, श्री राहुल गंगवार, श्री शुभम शर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन फैकल्टी श्री दीपक कटियार ने किया।



# परेड व खेल प्रतियोगिताओं में जवानों ने दिखाया दमखम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के तत्वाधान में पीआरडी के 77वां स्थापना दिवस धूमधाम से मिनी स्टेडियम बहजोई में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी के प्रतिनिधि परियोजना निदेशक ज्ञानसिंह एवं विशिष्ठ अतिथि नगरपालिका बहजोई के चेयरमैन राजेश शंकर राजू ने जवानों की परेड की सलामी ली।

परेड का नेतृत्व बीओ पीआरडी चित्रवीर सिंह, अनुज कुमार एवं नितिन कुमार ने किया। मुख्य अतिथि ने परेड के अनुशासन की प्रशंसा करते हुए समस्त बी ओ पीआरडी और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी तथा पीआरडी स्वयंसेवकों के द्वारा सुरक्षा, शांति व्यवस्था, दैवीय आपदा और चुनाव ड्यूटी में निभाई जा रही भूमिका को सराहा। चेयरमैन बहजोई ने सभी पीआरडी स्वयंसेवकों को हर परिस्थिति में पुलिस के सहयोगी के रूप में कार्य करने के लिए सराहा। प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी विनीत सिद्धू ने बताया कि पीआरडी की स्थापना सन 1948 में हुई थी तब से पीआरडी के जवान पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपनी ड्यूटी का निर्वहन कर रहे हैं।

परेड में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टोलियों को पुरस्कृत किया गया। पीआरडी जवानों के बीच कबड्डी और रस्सा कसी की प्रतियोगिताएं हुई जिनमें विजेताओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जिला कीड़ा अधिकारी प्रमिला भारती, बीओ पीआरडी जगजीत सिंह एवं एनसीसी प्रभारी कुमारी ऋतु उपस्थित रहे तथा मंच संचालन डॉक्टर राजीव कुमार वार्ष्णेय के द्वारा किया गया।



# फिर बढ़ी तिथि

चुनाव आयोग ने एक बार फिर मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण यानि एसआईआर के लिए चल रहे अभियान की तिथि बढ़ा दी है। ऐसा दूसरी बार है जब चुनाव आयोग ने यह तिथि बढ़ाई है। यह तिथि पांच राज्य उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, तमिलनाडु के साथ अंडमान निकोबार के लिए बढ़ाई गई है। यहां यह बताना भी जरूरी है कि निर्वाचन आयोग ने बिहार में एसआईआर कराने के बाद 12 राज्यों व केंद्रशासित क्षेत्रों में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू की है। आयोग की ओर से बताया गया है कि इन राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों ने तिथि बढ़ाने के लिए अनुरोध किया था। उत्तर प्रदेश में यह तिथि 26 दिसंबर तक के लिए बढ़ गई है। चुनाव आयोग का कहना है कि यह फैसला यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया है कि नई सूची में किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम नहीं छूटे। वैसे आयोग के फैसले को लेकर शुरू से ही उसकी आलोचना हो रही थी और उस पर आरोप लग रहे थे कि इतने कम समय में इतना बड़ा काम संभव नहीं है। कोई भी समझ सकता है कि 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक का समय इतने बड़े काम को लेकर नाकाफी था और यह किसी के भी समझ में नहीं आ रहा था। इस बीच कई बीएलओ ने अपनी जान से भी हाथ धो लिया, इसके पीछे जो कारण माना गया वह भी एसआईआर का दबाव ही माना गया। इसको लेकर भी चुनाव आयोग की आलोचना हो रही थी। शायद यह आलोचनाओं का ही दबाव रहा कि चुनाव आयोग को अपने ही फैसलों में दो बार संशोधन करना पड़ा। अच्छी बात यह है कि चुनाव आयोग ने जल्द ही अपनी गलती सुधारने का काम किया और 22 दिनों का समय अतिरिक्त दिया। निसंदेह इससे जहां बीएलओ से दबाव हटेगा वहां लोगों को भी हड़बड़ी में काम करने से निजात मिलेगी। विशेषकर उन लोगों को जो अपने घरों से दूर काम के सिलसिले में बाहर हैं। साथ ही चुनाव आयोग की ओर से यह भी संदेश जाएगा कि वह इस बात को लेकर गंभीर है कि कोई पात्र व्यक्ति मताधिकार से वंचित न होने पाए। वैसे बेहतर होता कि चुनाव आयोग उदारता व दूरदर्शिता दिखाते हुए कम से कम उन राज्यों में पर्याप्त समय दे सकता था, जहां अगले वर्ष चुनाव नहीं होने जा रहे हैं, लेकिन चुनाव आयोग ने पता नहीं किस समझ के साथ बहुत ही कम समय सीमा के साथ एक बड़े काम के साथ आगे बढ़ने का फैसला लिया। जबकि इसकी कोई जरूरत नहीं थी। विपक्ष भी चुनाव आयोग पर यह कहकर आरोप लगा रहा है कि अगर वास्तव में एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग गंभीर है और घुसपैठियों को निकालना उसका मकसद है, तो फिर वह गंभीरता उसके आचरण में क्यों दिखाई नहीं दे रही है। वह इतनी हड़बड़ी में क्यों है, यह समस्या कोई आनन फानन में हल नहीं होने वाली, क्योंकि हड़बड़ी में काम करने से अनावश्यक भय का वातावरण बनता है।

## संसद में धूम्रपान कानून का अपमान



लोकतंत्र के मंदिर संसद में धूम्रपान करना संविधान और कानून का अपमान है, लोकतंत्र के मंदिर में एक दुर्भाग्यपूर्ण एक घटना को घटते हुए देखा गया, पूरे देश में ई-सिगरेट 2019 से पूरी तरह से प्रतिबंधित हैं, कानून के अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना भी प्रतिबंधित है, लेकिन, संसद यानी लोकतंत्र के मंदिर में ई-सिगरेट लाना और पीना कानून के खिलाफ है, इन सभी का उल्लंघन टीएमसी के सांसद ने किया है। इस मामले पर संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष ने भी कहा कि ये पूर्ण तरीके से गलत है, इसकी जांच होगी और जो भी दोषी पाया जाएगा, उस पर कार्यवाही की जाएगी, इसी शीतकालीन सत्र में हमने देखा कि एक सांसद द्वारा संसद में कुत्ते को लेकर आना और ऊपर से यह कहना कि यह तो नहीं पर जो अंदर बैठे है वो काटते हैं, इसका मतलब संसद के अधिकारी, सुरक्षाकर्मी, सांसद समेत सभी लोगों पर एक तरह का बड़ा आक्षेप है। **-शहजाद पूनावाला, प्रवक्ता, भाजपा**

# इंडिगो: एक मानव निर्मित संकट






रजनीश कपूर

> **इंडिगो संकट, एयरलाइन प्रबंधन और नियामकीय निगरानी दोनों की व्यापक विफलता को उजागर करता है। डीजीसीए द्वारा नए नियमों के तहत क्रू उपलब्धता की जांच किए बिना सर्दी के शेड्यूल को मंजूरी देना, ऑडिट की कमी को दर्शाता है। अन्य एयरलाइंस, जैसे एयर इंडिया, अकासा और यहां तक कि स्पाइसजेट ने नियाम परिवर्तनों की प्रत्याशा में रोस्टर समायोजित करके और अतिरिक्त स्टाफ भर्ती करके इसी तरह के व्यवधानों से बचाव किया। सोचने वाली बात है कि यह संकट कम किया जा सकता था या पूरी तरह टाला भी जा सकता था, यदि इंडिगो ने स्टाफिंग और अनुपालन के लिए अधिक पारदर्शी और सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया होता।**

भारतीय विमानन क्षेत्र ने हाल ही में अपने सबसे अंधकारमय दौर से गुजरा है, जब प्रमुख निजी एयरलाइन इंडिगो की अनुपालन न करने की वजह से एक बड़ा संकट उत्पन्न हुआ। इस संकट ने न केवल आकाश में बल्कि जमीन पर भी अफरा-तफरी मचा दी, जिससे भारतीय विमानन की वैश्विक छवि को गहरा धक्का लगा। इंडिगो का वर्तमान संकट, जिसमें 3,000 से अधिक उड़ानों के रद्द होने और व्यापक परिचालन पक्षाघात शामिल है, 2019 में जेट एयरवेज के ग्राउंडिंग के बाद भारतीय विमानन में सबसे गंभीर व्यवधान है। यह एयरलाइन, जो लंबे समय से दक्षता और समय की पाबंदी का प्रतीक मानी जाती थी, अब नए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशंस नियमों की पूर्वानुमान और तैयारी में विफलता के कारण विश्वास के संकट का सामना कर रही है। पुरानी अंडर-स्टाफिंग और दुबली-पतली मैनपावर रणनीति के साथ मिलकर, एयरलाइन को आपातकालीन योजनाओं के लिए हाथ-पांव मारने पड़े, जिससे देश भर में हजारों यात्री फंसे रह गए।

यह संकट पूरी तरह से टाला जा सकता था, यदि एयरलाइन ने नियामक के निर्देशों का पालन किया होता। इंडिगो के प्रबंधन ने पायलट यूनियनों और उद्योग विशेषज्ञों की बार-बार चेतावनियों को नजरअंदाज कर दिया, जो हायरिंग फीज और नो-पोचिंग समझौतों के जोखिमों के बारे में थीं। लालच के चलते एयरलाइन ने अपनी मौजूदा फ्लाइटों बढ़ोतरी भी की जिसने आग में घी डालने का काम किया। नए एफडीटीएल नियम लागू होने पर एयरलाइन कॉकपिट और केबिन क्रू की गंभीर कमी सामने आई। लागत कटौती के लिए स्टाफ संख्या को न्यूनतम रखने की रणनीति तब उलटी पड़ गई। संकट को और गहरा किया खराब रोस्टर प्लानिंग और नियामकीय चूकों ने। इंडिगो के सीईओ पीटर एलबर्स ने स्वीकार किया कि सामान्य परिचालन धीरे-धीरे ही बहाल हो पाएगा, क्योंकि एयरलाइन नए पायलट डड्यूटी नियमों से अस्थाई छूट मांग रही है। सवाल यह उठता है कि जब डीजीसीए ने सभी ऑपरेटरों को नए नियमों का अनुपालन करने के लिए पर्याप्त समय दिया था, तो इंडिगो ने उन्हें नजरअंदाज करने का फैसला क्यों लिया?

भारत के विमानन इतिहास में ऐसे कई उदाहरण हैं जहां निजी एयरलाइनों का पतन प्रबंधन की विफलताओं और बाहरी दबावों के कारण हुआ। किंगफिशर एयरलाइंस, जो कभी देश की सबसे चमकदार कैरियर थी, वित्तीय कुप्र. बंधन और अत्यधिक कर्ज के कारण 2012 में अचानक बंद हो गई। जेट एयरवेज, जो भारत के निजी विमानन युग का अग्रदूत था, 2019 में नियम पुस्तिका के उल्लंघनों, खराब वित्तीय नियंत्रणों, बढ़ते घाटे और बदलते बाजार हालातों से अनुकूलन में असमर्थता के कारण इसी भाग्य का शिकार हुआ। इंडिगो का नए एफडीटीएल नियमों को नजरअंदाज करने का तरीका भी जेट एयरवेज की याद दिलाता है, जो इसी तरह के घमंड के चलते अपनी सुविधा के लिए नियमों को अनदेखा करती रही। यह उदाहरण एक दोहरावदार पैटर्न को रेखांकित करते हैं, वे एयरलाइंस जो अल्पकालिक लागत बचत को पायलटों और यात्रियों की सुरक्षा तथा नियामकीय अनुपालन आवश्यकताओं से ऊपर रखती हैं, वे एक ब्रेकिंग पॉइंट पर पहुंचकर अचानक ढह जाती हैं।

इंडिगो संकट, एयरलाइन प्रबंधन और नियामकीय निगरानी दोनों की व्यापक विफलता को उजागर करता है। डीजीसीए द्वारा नए नियमों के तहत क्रू उपलब्धता की जांच किए बिना सर्दी के शेड्यूल को मंजूरी देना, ऑडिट की कमी को दर्शाता है। अन्य एयरलाइंस, जैसे एयर इंडिया, अकासा और यहां तक कि स्पाइसजेट ने नियाम परिवर्तनों की प्रत्याशा में रोस्टर समायोजित करके और अतिरिक्त स्टाफ भर्ती करके इसी तरह के व्यवधानों से बचाव किया। सोचने वाली बात है कि यह संकट कम किया जा सकता था या पूरी तरह टाला भी जा सकता था, यदि इंडिगो ने स्टाफिंग और अनुपालन के लिए अधिक पारदर्शी और सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया होता। डीजीसीए द्वारा सख्त अनुपालन ऑडिट की अनुपस्थिति ने भी इस अराजकता में भूमिका निभाई। भविष्य के संकटों को रोकने के लिए, एयरलाइंस को परिचालन लचीलेपन को प्राथमिकता देनी चाहिए, पर्याप्त स्टाफिंग में निवेश करना चाहिए और नियामकीय निकायों तथा कर्मचारी यूनियनों के साथ खुले संवाद बनाए रखने चाहिए। सरकार को भी इन पर निगरानी रखनी चाहिए ताकि उड़ान शेडडूल केवल परिचालन और सुरक्षा मानदंडों के अनुपालन की जांच के बाद ही मंजूर किए जाएं। परिचालन मुद्दों को ध्यान में रखते हुए, डीजीसीए को ऑपरेटरों से सुझाव भी लेने चाहिए ताकि उनकी मांगों को समायोजित किया जा सके। इंडिगो का संकट सिर्फ एक एयरलाइन की गलतियों की कहानी नहीं है, बल्कि पूरे भारतीय विमानन क्षेत्र के लिए एक चेतावनी है।

इंडिगो संकट के मद्देनजर डीजीसीए द्वारा सख्त नियामकीय कार्रवाई भारत में एयरलाइन उल्लंघनों के लिए एक शक्तिशाली मिसाल कायम कर सकती है। डीजीसीए ने पहले ही सामूहिक रद्दीकरणों की परिस्थितियों की जांच के लिए एक व्यापक जांच शुरू कर दी है, जिसमें चार सदर्स्ईय पैनल को 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट सौंपने का काम सौंपा गया है ताकि प्रवर्तन कार्रवाइयों और संस्थागत सुधारों की सिफारिश की जा सके। पिछले उदाहरण दिखाते हैं कि नियामक ने अनुपालन न करने के लिए कठोर दंड लगाने में संकोच नहीं किया, जिसमें 10 लाख से 90 लाख रुपये या इससे अधिक के वित्तीय जुर्माने, ऑपरेटर अनुमतियों का निलंबन और बार-बार या गंभीर उल्लंघनों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को हटाना भी शामिल है। उदाहरण के लिए, डीजीसीए ने हाल ही में एयर इंडिया को एक पायलट को अनिवार्य नियामकीय आवश्यकताओं को पूरा किए बिना उड़ान संचालित करने की अनुमति देने के लिए 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। डीजीसीए ने पहले क्रू शेड्यूलिंग और सुरक्षा निगरानी में गंभीर और दोहरावदार चूकों के लिए एयर इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों को हटाया है। ऐसे दंडों को लागू करके और एयरलाइंस तथा उनके प्रबंधन को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराकर, डीजीसीए एक स्पष्ट संदेश देता हैरू परिचालन शॉर्टकट, नियामकीय अनुपालन न करने और लापरवाही को त्वरित और सख्त परिणामों से सामना करना पड़ेगा। इंडिगो का संकट बताता है कि परिचालन उत्कृष्टता सिर्फ दक्षता और समय की पाबंदी के बारे में नहीं है, बल्कि एयरलाइन क्रू व यात्री सुरक्षा, तैयारीऔर जिम्मेदारी के बारे में भी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# प्यार को जाने देना आसान नहीं...

**किसी ऐसे इंसान को जाने देना, जिससे आपने दिल से प्यार किया हो, बेहद मुश्किल होता है। जो यादें और वादे कभी सब कुछ थे, वे एक पल में बेमानी लगने लगते हैं, पर अगर कोई वाकई आपके साथ नहीं रहना चाहता, तो क्या उन्हें रोकना सही है? आइए, इस उलझन को समझते हैं और जानते हैं कि वो कौन-सा पल होता है, जब किसी को जाने देना ही आपके लिए सबसे बेहतर फैसला बन जाता है।**

अगर कोई आपको छोड़कर जाना चाहता है, तो उसे जाने दें, यह बात हम सबने सुनी है। लेकिन क्या यह इतना आसान होता है? क्या आपने कभी खुद से पूछा है कि उस शख्स के लिए दरवाजा खोलने का सही वक्त कब आता है? जब रिश्ता टूटने की कगार पर हो, तो दिल और दिमाग के बीच एक खींचतान शुरू हो जाती है। क्या एक आखिरी कोशिश करनी चाहिए? या फिर अपनी आत्मा को और तकलीफ देने से बेहतर है कि सब कुछ छोड़कर आगे बढ़ा जाए? किसी ऐसे इंसान को जाने देना, जिससे आपने दिल से प्यार किया हो, बेहद मुश्किल होता है। जो यादें और वादे कभी सब कुछ थे, वे एक पल में बेमानी लगने लगते हैं। पर अगर कोई वाकई आपके साथ नहीं रहना चाहता, तो क्या उन्हें रोकना सही है? आइए, इस उलझन को समझते हैं और जानते हैं कि वो कौन-सा पल होता है, जब किसी को जाने देना ही आपके लिए सबसे बेहतर फैसला बन जाता है। इसके बाद डॉ. उन दो संकेतों की गहराई से व्याख्या करते हैं, जो दर्शाते हैं कि अब शायद रिश्ते को अलविदा कह देने का समय आ गया है न सिर्फ उनके लिए, बल्कि आपके अपने भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए भी।

### संकेत 1- जब वे रिश्ते की जिम्मेदारियों से कतराने लगते हैं

डॉ. के अनुसार, यदि आपका साथी अब रिश्ते में अपनी भूमिका निभाने से बच रहा है या जिम्मेदारी लेने से पीछे हट रहा है, तो यह एक बड़ा संकेत है कि शायद उन्हें जाने देने का वकघ्त आ गया है।

वह समझाते हैं, एक स्वस्थ और सशक्त रिश्ते के लिए दो लोगों की भागीदारी जरूरी होती है। अगर आपका साथी अब ना तो आत्ममंथन करने को तैयार है, ना संघर्षों में अपनी भूमिका स्वीकार करता है, और ना ही आपके साथ आगे बढ़ना चाहता है तो यह रिश्ता टिक नहीं पाएगा। ऐसे हालातों में रिश्ता धीरे-धीरे खत्म होने लगता है, चाहे आप उसे कितना भी थामे रहें।

### संकेत 2- जब वे साझेदारी छोड़कर आपको ही दोष देने लगते हैं

डॉ. बताते हैं कि जब आपका साथी अब रिश्ते में करुणा और समझ के बजाय, केवल दोष देने की भाषा अपनाने लगे तो यह एक स्पष्ट संकेत है कि रिश्ता बिखरने की कगार पर है। वे कहते हैं, जब बातचीत हम इसे मिलकर कैसे ठीक करें? आप से बदलकर तुम ही समस्या हो बन जाए तो समझ लीजिए कि अब आप दोनों एक टीम नहीं रह गए। जब कोई समझने की कोशिश छोड़कर आपको जज करने लगे, और मिलकर रास्ता निकालने के बजाय दोष बांटने लगे, तो रिश्ते की नींव हिल जाती है। डॉ. आगे जोड़ते हैं, एक बार जब आपका साथी समाधान की तलाश में आपके साथ खड़े होने के बजाय दूरी बनाने लगे, तो वह दरअसल रिश्ते से बाहर निकलने का रास्ता ढूंढ रहा होता है।

### रोज की बहस से परेशान हो गए हैं, जानें असहमति से निपटने के स्मार्ट तरीके

बहस किसी भी रिश्ते का एक स्वाभाविक हिस्सा होती है, इसकी तीव्रता और आवृत्ति इस बात पर निर्भर करती है कि लोग उसे कैसे संभालते हैं। कई जोड़ें बहस के बावजूद एक-दूसरे को



समझने की कोशिश करते हैं और मतभेद सुलझा लेते हैं, जबकि कुछ केवल लड़ते रह जाते हैं। रिश्ते में असहमति होना सामान्य है, लेकिन उन्हें सुलझाना अपने आप में एक कला है, जिसे हर कोई नहीं जानता, लेकिन सीखा जरूर जा सकता है। अगर आपके और आपके पार्टनर के बीच बार-बार छोटी-छोटी बातों पर बहस होती है, तो इसका समाधाान संभव है, बस जरूरत है सही नजरिए और संवाद की। यह समझना बेहद जरूरी है कि बहस के दौरान आपकी प्रतिक्रिया न सिर्फ उस पल की स्थिति को प्रभावित करती है, बल्कि रिश्ते की दिशा भी तय कर सकती है। रिलेशनशिप कोच कृति और जय ने इंस्टाग्राम पर कुछ अहम सवाल साझा किए हैं, जो आपके अपने व्यवहार को समझने और उसमें सुधार लाने में मदद कर सकते हैं। उन्होंने सुझाव दिया है कि ये सवाल अपने पार्टनर से जरूर पूछें ताकि आप न केवल बहस की जड़ को समझ सकें, बल्कि बेहतर संवाद के जरिए रिश्ते को मजबूत भी बना सकें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कोशिकाओं की सुरक्षा प्रणाली के लिए घातक है यह वायरस

एक नए अध्ययन में जीका वायरस के संक्रमण फैलाने की शक्ति के जैविक रहस्य का पता लगाया गया है। जीका मरीज की कोशिकाओं की अपनी खुद की देखभाल करने वाली प्रणाली का उपयोग कर उनमें प्रवेश कर जाता है। जबकि कोशिकाओं की सतहें संक्रामक प्रोटीन के प्रवेश के लिए जरूरी हैं, वे एंटीवायरल प्रतिक्रिया उत्पन्न करने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। ऐसा होने से पहले, संक्रामक प्रोटीन की गतिविधि को कम करने के लिए कोशिकाओं द्वारा खुद को स्वस्थ रखने के लिए उपयोग की जाने वाली प्रक्रिया में हेरफेर किया जाता है, जिससे अनियंत्रित संक्रामक संक्रमण का रास्ता साफ हो जाता है।

प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में प्रकाशित शोध पत्र में शोधकर्ता के हवाले से कहा गया है कि हालांकि एचआईवी जैसे अन्य वायरस मरीज के रिसेप्टर्स को चुप कराने के लिए जाने जाते हैं जो उन्हें कोशिकाओं में जाने देते हैं, लेकिन जीका में कम से कम तीन ऐसे प्रोटीन होते हैं जो यह काम कर सकते हैं।


यह सबसे दिलचस्प हिस्सा है, केवल एक ही नहीं, बल्कि कई जीका प्रोटीन ऐसा कर सकते हैं। शोधकर्ताओं ने दो जीका वायरस के स्ट्रेन या उपभेदों को देखा और तीन शारीरिक रूप से अहम कोशिकाओं की जांच की। दोनों स्ट्रेन के साथ, तीनों अलग-अलग तरह की कोशिकाओं में कमी देखी जा सकती है। ऐसा लगता है कि यह एक अहम तंत्र है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, साल 2007 से एडीज एजिप्टी मच्छरों द्वारा लोगों में फैलने वाला जीका वायरस अफ्रीका, अमेरिका, एशिया और प्रशांत क्षेत्र में संक्रामक प्रकोप का कारण बना। हालांकि 2017 के बाद से दुनिया भर में मामलों में कमी आई है, लेकिन अमेरिका और अन्य स्थानीय क्षेत्रों में वायरस का संक्रमण छोटे स्तर पर जारी है। साल 2015 में ब्राजील में एक बड़ी महामारी ने गर्भावस्था के दौरान जीका संक्रमण और माइक्रोसेफली या सामान्य से छोटे सिर के आकार सहित जन्मजात समस्याओं के साथ पैदा होने वाले शिशुओं के बीच संबंध की पुष्टि की। जबकि अधिकांश संक्रमित लोगों में केवल हल्के लक्षण विकसित होते हैं, वायरस वयस्कों और बड़े बच्चों में गुइलेन बैरे सिंड्रोम, न्यूरोपैथी और मायलाइटिस (रीढ़ की हड्डी की सूजन) से भी जुड़ा हुआ है। इस अध्ययन में इनमें से दो प्रोटीनों पर गौर किया गया, जिन्हें एएक्सएल और टीम-1 के रूप में जाना जाता है, जिन्हें पहले जीका संक्रमण से जोड़ा गया था। इसमें शोधकर्ताओं ने यह समझने की कोशिश की कि एएक्सएल और टीम-1 के द्वारा प्रवेश करने के बाद जीका संक्रमण को कैसे बनाए रखता है।

शोध पत्र में शोधकर्ताओं के हवाले से कहा गया है कि सांस लेने, प्रजनन और तंत्रिका तंत्र से संबंधित तीन प्रकार की कोशिकाओं में जीका वायरस के अफ्रीकी और एशियाई स्ट्रेन का उपयोग करके सेल कल्चर प्रयोग पूरे किए, जो रोग. जनक द्वारा निशाना बनाए गए थे। मानव कोशिकाएं जो फेफड़ों के काम को आगे बढ़ाती है, भ्रूण को सहारा देने वाली कोशिकाएं जिन्हें ट्रोफोब्लास्ट कहा जाता है और ग्लियोब्लास्टोमा मस्तिष्क कैंसर कोशिकाएं होती है। प्रयोगों से पता चला कि जीका द्वारा संक्रमण के बाद तीन प्रकार की कोशिकाओं पर एएक्सएल और टीम-1 दोनों को कम किया गया। शोध पत्र में शोधकर्ताओं के हवाले से उम्मीद जताई गई थी कि यह दबाव दो सामान्य प्रोटीनों की गिरावट

> **शोध पत्र में शोधकर्ताओं के हवाले से कहा गया है कि सांस लेने, प्रजनन और तंत्रिका तंत्र से संबंधित तीन प्रकार की कोशिकाओं में जीका वायरस के अफ्रीकी और एशियाई स्ट्रेन का उपयोग करके सेल कल्चर प्रयोग पूरे किए, जो रोगजनक द्वारा निशाना बनाए गए थे।**

प्रक्रियाओं के माध्यम से हुआ था, लेकिन इसके बजाय पाया गया कि जीका वायरस एक सेलुलर खुद की देखभाल करने वाले दिनचर्या का उपयोग करता है।

इस मामले में, वायरस की संक्रामक प्रक्रिया ने मरीज की कोशिकाओं को अपने स्वयं के सुरक्षात्मक प्रोटीन को दबाने के लिए हेरफेर किया, एक संक्रामक अनुकूली रणनीति जो जीका को अपने आपको नियंत्रित करने में मदद करता है। इस दबाव के बिना, एएक्सएल और टीम-1 एंटीवायरल प्रतिक्रिया के हिस्से के रूप में उत्तेजक अणुओं का उत्पादन करना शुरू कर देंगे। संक्रामक प्रवेश को सुविधाजनक बनाने का उनका सामान्य स्तर भी अधिक जीका कणों को पहले से संक्रमित कोशिकाओं तक पहुंचाने में सक्षम बना सकता है, जिससे सुपरइंफेक्शन नामक एक प्रतिस्पर्धी नजरिए की स्थापना होती है। ऐसा कुछ जिससे वायरस बचना चाहते हैं क्योंकि भीड़भाड़ से कोशिकाओं के नष्ट होने का खतरा होता है, जो संक्रमित रोगजनकों को मार देता है। आगे के प्रयोगों ने तीन जीका प्रोटीन की पहचान की जो मरीज की कोशिका ऑटोफैगी को प्रेरित करते हैं, जो




सभी वायरस की झिल्ली पर स्थित होते हैं। सामान्यत: ए प्रोटीन वायरस के प्रवेश में मध्यस्थता करते हैं या वायरस के अपने आपको दोहराने में शामिल होते हैं, लेकिन वे इस को. शिका के सही से काम न करने के लिए भी जिम्मेदार होते हैं। क्योंकि वायरस कुछ ऐसा एनकोड करते हैं जो उनके लिए जरूरी होता है, या तो उनकी अपने आपको दोहराने के लिए या मरीज को नियंत्रित करने के लिए ऐसा किया जाता है।

शोध पत्र में शोधकर्ता के हवाले से कहा गया है कि निश्चित रूप से जानने के लिए और अधिक शोध की जरूरत है, लेकिन इस बात के आसार हैं कि यह तंत्र इबोला वायरस के लिए प्रासंगिक है, जो मरीज की कोशिकाओं तक पहुंचने के लिए टीम-1 प्रोटीन का उपयोग करता है, या जीका के समान फ्लेविवायरस परिवार के अन्य रोगजनकों के लिए, जिसमें वेस्ट नाइल, पीला बुखार और डेंगू वायरस शामिल हैं। वायरस के लिए एक मरीज जितना अधिक जरूरी होता है, वायरस उसे नियंत्रित करने के लिए उतना ही अधिक काम करता है। इन तंत्रों को समझना संक्रामक रोगों का कारण बनने वाले उभरते या फिर से उभरने वाले वायरस के लिए तैयार रहने का एक जरूरी हिस्सा है।

**...साभार**

# अमेरिका के बाद मेक्सिको भी भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा



■ 2026 से लागू होगा, भारत के अलावा चीन, भारत, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया शामिल

**मेक्सिको सिटी।** अमेरिका के बाद अब मेक्सिको भी भारत पर हाई टैरिफ लगाने जा रहा है। मेक्सिको की संसद ने बुधवार को भारत समेत 5 एशियाई देशों पर 50 प्रतिशत तक का भारी टैरिफ लगाने का ऐलान किया। यह टैरिफ ऐसे देशों पर लगाया जाएगा जिनके साथ मेक्सिको का कोई फ्री ट्रेड एग्रीमेंट नहीं है। यह साल 2026 से लागू होगा। जिन देशों पर मेक्सिको टैरिफ लगाएगा उनमें भारत के अलावा चीन, भारत, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया शामिल हैं। मेक्सिको इन देशों से बहुत ज्यादा सामान खरीदता है। 2024 में इन देशों से 253.7 अरब डालर का सामान आया। इतने ज्यादा आयात की वजह से मेक्सिको को करीब 223 अरब डालर का घाटा हुआ। अब नए कानून के अनुसार कारें, आटो पार्ट्स, कपड़े-टेक्सटाइल, प्लास्टिक के उत्पाद, स्टील और जूते-चप्पल जैसे लगभग 1400 तरह के सामान महंगे होंगे। ज्यादातर पर 35 प्रतिशत तक और कुछ पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगेगा। एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह कदम 2026 में होने वाली यूएसएमसीए (अमेरिका-मेक्सिको-कनाडा व्यापार समझौता) की समीक्षा से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को खुश करने की कोशिश है। क्योंकि अमेरिका लंबे समय से चीन से मेक्सिको के रास्ते आने वाले सस्ते सामान पर चिंता जता रहा है। चीन सरकार, मेक्सिको के बड़े कारोबारी संगठन और विपक्षी दल टैरिफ लगाने को गलत कदम बता रहे हैं। उनका कहना है कि टैरिफ दरअसल आम उपभोक्ताओं पर एक्स्ट्रा टैक्स है, जिससे रोजमर्रा का सामान महंगा हो जाएगा और महंगाई बढ़ेगी। पहले प्रस्तावित बिल इससे भी सख्त था, लेकिन विरोध के बाद करीब दो-तिहाई सामान पर टैरिफ को कम कर दिया गया। सीनेट में बिल 76 के मुकाबले 5 वोटों से पास हुआ जबकि 35 सांसदों ने वोटिंग से दूर रहना चुना।

# नेपाल में चीन के लोन से बना पोखरा एयरपोर्ट फेल

■ जमकर भ्रष्टाचार हुआ, टूरिस्ट भी नहीं आए चीनी कंपनी समेत 55 लोगों पर केस

**काठमांडू।** नेपाल में पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रोजेक्ट में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है। 2012 में 620 करोड़ रुपये अनुमानित लागत वाला यह प्रोजेक्ट 892 करोड़ तक पहुंच गया।

जांच के बाद नेपाल की कमिशन फार इन्वेस्टिगेशन आफ एब्यूज आफ अथारिटी (सीआईएए) ने 5 पूर्व मंत्रियों, 10 पूर्व सचिवों सहित कुल 55 लोगों और चीनी कंपनी चाइना सीएएमसी इंजीनियरिंग पर भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया है। एयरपोर्ट 2023 में शुरू हुआ, लेकिन ढाई साल में यहां सिर्फ 45 इंटरनेशनल फ्लाइट्स आईं और करीब 3,000 यात्री पहुंचे, जबकि इसे पश्चिमी नेपाल का अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन हब घोषित किया गया था।। पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को कभी नेपाल के 'गेटवे आफ वर्ल्ड' के रूप में पेश किया गया था। दावा किया गया था कि यह पश्चिमी नेपाल का अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन हब बनेगा और टूरिस्ट बढ़ेंगें। संचालन के ढाई साल बाद यहां सिर्फ 45 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें दर्ज की गई। यात्रियों की संख्या सिर्फ 3000 रही। हिमालयन एयरलाइंस और सिचुआन एयरलाइंस ने कुछ टेस्ट फ्लाइट्स चलाई, लेकिन नियमित सेवा नहीं चल सकीं। पोखरा एयरपोर्ट प्रोजेक्ट चीन के एग्जिम बैंक से लोन लेकर बनाई गई थी और इसे नेपाल की पर्यटन क्षमता दोगुनी करने वाला प्रोजेक्ट बताया गया था।



तिरुनेलवेली। तमिलनाडू में चुनाव कर्मचारी मतदाता सूचियों के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) के प्रपत्रों को अलग करते हुए।

## अमेरिका में युद्ध विभाग के लिए 901 अरब डॉलर संबंधी विधेयक पारित

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने बुधवार शाम वित्त वर्ष 2026 के लिए युद्ध विभाग को 901 अरब डॉलर की भारी-भरकम रकम आवंटित करने संबंधी राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण विधेयक को पारित किया। यह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अनुरोध से आठ अरब डॉलर जडादा है। यह 3000 से जयादा पन्नों वाला विधेयक 112 के मुकाबले 312 वोटों से पास हुआ है। अब इसे मंजूरी के लिए सीनेट में भेजा जा रहा है। आखिरी वोटिग में 18 रिपब्लिकन और 94 डेमोक्रेट्स ने ष्नकारात्मकष वोट दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रम्प से जितनी जल्दी हो सके मिलने को तैयार हूं: ताकाइची

**टोक्यो।** जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने संसद में कहा है कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से जल्द से जल्द मिलने के लिए तैयार हैं। सुताकाइची ने बुधवार को कहा कि मैं वाशिंगटन जा सकती हूं और जब राष्ट्रपति ट्रम्प विदेश जाएंगे और यदि उनसे मिलना संभव है तो मैं जल्दी उनसे मिलना चाहूंगी। यह बात उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी फॉर द पीपल के नेता युइचिरो तमाकी के चीन दौरे से पहले ट्रम्प से मिलने के प्रस्ताव के बाद कही। तमाकी ने खास तौर पर सुझाव दिया कि प्रधानमंत्री अगले वर्ष जनवरी में दावोस फोरम में हिस्सा लें और वहां ट्रम्प से मिलें।

### चीन ने मैक्सको की ओर से बढ़ाए आयात शुल्कों की निंदा की

**बीजिंग।** चीन के वाणिज्य मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने गुरुवार को मैक्सिको की एकतरफा नीतियों और संरक्षणवाद में सुधार का आग्रह करते हुए कहा है कि चीन ने हमेशा एकतरफा आयात शुल्क वृद्धि का विरोध किया है। प्रवक्ता ने यह टिप्पणी मेक्सिको की संसद द्वारा 'गैर-मुक्त व्यापार समझौता भागीदारों' पर शुल्क बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी देने के संबंध में एक मीडिया प्रश्न के उत्तर में की। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, नए शुल्क 1 जनवरी, 2026 से प्रभावी होंगे।

### गाजा में वर्चस्व बढ़ाना चाहता है इजरायल: तुर्की

**अनकारा।** तुर्की के विदेश मंत्री हकान फदिान ने बुधवार को कहा कि इजरायल सीरिया को अपने विस्तार के क्षेत्र के तौर पर देखता है जबकि इजरायली प्रधानमंत्री बेन्जमिन नेतन्याहू का मंत्रिमंडल गाजा में अलग-अलग तरीकों से युद्ध जारी रख पश्चिमी एशिया में अपना वर्चस्व मजबूत रखने की कोशिश कर रहा है। अनादोलू एजेंसी ने फिदान के हवाले से कहा कि तेल अवीव की हरकतों का सीरिया पर असर पड़ रहा है। यह क्षेत्र की स्थिरता के लिए गंभीर खतरा है।

### मेलोनी की जेलेंस्की से युक्रेन युद्ध समाप्त करने की अपील

रोम। इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने यहां यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोडिमिर जेलेंस्की से मुलाकात के दौरान यूक्रेन में जारी संघर्ष को सुलझाने का आग्रह किया है। इटली के अखबार कोरिएरे डेला सेरा ने अपनी रिपोर्ट रिपोर्ट में ब्रदर्स ऑफ इटली पार्टी के सूत्रों के हवाले से कहा है कि सुमेलोनी ने जेलेंस्की पर अमेरिकी शांति योजना के संबंध में आग्रह किया। इस दौरान जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को नरम रुख अपनाने के लिए उनसे (सुमेलोनी) से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया।

# 9 करोड़ में मिलेगी अमेरिकी नागरिकता

## ट्रम्प गोल्ड कार्ड आज से लागू, प्लेटिनम कार्ड जल्द शुरू होगा, अमेरिकी राष्ट्रपति बोले: कार्ड से सरकारी खजाना बढ़ेगा




■ ट्रम्प ने इसी साल फरवरी में 'गोल्ड कार्ड' वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था
■ ट्रम्प का प्लेटिनम कार्ड भी जल्द शुरू होने की उम्मीद है

**न्यूयार्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को 'ट्रम्प गोल्ड कार्ड' के लिए अप्लाई प्रोसेस शुरू करने का ऐलान किया। इसके लिए आवेदक आज से आवेदन कर सकते हैं। कार्ड की कीमत 1 मिलियन डालर (करीब 8.8 करोड़ रुपये) है। हालांकि कंपनियों को कार्ड के लिए 2 मिलियन डालर देना होगा।

ट्रम्प ने इसी साल फरवरी में 'गोल्ड कार्ड' वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था। हालांकि उस वक्त उन्होंने इसकी कीमत 5 मिलियन डालर (42 करोड़ रुपये) रखी थी। सितम्बर में इसे घटाकर 1 मिलियन डालर किया गया। ट्रम्प का कहना है कि यह अमेरिका फर्स्ट एजेंडे का हिस्सा है, जो टॉप टैलेंट (जैसे भारत-चीन से पढ़े स्टूडेंट्स) को रोकने और कंपनियों को अमेरिका लाने के लिए है। होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने कहा कि यह दुनिया के सफल उद्यमियों को आकर्षित करेगा। वहीं ट्रम्प का प्लेटिनम कार्ड भी जल्द शुरू होने की उम्मीद है। इसकी फीस करीब 5 मिलियन डालर (लगभग 42 करोड़ रुपये) है।

गुरुवार को कार्ड लान्च करते हुए ट्रम्प ने कहा गोल्ड कार्ड की अनलिमिटेड रेसीडेंसी में नागरिकों को सिर्फ पासपोर्ट और वोट देने का अधिकार नहीं मिलता, बाकी सारी सुविधाएं एक अमेरिकी नागरिक के जैसी मिलती हैं। यह प्रक्रिया उसी तरह होगी, जैसे ग्रीन कार्ड के जरिए स्थायी निवास मिलता है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि यह वीजा प्रोग्राम खास तौर पर धनी विदेशियों के लिए है, ताकि वे 1 मिलियन डालर देकर अमेरिका में रहते हुए काम कर सकें। उन्होंने कहा कि अब अमेरिका सिर्फ टैलेंटेड लोगों को ही वीजा देगा, न कि ऐसे लोगों को जो अमेरिकियों की नौकरियां छीन सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस रकम का इस्तेमाल टैक्स को घटाने और सरकारी कर्ज चुकाने में किया जाएगा। ट्रम्प ने गोल्ड कार्ड के अलावा 3 नए तरह के वीजा कार्ड भी लान्च किए थे। इनमें 'ट्रम्प गोल्ड कार्ड', 'ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड' और 'कार्पोरेट गोल्ड कार्ड' शामिल हैं। ट्रम्प गोल्ड कार्ड व्यक्ति को अमेरिका में अनलिमिटेड रेसीडेंसी (हमेशा रहने) का अधिकार देगा। वहीं ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड जल्दी शुरू किया जाएगा। कामर्स सेक्रेटरी हावर्ड लुटनिक के मुताबिक, यह गोल्ड कार्ड मौजूदा ईबी-1 और ईबी-2 वीजा की जगह लेगा। ग्रीन कार्ड श्रेणियां बंद हो सकती हैं। ईबी-1 वीजा अमेरिका का एक स्थायी निवास (ग्रीन कार्ड) वीजा है। ईबी-2 वीजा भी ग्रीन कार्ड के लिए है, लेकिन उन लोगों के लिए जो उच्च शिक्षा (मास्टर्स या उससे ऊपर) की योग्यता रखते हों।

## ट्रम्प की कोलंबिया के राष्ट्रपति पेट्रो को चेतावनी

■ ड्रग्स पर कार्रवाई करें 'वरना चुकानी पड़ेगी भारी कीमत'

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो को चेतावनी दी है कि यदि वह देश में मादक पदार्थों की स्थिति पर ध्यान नहीं देते हैं, तो उन्हें 'भारी मुसीबत' का सामना करना पड़ सकता है। ट्रम्प ने बुधवार को व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा कि अगर वह (पेट्रो) समझदारी से काम नहीं लेते हैं तो उनको भारी मुसीबत का सामना करन पड़ सकता है। कोलंबिया बहुत अधिक ड्रग्स का निर्माण कर रहा है। उनके पास कोकीन बनाने वाली फैक्ट्रियां हैं और वे इसे सीधे अमेरिका में बेचते हैं। इसलिए उन्हें समझदार बनना होगा, वरना वह अमेरिका का अगला निशाना होंगे और मुझे उम्मीद है कि वह सुन रहे होंगे। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने अभी तक पेट्रो से बात करने पर विचार नहीं किया है उनके बारे में 'जयादा नहीं सोचा' है। इस सप्ताह की शुरुआत में पॉलिटिको को दिए गए एक साक्षात्कार में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि वह कोलंबिया और मेक्सिको के संदिग्ध ड्रग्स तस्करी करने वाले अपराधियों पर हमला करने की संभावना को खारिज नहीं करेंगे। हाल के महीनों में अमेरिका ने कैरिबियन में संदिग्ध ड्रग्स तस्करी में शामिल नावों पर हमले किए हैं। अमेरिका इसके लिए मुख्य रूप से वेनेजुएला पर ड्रग्स भेजने का दोष लगाता है। पेंटागन के प्रेस सचिव किग्सले विल्सन ने कहा कि अमेरिका ने संदिग्ध ड्रग्स तस्करी वाली नौकाओं पर कुल 21 हमले किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 82 लोगों की मौत हुई है।

# वेनेजुएला पर अमेरिका का मिलिट्री एक्शन

■ बीच समंदर में जहाज पर हथियारबंद कमांडो उतरे, पलभर में कब्जा किया, वेनेजुएला बोला: ये समुद्री डकैती

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने वेनेजुएला के तट के पास बीच समंदर में एक बहुत बड़े क्रूड आयल टैंकर को जब्त कर लिया। बुधवार को अमेरिकी अटार्नी जनरल पैम बान्डी ने सोशल मीडिया पर इस आपरेशन का 45 सेकेंड का वीडियो जारी किया।

वीडियो में दो सैन्य हेलीकॉप्टर समुद्र के ऊपर से तेजी से उड़ते हुए एक टैंकर को घेरते हैं। उनसे कई कमांडो रस्सियों के सहारे टैंकर के डेक पर उतरते हैं और कुछ ही मिनटों में टैंकर को अपने कब्जे में ले लेते हैं। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी इस जब्ती की पुष्टि की। दूसरी ओर, वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने इस कार्रवाई को समुद्री डकैती और खुलेआम चोरी करार देते हुए कड़ी निंदा की है। ट्रम्प ने कहा कि हमने वेनेजुएला के तट पर एक टैंकर जब्त कर लिया है, बहुत बड़ा टैंकर, शायद अब तक का सबसे बड़ा टैंकर। जब उनसे पूछा गया कि जहाज में भरे लाखों बैरल तेल का क्या होगा, तो ट्रम्प ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि हम रख लेंगे, मुझे ऐसा लगता है। अटार्नी जनरल बान्डी ने कहा कि यह जहाज कई सालों से अमेरिकी प्रतिबंधों की सूची में था क्योंकि यह वेनेजुएला और ईरान के प्रतिबंधित तेल को गैरकानूनी तरीके से ले जा रहा था। इस तेल की कमाई से विदेशी आतंकवादी संगठनों को मदद पहुंचाई जा रही थी। वहीं, तीन अमेरिकी अधिकारियों ने नाम न बताने की शर्त पर न्यूयार्क टाइम्स से बताया कि जहाज वेनेजुएला का तेल लेकर जा रहा था। मिलिट्री आपरेशन का जहाज के कर्मचारियों ने कोई विरोध नहीं किया और आपरेशन में किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। बान्डी ने बताया कि इस अभियान को एफबीआई, होमलैंड सिक्योरिटी इन्वेस्टिगेशंस और अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने मिलकर अंजाम दिया, जबकि सैन्य सहायता अमेरिकी रक्षा विभाग ने प्रदान की। बान्डी ने इसे पूरी तरह सुरक्षित और सफल आपरेशन बताया और कहा कि प्रतिबंधित तेल की तस्करी करने वाले छिपे हुए नेटवर्क को तोड़ने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# पाकिस्तान के पूर्व आईएसआई चीफ हमीद को 14 साल कैद



■ मिलिट्री कोर्ट ने चार आरोपों में दोषी ठहराया पूर्व पीएम इमरान खान के माने जाते हैं करीबी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक मिलिट्री कोर्ट ने पूर्व आईएसआई चीफ फैज हमीद को 14 साल कैद की सजा सुनाई है। उनके खिलाफ करीब 15 महीने तक कोर्ट मार्शल की कार्रवाई चली। फौज की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, फैज पर चार गंभीर आरोपों में मुकदमा चलाया गया।

उन पर राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने, आफिशियल सीक्रेट्स एक्ट का उल्लंघन कर देश के हितों को नुकसान पहुंचाने, सरकारी अधिकार और संसाधनों का दुरुपयोग करने और लोगों को नुकसान पहुंचाने के आरोप थे। सेना ने कहा कि कोर्ट ने सभी आरोपों में फैज को दोषी पाया है, हालांकि उन्हें फैसले के खिलाफ अपील करने का अधिकार भी दिया गया है। फैज को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का करीबी माना जाता है। फैज हमीद को पिछले साल 12 अगस्त को हाउसिंग घोटाला केस में आर्मी ने अरेस्ट किया था। उनके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ने कार्रवाई का आदेश दिया था, जिसके बाद उनका कोर्ट मार्शल शुरू किया गया।

## पाक के एफ-16 लड़ाकू विमान अपग्रेड करेगा

**इस्लामाबाद।** अमेरिका ने पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू विमानों को अपग्रेड करने के लिए 686 मिलियन डालर (लगभग 5,800 करोड़ रुपये) का प्रस्ताव संसद को भेजा है। 8 दिसम्बर 2025 को डिफेंस सिक्योरिटी कोआपरेशन एजेंसी (डीएससीए) ने संसद को एक नोटिफिकेशन भेजा है, जिसमें पाकिस्तान के एफ-16 अपग्रेड पैकेज (+686 मिलियन) को मंजूरी की घोषणा की गई है। यह प्रक्रिया आर्म्स एक्सपोर्ट कंट्रोल एक्ट के तहत होगी। अब अमेरिकी संसद के पास इसे रोकने या पास करने के लिए 30 दिन का समय है। इस पैकेज में 37 मिलियन डालर की मेजर डिफेंस इक्विपमेंट और बाकी 649 मिलियन डालर की साफ्टवेयर, हार्डवेयर और लाजिस्टिक सपोर्ट शामिल हैं।

# 'हनुमान' को झूठा देवता कहने वाले अमेरिकी उम्मीदवार फेल

■ प्राइमरी चुनाव में जगह बनाने में नाकाम रहे अलेक्जेंडर डंकन, कहा था: झूठी मूर्ति क्यों लगने दे रहे

**टेक्सास।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के नेता और टेक्सास सांसद उम्मीदवार अलेक्जेंडर डंकन का चुनावी सफर शुरू होने से पहले ही खत्म हो गया।

उन्हें प्राइमरी चुनाव में जगह बनाने के लिए जरूरी समर्थन नहीं मिल सका। अब टेक्सास में रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से प्राइमरी उम्मीदवार बनने के लिए 3 उम्मीदवार रेस में हैं। टेक्सास में 3 मार्च 2026 को प्राइमरी चुनाव होने हैं। डंकन सुर्खियों में तब आए थे जब उन्होंने सितम्बर में टेक्सास के शुगर लैंड स्थित अष्टलक्ष्मी मंदिर में लगी 90 फीट ऊंचे भगवान हनुमान को झूठे भगवान की झूठी प्रतिमाश कहा था। उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर लिखा था, टेक्सास में एक झूठे हिंदू देवता की झूठी मूर्ति को रखने की इजाजत क्यों दी जा रही है? हम ईसाई देश हैं! डंकन के इस बयान से हिंदू समुदाय में भारी आक्रोश फैल गया था। हजारों लोगों ने डंकन पर धार्मिक असहिष्णुता और हिंदू-विरोधी नफरत फैलाने का आरोप लगाया था। टेक्सास में भगवान हनुमान की 90 फीट ऊंची मूर्ति। इसकी स्थापना अगस्त 2024 में हुई थी। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने टेक्सास रिपब्लिकन पार्टी से डंकन के खिलाफ कार्रवाई करने और उन्हें पार्टी से निकालने की मांग की थी।

संगठन ने कहा कि डंकन का बयान पार्टी के खुद के भेदभाव-विरोधी नियमों का उल्लंघन है और यह हिंदूओं के लिए उनकी नफरत को दिखाता है। फाउंडेशन ने अमेरिकी संविधान के प्रथम संशोधन का हवाला देते हुए कहा कि किसी भी धर्म को मानने और उसकी पूजा की स्वतंत्रता हर अमेरिकी नागरिक को है।

## एक साल में दुनियाभर में 67 पत्रकार मारे गए: आरएसएफ रिपोर्ट

**पेरिस।** रिपोर्टर्स विदआउट बॉर्डर्स (आरएसएफ) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार साल 2025 में दुनिया भर में अपने काम के दौरान 67 पत्रकार मारे गए हैं। आरएसएफ ने अपने रिपोर्ट में कहा कि पत्रकार सिर्फ मरते नहीं है, मारे जाते हैं। पत्रकारों की हत्या की संख्या फिर से बढ़ गई है और इसका कारण नियमित और अर्धसैनिकों की आपराधिक गतिविधियां हैं। इस वर्ष 67 में से 53 पत्रकार युद्ध या आपराधिक समूह द्वारा मारे गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 12 महीनों में (एक दिसम्बर तक) मारे गए पत्रकारों में से लगभग आधे (43 प्रतिशत) को गाजा में इजरायली सशस्त्र बलों द्वारा मारा गया। इसके बाद सबसे अधिक पत्रकार (नौ) मैक्सिको में आपराधिक समूहों द्वारा मारे गए।

# ट्रम्प की विदेश नीति फेल हुई: अमेरिकी प्रतिनिधि

## अमेरिकी संसद में मोदी-पुतिन की कार वाली तस्वीर दिखाई

■ डेमोक्रेट सांसद बोलीं: यह फोटो हजार शब्दों के बराबर

**वाशिंगटन।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का भारत दौरा अमेरिका में भी चर्चा में बना हुआ है। एक अमेरिकी सांसद ने पीएम मोदी और पुतिन की सेल्फी वाली तस्वीर दिखाकर राष्ट्रपति ट्रम्प की विदेश नीति की आलोचना की। अमेरिकी प्रतिनिधि सिडनी कैमलेगर-डव ने मोदी-पुतिन की तस्वीर की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह पोस्टर हजार शब्दों के बराबर है।

इसके साथ ही उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भारत नीति की कड़ी आलोचना की। डव ने कहा कि ट्रम्प की भारत को लेकर नीतियां ऐसी हैं जैसे हम खुद को ही नुकसान पहुंचा रहे हों। दबाव डालकर साझेदारी करना महंगा साबित होता है। और यह पोस्टर इसका सबसे बड़ा सबूत है। अमेरिका की दबाव वाली नीति भारत को रूस के करीब धकेल रही है। दूसरी ओर ट्रम्प की पार्टी के एक सांसद बिल हुइजेंगा ने क्रास-बार्डर टेररिज्म पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने भारत के इस दावे का खुलकर समर्थन किया है कि पाकिस्तान में बैठे लश्कर-ए-तैयबा और उसका संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) पहलगाम हमले के पीछे थे। अमेरिकी सांसद सिडनी कैमलेगर-डव ने मोदी-पुतिन की कारपुलिंग वाली तस्वीर दिखाई। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 दिसम्बर को भारत आए थे। इस दौरान वे अपनी कार छोड़कर मोदी की गाड़ी में बैठ गए थे। सांसद डव ने ट्रम्प के उस दावे पर भी तंज कसा जिसमें ट्रम्प खुद को नोबेल शांति पुरस्कार का हकदार बताते रहे हैं और दावा करते हैं कि उन्होंने आठ युद्ध रुकवाए हैं, जिनमें भारत-पाकिस्तान भी शामिल है। डव ने कहा कि जब कोई देश अपने सबसे अहम रणनीतिक साझेदारों को ही विरोधियों की ओर धकेल दे, तो वह नोबेल शांति पुरस्कार का हकदार नहीं कहलाता। डव ने आगे कहा कि अमेरिका को अब बेहद तेजी से कदम उठाने होंगे, ताकि ट्रम्प प्रशासन की नीतियों से अमेरिका-भारत साझेदारी को जो नुकसान हुआ है, उसे जल्द से जल्द ठीक किया जा सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि दोनों देशों के बीच वह भरोसा और सहयोग फिर से बहाल करना जरूरी है, जो अमेरिका की समृद्धि, सुरक्षा और वैश्विक नेतृत्व के लिए अनिवार्य है। ये टिप्पणियां हाउस फारेन अफेयर्स सबकमेटी आन साउथ एंड सेंट्रल एशिया की उस सुनवाई के दौरान आईं, जिसका विषय था 'अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारीरू एक स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक की सुरक्षा'। अमेरिकी सांसद बिल हुइजेंगा ने कहा कि अमेरिका का भारत के साथ साझेदारी बेहद अहम है। उन्होंने याद दिलाया कि ट्रम्प प्रशासन ने इसी साल जुलाई में टीआरएफ को विदेशी आतंकी संगठन घोषित कर दिया था।

